3 राजधानी
ईडी ने दाखिल किए आरोप-पत्र

6 प्रादेशिकी
पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति कुर्क

9 राष्ट्रीय
जमात-ए-इस्लामी की संपत्ति की गई सील

10 विदेश
इजराइल में मुंबई हमले की बरसी मनाई गई

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 25
नई दिल्ली, रविवार, 27 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगी पीटी उषा
स्पोर्ट्स-12

# मौलिक कर्तव्यों का पालन होना चाहिए नागरिकों की पहली प्राथमिकता: मोदी

**संविधान दिवस**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ऐसे में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है जो तेजी से विकास और आर्थिक वृद्धि हासिल कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश अगले हफ्ते जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने वाला है और यह भारत के लिए दुनिया के समक्ष अपना योगदान पेश करने का एक बड़ा अवसर है। मोदी ने कहा, टीम इंडिया के रूप में, हमें विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए और दुनिया में देश के योगदान को उजागर करना चाहिए। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि लोकतंत्र की जननी के रूप में देश अपने प्राचीन आदर्शों और संविधान की भावना को मजबूत कर रहा है और जनहितकारी नीतियां देश के गरीबों और महिलाओं को सशक्त बना रही हैं। मोदी ने कहा, संविधान की प्रस्तावना के पहले तीन शब्द - वी द पीपल (हम लोग)- एक आह्वान, विश्वास और शपथ हैं। संविधान की यह भावना भारत की आत्मा है जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी है। आधुनिक समय में, संविधान ने ( शेष पेज 8 )



संविधान दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधान न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ और कानून मंत्री किरेन रीजीजू

## न्यायिक प्रणाली मजबूत करने को हर संभव प्रयास कर रही सरकार: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और न्यायपालिका के साथ उसके बहुत करीबी एवं सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। रीजीजू ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ दिन पहले उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम ( शेष पेज 8 )

## हर दिन संविधान के आदर्शों पर अमल करें : प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका और कार्यपालिका को स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के लोकतांत्रिक आदर्शों के अनुशीलन को सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालतें इन मूल्यों को अपने न्यायिक फैसलों में प्रमुखता देकर बरकरार ( शेष पेज 8 )

# ईडी ने की नोएडा के होटल की संपत्ति अटैच



प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● **मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यूनिटेक के खिलाफ कार्रवाई**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने प्रमुख रियल स्टेट कंपनी यूनिटेक और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई करते हुए उसके नोएडा के उच्च स्तरीय कमर्शियल सेंटर, गार्डेन्स गैलेरिया के होटल परियोजना (1,40,000 वर्ग फीट एफएसआई स्पेस) का 40 प्रतिशत हिस्सा अस्थायी रूप से अटैच कर दिया है।

बाजार भाव के अनुसार इस होटल की अटैच की गई 65.32 करोड़ रुपये की संपत्ति का स्वामित्व यूनिटेक की रैंचेरो सर्विसेज लिमिटेड, साइप्रस के पास था, जो यूनिटेक प्रमोटरों की एक बेनामी विदेशी कंपनी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी की एक जांच से पता चला है कि यूनिटेक समूह ने 2007-2008 में बेनामी कंपनी रैंचेरो सर्विसेज लिमिटेड, साइप्रस के माध्यम से यूनिटेक होटल्स प्राइवेट लिमिटेड में 8 मिलियन अमेरिकी डॉलर निवेश किया था, जिसे आर्थिक अपराध श्रेणी में माना गया।

ईडी ने अपने बयान में कहा कि जांच से पता चला है कि रैंचेरो सर्विसेज लिमिटेड, साइप्रस यूनिटेक प्रमोटर्स के स्वामित्व में है और उनकी ओर से इसे एक विदेशी ट्रस्ट के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान ईडी ने यूनिटेक के पांच प्रमोटरों/निदेशकों संजय चंद्रा, अजय चंद्रा, रमेश चंद्र, प्रीति चंद्रा और राजेश मलिक को गिरफ्तार किया था। अब तक, ईडी ने दो अभियोजन शिकायतें या चार्जशीट दायर की हैं और पीएमएलए अदालत ने उन पर संज्ञान लिया है। एजेंसी ने मौजूदा संपत्ति सहित 16 संपत्तियों की अंतिम कुर्की आदेशों के माध्यम से 1,132.55 करोड़ रुपये की घरेलू और विदेशी संपत्ति कुर्क की है।

अब तक अटैच की गई संपत्तियों में में कार्नौस्टी समूह, शिवालिक समूह, त्रिकार समूह की संपत्ति के अलावा छद्म, बेनामी और चंद्रा की निजी कंपनियों की संपत्तियां और अन्य शामिल हैं। यूनिटेक के खिलाफ अब तक कुल 6,500 करोड़ रुपये से अधिक के अपराध की आय का पता चला है। एजेंसी ने कहा कि आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

# भाजपा का समान नागरिक संहिता तथा कट्टरता रोधी प्रकोष्ठ का वादा

**गुजरात चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर

● **घोषणा पत्र में जबरन धर्मांतरण के लिए कठोर कारावास, शरणार्थियों के कल्याण एवं राज्य को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की बात कही**

**विधानसभा** चुनावों के लिए गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने तथा संभावित खतरों, भारत विरोधी ताकतों व आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए एक एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल (कट्टरता रोधी प्रकोष्ठ) बनाने का वादा किया गया है।

घोषणापत्र में मदरसों का सर्वेक्षण कराने और वक्फ बोर्ड की संपत्ति की जांच करने का भी वादा किया गया है। पार्टी के अन्य वादों में 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करना और अगले पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब (ट्रिलियन) अमरीकी डालर तक ले जाना शामिल है। इसके अलावा अगले पांच वर्षों में महिलाओं के लिए एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियों का सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घोषणापत्र का स्वागत करते हुए इसे गुजरात के विकास के लिए दूरदृष्टि करार दिया और कहा कि हम वर्षों से कड़ा श्रम कर रहे हैं और गुजरात के लिए लोगों के कल्याण की उन्नति के लिए काम करते रहेंगे।

पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य इकाई के प्रमुख सी. आर. पाटिल की मौजूदगी में घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में पार्टी ने लड़कियों के लिए केजी से पीजी (नर्सरी से स्नातकोत्तर) तक मुफ्त शिक्षा का भी वादा किया। पार्टी ने यह भी आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ( शेष पेज 8 )

# सीआरपीएफ जवान ने की दो सहयोगी जवानों की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** पोरबंदर

**गुजरात** में पोरबंदर के निकट एक गांव में शनिवार शाम किसी बात को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान ने अपने साथियों पर गोलीबारी की, जिसमें दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोरबंदर के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ए.एम. शर्मा ने कहा कि ए जवान मणिपुर की सीआरपीएफ बटालियन से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि इन जवानों को अगले महीने होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने यहां भेजा था। पोरबंदर जिले में पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ के जवान पोरबंदर से लगभग 25 किलोमीटर दूर तुकड़ा गोसा गांव के एक केंद्र में ठहरे हुए थे। शर्मा ने कहा, शनिवार शाम किसी बात को लेकर एक जवान ने अपने साथियों पर ( शेष पेज 8 )

# राहुल गांधी की यात्रा का भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के आरोपी पर मामला दर्ज



मप्र के खंडवा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में रायपुर पुलिस ने सोशल मीडिया में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में कथित रूप से छेड़छाड़ करके बनाया गया भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के मामले में भोपाल के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वीडियो में कथित तौर पर भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पाकिस्तान समर्थक नारा लगाते हुए दिखाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के एक कार्यकर्ता अंकित मिश्रा की शिकायत पर मध्यप्रदेश के भोपाल के निवासी लोकेंद्र पाराशर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पराशर पर आरोप है कि उसने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर सोशल मीडिया में भ्रामक वीडियो साझा ( शेष पेज 8 )

**श्रद्धा हत्याकांड**

# आफताब को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी की एक अदालत ने दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को शनिवार को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था, जोन दो) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि पुलिस ने पॉलीग्राफ टेस्ट में आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी को पेश करने के वास्ते कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले में दिल्ली पुलिस ने कहा कि डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड (डीएनए) मिलान के लिए श्रद्धा के पिता और भाई के रक्त के नमूने एकत्र किए गए हैं। डीएनए जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार, पूनावाला पोलीग्राफ जांच के अपने तीसरे सत्र के लिए शाम चार बजे यहां रोहिणी स्थित एफएसएल पहुंचा और साढ़े छह बजे के बाद लौटा। पूनावाला की चार दिन की पुलिस हिरासत शनिवार को खत्म हो गई। आरोपी ( शेष पेज 8 )

# दिग्गज चरित्र अभिनेता विक्रम गोखले नहीं रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे

**दिग्गज** अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गोखले 77 साल के थे और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बाद उन्हें यहां दो सप्ताह पहले दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने एक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद दुख हो रहा है कि प्रसिद्ध अभिनेता विक्रम गोखले का आज दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में निधन हो गया। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शनिवार को दिग्गज अभिनेता विक्रम गोखले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने लंबे करियर में निभाई गई कई दिलचस्प भूमिकाओं के लिए याद किया जाएगा। मोदी ने ट्वीट किया, विक्रम गोखले जी एक रचनात्मक और बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेता थे।



अपने लंबे अभिनय करियर में उन्हें कई दिलचस्प भूमिकाओं के लिए याद किया जाएगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

राजेश दामले नामक गोखले के एक पारिवारिक मित्र ने कहा, स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते उन्हें 15 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनका इलाज चल रहा था। आज अपराह्न एक बजकर 45 मिनट से दो बजे के बीच उन्होंने अंतिम सांस ली। बृहस्पतिवार को अभिनेता के परिवार ने बताया था कि उन पर इलाज का असर नहीं हो रहा है और उनकी हालत गंभीर है। सोशल मीडिया पर ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,294 | |
| निफ्टी | 18,513 | |
| सोना | 52,517 | /10g |
| चांदी | 61,387 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोमरा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि पोमरा और हल्लूरगांव के जंगल में नक्सलियों की संभागीय समिति के सदस्य मोहन कड़ती, सुमित्रा, माटवाड़ा, एलओएस कमांडर रमेश और लगभग 40 अन्य माओवादी मौजूद है। सूचना के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी), विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था।

# ओशनसैट उपग्रह कक्षा में स्थापित

● **इसरो ने आठ अन्य उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया, मिशन को अद्वितीय बताया**

**भाषा।** श्रीहरिकोटा

**भारत** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भरोसेमंद पीएसएलवी ने शनिवार को एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ओशनसैट) और आठ अन्य उपग्रहों को कई कक्षाओं में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। संस्थान ने मिशन को अद्वितीय करार दिया।

इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी54 ने शनिवार को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ओशनसैट) और आठ अन्य उपग्रहों को सफलतापूर्वक ध्रुवीय कक्षाओं (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) में पहुंचा दिया। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, पीएसएलवी-सी54ईओएस-06 मिशन पूरा हुआ। शेष उपग्रहों को भी उनकी लक्षित कक्षाओं में पहुंचा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इस उपलब्धि पर इसरो और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड को बधाई दी।



नौ उपग्रहों को लेकर जाता इसरो का राकेट पीएसएलवी

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, पीएसएलवी-सी54 मिशन की सफलता पर इसरो और एनएसआईएल को बधाई। ईओएस-06 उपग्रह हमारे समुद्री संसाधनों के इष्टतम उपयोग में मदद करेगा। यह पीएसएलवी की 56वीं उड़ान थी। इसरो का 2022 में यह पांचवां और अंतिम अभियान बताया जा रहा है।

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने मिशन को अद्वितीय बताते हुए कहा कि पहली बार वैज्ञानिकों ने कक्षाओं को बदलने के लिए पीएसएलवी रॉकेट में दो कक्षा परिवर्तन प्रक्षेपक (ओसीटी) का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, मैं शेष ( शेष पेज 8 )

# केरल छोड़कर जा रहे छोटे-बड़े कई उद्योग

● **नीति निर्धारकों की उदासीनता व ट्रेड यूनियनों की मनमानी के चलते कारोबार करना हुआ मुश्किल**

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि



प्रतीकात्मक चित्र

**केरल** में राजनीतिक उथल-पुथल और औद्योगिक उतार-चढ़ाव के कारण बड़े और छोटे दोनों तरह के उद्योग समूह राज्य से बाहर ठोर तलाश रहे हैं। जे राजमोहन पिल्लई के स्वामित्व वाला बीटा समूह राज्य को छोड़कर जाने वाले उद्यमियों की सूची में नवीनतम बड़ा नाम है।

यह समूह नट किंग जैसे पैकेज्ड खाद्य उत्पादों का उत्पादन करता है। वर्ष 2021 में भी एक दर्जन से अधिक प्रमुख इकाइयां राज्य से बाहर स्थानांतरित हो गई थीं। इनके प्रोपराइटरों ने उद्योगों के शटर गिरा दिए और तेल-संपन्न पश्चिम एशियाई देशों के लिए रवाना हो गए। स्वर्गीय के जनार्दन पिल्लई के परिवार से आने वाले बीटा समूह, जिसे भारत का काजू राजा कहा जाता है, ने लगभग 100 की संख्या में अपने सभी काजू प्रसंस्करण कारखानों को बंद कर दिया है। यह समूह भी पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी-बिसाऊ में जा रहा है। बीटा समूह के अध्यक्ष डॉ. राजमोहन पिल्लई ने बिसाऊ से टेलीफोन पर द पायनियर को बताया कि हम गिनी-बिसाऊ की सबसे बड़ी काजू प्रसंस्करण और निर्यात इकाई स्थापित करेंगे जो निकट भविष्य में ही कम से कम 2,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी।

बीटा समूह और गिनी-बिसाऊ सरकार के बीच हुए समझौते में यह शर्त रखी गई है कि समूह अगले पांच वर्षों में 100 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। अफ्रीकी देश में अपने कारोबार को स्थानांतरित करने का बीटा समूह का निर्णय ऐसे समय में आया है जब उद्यमी ट्रेड यूनियन नेताओं के रवैये से डरकर राज्य छोड़ रहे हैं। राज्य में ट्रेड यूनियन नेता अपनी मनमानी करते हैं। हालांकि डॉ. पिल्लई ने बताया कि बीटा समूह को स्थानांतरित करने का निर्णय प्रधानमंत्री नूनो गोम्स नंबम के नेतृत्व वाली गिनी-बिसाऊ सरकार के निमंत्रण के बाद लिया गया।

केरल के कॉर्पोरेट हस्तियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यहां निवेश और कारोबार विस्तार की दृष्टि से स्थितियां अनुकूल नहीं रह गई हैं। एक वरिष्ठ कॉर्पोरेट दिग्गज ने कहा कि जब ट्रेड यूनियन के नेतायह तय करने लगें कि कौन श्रमिक काम पर रखा जाएगा और कौन नहीं तो यह अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां काम करना कितना मुश्किल है। ऑटोमेशन सिस्टम शुरू करने में ट्रेड यूनियनों के प्रतिरोध के बाद दो लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली काजू प्रसंस्करण इकाइयां बंद हो गई हैं। डॉ. पिल्लई ने कहा कि इस क्षेत्र से कोई सार्थक ( शेष पेज 8 )

# नोएडा-गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक जारी लिफ्ट में बहनों पर झपटा, बच्ची को काटा

● कुत्ते के मालिक पड़ोसी ने दी परिवार को धमकी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-168 स्थित द गोल्डन पाम सोसाइटी की लिफ्ट में पालतू कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर दिया। इस घटना से बच्ची काफी सहम गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि सोसाइटियों की लिफ्ट में पालतू कुत्तों के ले जाने पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

सोशल मीडिया पर सेक्टर-168 की एक सोसाइटी की लिफ्ट का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लिफ्ट में दो बच्चियां दिख रही है। इस दौरान एक महिला अपने पालतू कुत्ते को लेकर लिफ्ट में प्रवेश करती हैं। लिफ्ट में कुत्ते को आता देखकर दोनों बच्चियां पीछे हट जाती हैं। लिफ्ट में प्रवेश करते ही कुत्ता अचानक एक बच्ची पर झपट पड़ता है। कुत्ते के अचानक हमले से दोनों बच्चियां सहम गई। इसके बाद कुत्ते की मालकिन ने लिफ्ट को रोक कर दोनों बच्चियों को बाहर निकाल दिया। पालतू व स्ट्रीट डॉग्स द्वारा बच्चों व लोगों पर हमला करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी शहर में कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। गत दिनों नोएडा शहर की एक सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग के हमले में 8 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी। बच्ची की मौत के बाद सोसायटी वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। वहीं गाजियाबदा के मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र में रहने वाले इंद्रेश की 10 वर्षीय बच्ची वंशिका को पड़ोसी के कुत्ते ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के बाद पड़ोसियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दे दी। वंशिका के पिता इंद्रेश ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कुत्ते के मालिक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।

इंद्रेश ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को पड़ोसी के बच्चे सड़क और पार्क में कुत्ता घुमा रहे थे। इसी बीच वंशिका पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची नीचे गिर गई और उसके हाथ और चेस्ट पर काटते हुए कुत्ते ने घाव कर दिए। घायलावस्था में वंशिका को संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बिना उपचार किए बच्ची को जीटीबी दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

शनिवार को बच्ची को लेकर इंद्रेश फिर संयुक्त अस्पताल पहुंचे और बड़ी मुश्किल से एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। वंशिका को एंटी रेबीज सीरम लगवाने के लिए स्वजन जीटीबी दिल्ली चले गए हैं। पता चला है कि रात को किसी भी सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने का इंतजाम नहीं है। बता दें कि गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक बरकरार है। इससे पहले भी कुत्तों के आतंक की कई तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है। कुछ ही दिनों पहले गाजियाबाद के क्रासिंग रिपब्लिक की पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी में कुत्तों ने एक महिला और उनके बच्चे पर हमला बोल दिया था।



गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा थाना दिवस के अवसर पर थाना सेक्टर-20 नोएडा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साइबर सेल, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कवरेज एवं आईजीआरएस का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# 350 करोड़ की लागत में चमकेगा गाजियाबाद का रेलवे स्टेशन

● रेलवे ने जारी की स्टेशन की मॉडल तस्वीर



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद का पुराना रेलवे स्टेशन अब एयरपोर्ट की तरह चमकेगा। इस पर करीब साढ़े 350 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

रेल मंत्रालय ने शनिवार को नए रेलवे स्टेशन के मॉडल की तस्वीर जारी की हैं। इन तस्वीरों में गाजियाबाद का पुराना रेलवे स्टेशन एकदम एयरपोर्ट की तरह चमचमाता दिखाई दे रहा है। नए रेलवे स्टेशन की प्रशासनिक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। रिजर्वेशन काउंटर, टिकट काउंटर, पूछताछ केंद्र, वेटिंग हॉल एकदम नए डिजाइन में अपग्रेड किए जाएंगे। महिला और पुरुष के लिए अलग.अलग डोरमेट्री रूम होंगे। नवजात बच्चों के लिए भी अलग कमरों की व्यवस्था रहेगी। स्टेशन से एग्जिट के लिए एक फुट ओवरब्रिज बनेगा, जो पहले से बने धोबी घाट आरओबी से कनेक्ट होगा। नए फुट ओवरब्रिज इस तरह के बनाए जाएंगे, जिससे यात्री लॉन्ज से सीधे प्लेटफॉर्म पर उतर-चढ़ सकें। इसके अलावा ऐस्केलेटर और लिफ्ट की व्यवस्था होगी।

पूरे रेलवे स्टेशन पर वाई.फाई रहेगा। दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर मिलेगी। ब्रांडेड कंपनियों का फूड कोर्ट होगा। वर्तमान में गाजियाबाद के पुराने रेलवे स्टेशन पर 6 प्लेटफॉर्म हैं। यहां से रोजाना करीब 400 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं।

इसमें करीब 200 ट्रेनें इसी स्टेशन पर रुक कर जाती हैं। केंद्र सरकार से रकम आवंटित हो चुकी है। माना जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो सकता है।

# इको ग्रीन बिल्डटेक को स्ट्रेस फंड से मिली आर्थिक सहायता, 41 करोड़ की राशि जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो वेस्ट स्थित रिहायशी प्रोजेक्ट ईको ग्रीन बिल्डटेक को भारत सरकार की तरफ से बने स्वामी फंड स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड इनकम हाउसिंग से आर्थिक सहायता की पहली किस्त प्राप्त हो गई है।

स्वामी फंड से वित्तीय सहायता पाने वाला ईको ग्रीन ग्रेटर नोएडा का तीसरा प्रोजेक्ट है। इस रकम में से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बकाया प्रीमियम धनराशि करीब 74 करोड़ रुपये में से पहली किस्त करीब 41 करोड़ रुपये भी प्राप्त हो गए हैं। स्ट्रेस फंड से इस प्रोजेक्ट के 1000 फ्लैट खरीदारों के लिए अपना आशियाना जल्द मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे पहले कैपिटल एथेना व पंचशील ग्रींस टू प्रोजेक्ट को एसबीआई कैप से आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है।

दरअसल, फ्लैट खरीदारों को आशियाना दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने स्वामी फंड बनाया। अधूरे रिहायशी प्रोजेक्टों को वित्तीय सहायता देने की जिम्मेदारी एसबीआई कैपिटल को दी गई। अटके प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए स्ट्रेस फंड दिलाने में प्राधिकरण की तरफ से भी हर संभव सहयोग किया जा रहा है। स्वामी फंड से मदद पाने के लिए कई बिल्डरों ने आवेदन किए। स्ट्रेस फंड से मदद पाने वाला कैपिटल एथेना ग्रेटर नोएडा का पहला प्रोजेक्ट बना। इसके बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ही पंचशील हाइनिस टू को आर्थिक सहयता मिली। अब सेक्टर 10 स्थित ईको ग्रीन बिल्डटेक के जीएच.02बी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त हो गई है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने और प्राधिकरण का बकाया देने के लिए 207 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं, जिसकी पहली किस्त अब जारी हुई है। कुल बकाया धनराशि 74 करोड़ रुपये में से पहली किस्त के रूप में 41 करोड़ रुपये ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी प्राप्त हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस ने गांव सरफबाद सेक्टर-73 में शिक्षकों व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय में एवं यातायात नियमों, संकेतों के प्रति जागरूक किया।

### भोजपुर में हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी

**गाजियाबाद।** एसपी देहात डॉ इरज राजा की टीम ने भोजपुर थाने के एसएचओ ब्रजकिशोर गौतम की टीम की मदद से भोजपुर के जंगल में अवैध रूप से संचालित की जा रही तमंचे, बदूंक व पिस्टल बनाने की अस्लाह फैक्ट्री का भांडाफोड़ करके संचालक सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार डॉ राजा को सूचना मिली थी कि भोजपुर के जंगल में स्थित एक इमारत में अस्लाह फैक्ट्री संचालित की जा रही है। इस सूचना के मिलते ही उनकी टीम ने हथियारों के सौदागरों को दबोचने के लिये जाल बिछा दिया। बीती रात उनकी टीम ने भोजुपर थाना पुलिस के साथ मिलकर बताये गये स्थान पर छापा मारकर अस्ला फैक्ट्री के संचालक आर्यन त्यागी व गुड्डू समेत चार हथियारों के सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से बने व अधबने दर्जनों तमंचे, अदधे और कारतूसों की खेप के अलावा उन्हें बनाने वाले उपकरण, नॉमल, बट, स्प्रिंग, ट्रिगर और मशीनें बरामद कर लीं। पूछताछ के दौरान हथियारों के सौदागरों ने बताया कि वे दिल्ली एनसीआर, यूपी, बिहार व हरियाणा सहित कई सूबों में हथियारों की सप्लाई करते थे। वे एक तमंचा 3000 से लेकर 7.8 हजार तक बेचते थे।

### इलेक्ट्रिकल की दुकान में चोरी करने वाला दबोचा

**नोएडा।** कुलेसरा गांव में इलेक्ट्रिकल की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के एक आरोपी को थाना ईकोटेक.3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से दुकान से चोरी किए गए दो गीजर व इलेक्ट्रिक मीटर बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गत दिनों कुलेसरा में दुकान चलाने वाले कृष्ण कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके दुकान से गीजर, मीटर व अन्य सामान चोरी हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रेम पुत्र राजेंद्र निवासी मीरपुर अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से दुकान से चोरी किए गए दो गीजर, इलेक्ट्रिक मीटर बरामद हुए हैं। आरोपी ने चोरी की कई अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया है।

### स्वच्छता मुहिम: सेक्टरों के बीच भी होगी प्रतियोगिता

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईसी रितू माहेश्वरी की पहल पर शुरू हुआ सफाईगिरी अभियान इस शनिवार सेक्टर 37 पहुंचा। इसमें शिरकत करते हुए प्राधिकरण की एसीईओ अपर्णा शर्मा ने सेक्टरों के बीच भी अब स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित करने का ऐलान किया। उन्होंने सेक्टरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की। प्रेरणा शर्मा ने कहा कि 10 साल पहले और आज के समय में बहुत बदलाव आ गया है। अब सफाई बहुत ही महत्वपूर्ण हो चुकी है। स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण प्रयत्नशील हैं। ग्रीन बेल्ट, गार्डन आदि को संरक्षित व मेनटेन रखना बहुत ही आवश्यक है, जिससे कि पर्यावरण ठीक रहे। एसीईओं ने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम चल रहा है। सभी निवासी इसमें सहयोग करें। अपने घरों के सूखे व गीले कूड़े को अलग करें। एसीईओं ने कहा कि स्वच्छता की मुहिम को और आगे ले जाने के लिए सेक्टरों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें अव्वल आने वाले सेक्टरों और सोसाइटियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर सेक्टर 37 की आरडब्ल्यूए ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा।

# प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

● लाखों का माल जलकर राख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ईकोटेक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात लगभग साढ़े बारह बजे आग लग गई। आग पर काबू पाने में फायर विभाग के 12 वाहनों को दस घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

लगभग 60 गाड़ी पानी से आग बुझाई गई। आग के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। भीषण आग से फैक्ट्री में रखा अधिकतर माल जलकर राख हो गया। जांच में मिला कि फैक्ट्री में आग बुझाने के उपकरण सही नहीं थे और पानी की व्यवस्था नहीं थी। विभाग के कर्मचारियों ने शनिवार सुबह लगभग दस बजे तक आग पर काबू पाया। आग के कारण लगभग एक करोड़ रुपये तक के नुकसान की संभावना व्यक्त की जा रही है। ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र के भूखंड नंबर 348 में अजय जैन की एक फैक्ट्री है।



फैक्ट्री में प्लास्टिक के दाने से प्लास्टिक की चादर बनाने का काम किया जाता है। फैक्ट्री में रात-दिन काम चलता है, 40 कर्मचारी काम करते हैं। शुक्रवार रात लगभग साढ़े बारह बजे मोटर में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना फायर विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। भीषण आग को देखते हुए विभिन्न फायर स्टेशन से अन्य गाड़ियां भी बुलाई गई। कुछ देर में ही 12 गाड़ियां पहुंच गई।

फैक्ट्री में पानी की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में फायर वाहनों ने पास की एसेंट पेंट व अन्य फैक्ट्रियों से पानी लिया। पूरी फैक्ट्री में प्लास्टिक का माल फैला हुआ था, कुछ ही देर में आग ने अधिकतर माल को अपनी गिरफ्त में लिया। आग की लपटें इतनी अधिक थी आस.पास की दूसरे फैक्ट्रियों में भी आग फैलने का खतरा पैदा हो गया। बगल की फैक्ट्रियों में आग न फैले इसे देखते हुए अन्य फैक्ट्री वालों को सचेत किया गया।

# धधकती भट्टी में गिरकर मैनेजर की मौत, धक्का देने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हापुड़ जिले में लोहा गलाने की फैक्ट्री में भट्टी में गिरकर मैनेजर अनुराग त्यागी की दर्दनाक मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि किसी विवाद के बाद फैक्ट्री मालिक आसिफ अली ने अनुराग को धधक रही भट्टी में धक्का दे दिया। जबकि फैक्ट्री मालिक सुसाइड की बात कह रहा है। जिस भट्ठी में ये घटना हुई है, उसका टेम्परेचर करीब 1600 डिग्री के आस-पास था। भट्ठी की आग को शांत होने में करीब 3 दिन का समय लग सकता है। घटना की सूचना मिलने पर फैक्ट्री में पहुंची पुलिस ने फुटेज चेक किए। फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई। पुलिस ने पूरा परिसर 3 दिन के लिए सील कर दिया है। अनुराग त्यागी मूल रूप से मेरठ में किला परीक्षितगढ़ के रहने वाले थे। फिलहाल वो परिवार सहित गाजियाबाद के सिहानी में रहते थे।

अनुराग हापुड़ जिले के धौलाना औद्योगिक क्षेत्र की लोहा गलाने की फैक्ट्री में बतौर मैनेजर जॉब करते थे। ये फैक्ट्री बागपत जिले में खेकड़ा निवासी आसिफअली की है।

# फैक्ट्री में बदमाशों ने डाली लाखों की डकैती

● कर्मचारी निकला मास्टमाइंड, 7 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर थाने की एसएचओ अनिता चौहान की टीम ने क्राइम ब्रांच की मदद्ध से कल रात जीटी रोड इंडस्ट्रीयल साइट में सी.1 प्लॉट पर स्थित गुप्ता मेटल वर्क्स में पड़ी लगभग 45 लाख की डकैती का खुलासा मात्र 24 घंटे के अंदर कर दिया। इस खुलासे के दौरान पुलिस ने डकैती के मास्टरमाइंड पप्पू समेत आधा दर्जन से अधिक डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लूटा गया अधिकांश माल व हथियार समेत अन्य सामान बरामद कर लिया।

बदमाश दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसे थे और गार्ड व कर्मचारी को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर उनके हाथ-पैर बांधकर खाट पर डाल दिया। शोर मचाने पर बदमाशों ने दोनों को गोली मारने की धमकी दी। डकैती की सूचना पर आइजी मेरठ रेंज प्रवीण कुमार व एसएसपी मुनिराज जी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बदमाशों की तलाश में पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है।

दिल्ली के आइपी एक्सटेंशन के अनूप गुप्ता की साउथ साइट औद्योगिक क्षेत्र में गुप्ता मेटल वर्क्स नाम से फैक्ट्री है। इसमें आठ कर्मचारी काम करते हैं। पिछले करीब 12 दिन से फैक्ट्री में भट्टियों की रिपेयरिंग का काम चल रहा है।

# मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश पकड़ा गया

**नोएडा।** नोएडा के एक्सप्रेस-वे थानाक्षेत्र में पुलिस ने बीती रात को मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब एक बजे वाजिदपुर टी-प्वाइंट के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी एक काली रंग की मोटरसाइकिल से आ रहे दो व्यक्तियों को शक होने पर उसने (पुलिस ने) रुकने का इशारा किया, लेकिन वे वहां से भागने लगे।

द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने पीछा कर किया, जिसपर बदमाशों ने उसपर गोली चला दी। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश बादल के पैर में लगी है जबकि उसका दूसरा साथी चिराग मौके से भाग गया।

उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पास से पुलिस ने देशी तमंचा, मोटरसाइकिल, कारतूस आदि बरामद किए हैं। उनके अनुसार बादल पर लूट, चोरी, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में 11 मामले दर्ज हैं।



मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी। इनसेट में घायल बदमाश

# दिल्ली से रोड, रेल और मेट्रो से जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

● ग्रेनो से नोएडा तक होगा मेट्रो का विस्तार, एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाने का भी प्रस्ताव



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने एवं ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है।

इन माध्यम के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे इस कदम को लेकर लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। मेट्रो लाइन को ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक विस्तारित किया जाएगा।

वहीं, दिल्ली से हाई स्पीड रेल लिंक के लिए डीपीआर भी अफ्रूवल स्टेज पर है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है, जिससे महज 21 मिनट में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के नार्थ और ईस्ट एरिया को रोड कनेक्टिविटी भी प्रदान की जा रही है। जेवर में बन रहे इस एयरपोर्ट को 4 चरण में पूरा किया जाना है।

इन 4 चरणों मे 1334 हेक्टेयर पर एयरपोर्ट का विकास होगा। इसमें 2 रनवे बनाए जाने का प्रस्ताव है। पहले चरण का काम 2024 में पूरा होने की संभावना है। पहले चरण की प्रस्तावित लागत 5730 करोड़ रुपए है। मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा एयरपोर्ट की प्रोग्रेस रिपोर्ट को साझा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा।

यीडा और डीएमआरसी ने डीपीआर और फीजिबिलिटी रिपोर्ट अगस्त 2022 में ही तैयार कर ली है। ग्रेटर नोएडा से एयरपोर्ट तक ट्रैफिक रिपोर्ट का अपडेट भी 16 जून को अप्रूवल को भेजा जा चुका है। वहीं, यहां रेलवे नेटवर्क बिछाए जाने की भी तैयारी जोरों से हो रही है।

प्रदेश सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रही है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा।

# पंचशील ग्रीन 1 में बिल्डर ने रुकवाया मंदिर का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा पंचशील ग्रीन 1 में रहने वाले लोगों द्वारा एक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन आरोप है कि सोसाइटी के बिल्डर ने मंदिर के निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। बिल्डर की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन सोसाइटी में शनिवार को मंदिर निर्माण के लिए पूजा अर्चना निवासी एकजुट होकर कर रहे थे। परिसर में मंदिर न होने की वजह से काफी लंबे समय से मंदिर निर्माण के लिए मांग की जा रही थी। शनिवार को लोग मंदिर के निर्माण के लिए पूजा कर रहे थे। आरोप है कि बिल्डर के द्वारा पुलिस बुलाकर पूजा को रोकने व मंदिर न बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। बिल्डर इस एरिया में पार्किंग बता रहा हैए जबकि ये ग्रीन एरिया है। सोसाइटी के निवासी मयंक प्रताप सिंह व एओए अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि परिसर में करीब 1000 से अधिक परिवार रह रहे हैं सोसाइटी में निवासियों के पूजा अर्चना के लिए मंदिर के निर्माण को लेकर पिछले 2 से 3 साल से बिल्डर से लगातार बात की जा रही थी।

इस मामले पर कई बार मीटिंग हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला था। पूजा अर्चना के लिए 200 से 300 मीटर दूर दूसरी सोसाइटी के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लोग जानते को मजबूर थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सत्येंद्र के एक और वीडियो से मचा राजनीतिक घमासान

## सितंबर की इस क्लिप में जेल कोठरी में जैन से मुलाकात करते दिख रहे तत्कालीन अधीक्षक अजीत कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



धन शोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन के सामने आए उन वीडियो को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है जिनमें वह कथित तौर पर अपनी कोठरी में मालिश समेत अन्य विशेष सुविधाओं का लाभ उठाते हुए दिख रहे हैं।

अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है जेल की कोठरी में जैन से मिलने तत्कालीन जेल अधीक्षक अजीत कुमार आए थे, जिन्हें कई गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किया जा चुका है।

यह सीसीटीवी फुटेज 12 सितंबर का बताया जा रहा है। जैन ने यहां की एक अदालत से अपने कक्ष के सीसीटीवी कैमरा फुटेज मीडिया को लीक किए जाने पर रोक लगाने का आग्रह किया है। आम आदमी पार्टी के नेता जैन का जेल अधीक्षक से मुलाकात का कथित वीडियो कुछ भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज साझा करते हुए ट्वीट किया, ईमानदार मंत्री जैन का यह नया वीडियो देखिए। जेल अधीक्षक की रात 8 बजे जेल मंत्री की अदालत में हाजिरी। इस महीने की शुरुआत में, तिहाड़ जेल के एक अधीक्षक को जैन को विशेष सुविधा प्रदान करने में कथित संलिप्तता के लिए निलंबित कर दिया गया था।

सूत्रों ने कहा था कि निलंबित अधिकारी अजित कुमार जेल परिसर में जेल नंबर 7 के अधीक्षक थे। जैन को पहले के कथित वीडियो में अपने कक्ष में पीठ और पैरों की मालिश कराते, कुछ दस्तावेज पढ़ते और बिस्तर पर लेटकर आगंतुकों से बात करते देखा गया था। पानी की बोतलें (मिनरल वाटर) और एक रिमोट भी रखा हुआ देखा गया था। एक वीडियो में वह एक कुर्सी पर बैठकर सिर की मालिश कराते नजर आए थे। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि वह (जैन) बलात्कार के एक आरोपी से मालिश करवा रहे थे। भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया था कि जैन को जेल के अंदर नियम विरुद्ध सुविधाएं मिल रही हैं। आप ने पहले कहा था कि भाजपा चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है क्योंकि उसके पास बात करने के लिए कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है। वीडियो को लेकर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि जैन जेल में फिजियोथेरेपी करवा रहे थे। जैन के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जांच कर रहे ईडी ने एक अदालत में दावा किया था कि उन्हें तिहाड़ जेल के अंदर विशेष सुविधा मिल रही है। उसने साथ ही, दावे की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज भी पेश किया था।

# जेल में बेहतर खाना दिए जाने की याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अन्य कैदियों की तरह मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति है : अदालत

धन शोधन मामले में तिहाड़ में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को ड्राई फ्रूट्स और फल नहीं मिलेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट से शनिवार को जैन की उस याचिका को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने खाने में ड्राई फ्रूट्स व फलों को भी शामिल करने की गुहार लगाई थी।

दरअसल, सत्येंद्र जैन ने याचिका में धार्मिक उपवास के अनुसार जेल में खाना उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसका फैसला शुक्रवार को ही आना था, लेकिन किन्हीं कारणों के चलते अदालत ने फैसला शनिवार को सुनाया। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने आवेदन को खारिज करते हुए जेल प्रशासन की इस दलील को ध्यान में रखते हुए दिया कि किसी भी कैदी को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जाती है और जैन को अन्य कैदियों की तरह कानून के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति दी जाती है। याचिका में जेल अधिकारियों को तुरंत मंत्री की चिकित्सा जांच कराने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

जेल प्रशासन ने हालांकि याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जैन को अन्य कैदियों की तरह कानून के तहत सभी सुविधाओं का लाभ उठाने की अनुमति दी गई थी। जैन को वर्ष 2017 में उनके खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# केजरीवाल बोले- हम कट्टर ईमानदार भाजपा ने बताया राजनीतिक मोतियाबिंद



- सारी एजेंसियां हमारे पीछे, नहीं मिला एक पैसे का घोटाला: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव को लेकर दिल्ली राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। इसी बीच आम आदमी पार्टी ने शनिवार को अपना 10वां स्थापना दिवस भी मनाया है।

साथ ही अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले के मुद्दे को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा है और खुद को कट्टर इमानदार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से एक बार फिर उन्हें ईमानदारी का सर्टिफिकेट मिला है कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है।

कथित शराब घोटाले में सीबीआई की चार्जशीट में मनीष सिसोदिया का नाम नहीं है। एक तरह से सीबीआई ने उनको क्लीन चीट दे दी है। आज वह गर्व से पूरे देश के सामने कह सकते हैं कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और हमारी पार्टी कट्टर ईमानदार है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कैंप कार्यालय में कथित शराब घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट को लेकर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्ष 2015 से सारी एजेंसियां हमारी जांच कर रही हैं, लेकिन आज तक 25 पैसे की भी कहीं गड़बड़ी नहीं मिली।

प्रधानमंत्री इस केस की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी कर रहे थे और सीबीआई-ईडी को निर्देश दिए थे कि कुछ भी करो, लेकिन मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करो। मनीष सिसोदिया के सारे ठिकानों पर रेड मारी गई। बैंक लॉकर देखा गया और सारे रिश्तेदारों की जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं निकला।

उनका पीएम से निवेदन है कि आप 18 में से दो घंटे ही देश के लिए काम कर लें, तो महंगाई-बेरोजगारी से त्रस्त देश की जनता को थोड़ी राहत मिल जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि शुक्रवार को सीबीआई ने कथित शराब घोटाले में चार्जशीट फाइल की है। उस चार्जशीट में मनीष सिसोदिया जी का नाम नहीं है। एक तरह से सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को क्लीन चीट दे दी। सीबीआई और ईडी के लगभग 800 अधिकारी पिछले चार महीने से इस केस पर काम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि सीबीआई के बाद अब ईडी ने भी मनीष को क्लीन चिट दी है। शिक्षा क्रांति से दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले मनीष को झूठे केस में फंसाने के लिए भाजपा को देश से माफी माँगनी चाहिए। सीएम ने कहा कि यह उनके लिए बेहद गर्व की बात है कि तमाम साजिशें के बाद भी उनके ऊपर कोई आरोप नहीं लगा पा रहे हैं। सीबीआई और ईडी की चार्जशीट ने साबित कर दिया कि कोई शराब घोटाला नहीं हुआ।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक मोतियाबिंद हुआ है।

इसलिए उन्हें ना जनता का रूझान दिख रहा है और ना जनता की आवाज सुनाई दे रही है। भाटिया ने कहा कि पहले आईएसआई मार्क की जगह केजरीवाल के. एसआईमार्क लेकर खुद को गारंटी दे रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार व झूठ से दिल्ली बेहाल : अनुराग

- बोले केंद्रीय मंत्री- जीत की तैयारी, एमसीडी में फिर भाजपा की बारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार और झूठे दावों से दिल्ली बेहाल है, यह आरोप केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग ठाकुर ने लगाया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली एमसीडी चुनावों में आज भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वार्ड संख्या 70 शास्त्री नगर, 69 कमला नगर व 141 राजेंद्र नगर में मेगा रोड शो, सभाओं व जनसंपर्कों के माध्यम से प्रचार किया।

इस अवसर पर उन्होंले एमसीडी चुनाव एक बार भाजपा के जीत दावा किया। ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में भ्रष्टाचार व झूठे दावों का ऐसा मॉडल दिया है जिससे हर दिल्लीवासी दुखी है। इतनी बेशर्मी से काम करने वाली सरकार हमने पहली बार देखी। जिस सरकार का स्वास्थ्य मंत्री जेल में मसाज के मज़े ले रहा हो और फिर भी इस्तीफा ना दे रहा हो, तो इससे पता लगता है कि ये भ्रष्ट तो हैं ही, बेशर्म भी हैं। दिल्ली के लोग जिस तरह से प्रदूषण से मुक्ति चाहते हैं ठीक उसी प्रकार इनसे भी मुक्ति पाना चाहते हैं।

ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में पार्कों का विस्तार किया, सभी मे ओपन जिम लगवाये। दिल्ली के विकास हेतु जो भी कार्य कार्यक्षेत्र में विकास करवाया। भाजपा ने दिल्ली में अनाधिकृत कॉलोनी के 60 लाख लोगों को अधिकृत कराया।

## संवैधानिक पद का मजाक बनाया : प्रवेश



भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल और उसके मंत्री संवैधानिक पद पर बैठकर उसका मज़ाक उड़ा रहे हैं। वर्मा ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कोई मंत्री पिछले छह महीनों से जेल में हो, कोर्ट जमानत खारीज कर दे लेकिन उसका इस्तीफा अभी तक नहीं लिया गया। वायरल वीडियों पर केजरीवाल सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि जेल के अंदर चौपाल चलाना, जेल सुप्रिडेंटड के साथ मीटिंग हो रही है और जेल के अंदर उनके थेरेपिस्ट एक रेपिस्ट है। आखिर यह सब किस जेल मैन्यूल में लिखा है।

## भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान

*भाजपा के प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि रविवार को भाजपा के एक लाख कार्यकर्ता हर बूथ में घर-घर जाएंगे और सभी को निगम की और केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों की जानकारी देते हुए पत्रक देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कल प्रत्येक मतदाता तक महा जनसंपर्क अभियान चलाएगी जो सुबह आठ बजे से ही शुरु होकर रात आठ बजे तक खत्म होगी। मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में होने वाले जनसंपर्क अभियान में भाजपा के लगभग 100 से अधिक सांसद एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भी विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान करेंगे।*

*उन्होंने कहा कि इस जनसंपर्क अभियान में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।*



## दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भाजपा को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने दिल्ली नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, भाजपा सिख नेता सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अन्य सिख नेताओं के साथ एक बैठक के बाद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि हम सभी ने एक साथ बैठकर तय किया है कि हम सब एक तरफा भाजपा को विजय बनाने के लिए काम करेंगे। इस मौके पर सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव बब्बर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री हरीश खुराना उपस्थित थे।

कालका ने कहा हम भाजपा को जीत दिलाएं। हमें बहुत बड़ा सहयोग भाजपा की ओर से हमेशा मिलता है। चाहे वो श्री करतार पुर साहिब का कॉरिडोर खुलवाया, हर सिख की चाह थी कि किसी तरह गुरुद्वारा साहिब के दर्शन किए जाएं। सिखों की ये आस भी प्रधानमंत्री ने पूरी कराई है। कालका ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हमारे सिख भाईयों पर संकट आया था, तब भी भाजपा ने ही तुरंत सीएए के जरिए अफगानिस्तान से आए हमारे सिख भाइयों को राहत पहुंचाई।

# न्यायिक हिरासत में भेजे गए कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- एसआई से दुर्व्यवहार के आरोप मे किया गया था गिरफ्तार

दक्षिण दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में एक सब इंस्पेक्टर के साथ गाली गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है।

आरोपित की पहचान कांग्रेस से दिल्ली नगर निगम पार्षद प्रत्याशी आरिबा खान के पिता पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान के रूप में हुई है। इस मामले में आसिफ मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को न्यायालय में पेशी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पीड़ित एसआइ अक्षय की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ शाहीन बाग थाने में मामला दर्ज किया गया था। शाहीन बाग इलाके में एसआइ अक्षय के साथ गाली गलौज और हाथापाई करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस विधायक आसिफ मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि आसिफ मोहम्मद खान इलाके में एक मस्जिद के पास समर्थकों के साथ मौजूद थे। वह में लाउड स्पीकर जरिये समर्थकों को संबोधित कर रहे थे।

## 193 लोगों से ठगी, दो वकील गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आकर्षक रिटर्न का झांसा देकर 193 लोगों से करोड़ों रुपये ठगी करने वाले दो वकील दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पीड़ितों को आरोपियों ने प्रगति ग्रीन एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड नामक कंपनी की योजना में निवेश करने का लालच दिया था। बेहतर रिटर्न मिलने की उम्मीद में लोगों ने करोड़ों रुपये निवेश कर डाले लेकिन बाद यह पोंजी स्कीम निकली। पुलिस उपायुक्त जितेंद्र कुमार मीणा के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम के डी शुक्ला व अनुराग पांडेय है। पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन्होंने कितने पैसे ठगे।

# आबकारी नीति: ईडी ने दाखिल की आरोप-पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- ईडी ने आरोप पत्र में शराब व्यवसाई समीर महेंद्रू को एक आरोपी के रूप मे नामजद किया गया

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को आबकारी नीति धनशोधन मामले में यहां की अदालत में अपना पहला आरोप पत्र दाखिल किया जिसमें शराब व्यवसाई समीर महेंद्रू को एक आरोपी के रूप में नामजद किया गया था।

इसके अलावा इंडोस्पिरिट्स के प्रवर्तक महेंद्रू के अलावा, अभियोजन की शिकायत में दो अन्य व्यक्तियों को भी सूचीबद्ध किया गया है। यह आरोप पत्र लगभग 3,000 पृष्ठों का है जिसमें आरोपियों के बयान और अनुलग्नक शामिल हैं। इसमें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराएं लगाई गई हैं। प्रर्वतन निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस मामले में अब तक 169 तलाशी अभियान चलाए हैं।

यह मामला उपराज्यपाल की सिफारिश पर दर्ज की गई सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद दायर किया गया था। जुलाई में दायर मुख्य सचिव की रिपोर्ट के निष्कर्षों पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी जिसमें जीएनसीटीडी अधिनियम 1991, व्यापार नियमों के लेनदेन (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन दर्शाया गया था। ईडी इस मामले में अब तक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पूछताछ के बाद 27 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने महेंद्रू को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने भी इस सप्ताह की शुरुआत में इस मामले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आप के वार्ड अध्यक्ष समर्थकों संग भाजपा में शामिल




**नई दिल्ली।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल एवं विजेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में शनिवार को आप के वार्ड रोहिणी वार्ड 52 अध्यक्ष एवं आरडब्ल्यूए के महामंत्री राजकुमार शर्मा अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर मंच पर प्रदेश प्रवक्ता अजय सहरावत एवं यासिर जिलानी भी उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर परिचर्चा का आयोजन

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में शनिवार 26 नवम्बर को एक सादे समारोह में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया और इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा की शपथ ली गई। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के शिक्षकों व शोधार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर केपी सिंह ने की व कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य के रूप में डॉ. हंसराज सुमन ने विश्व के श्रेष्ठ संविधान के रूप में भारतीय संविधान की व्याख्या की। इस अवसर पर अश्विनी कुमार अहलावत, डॉ. राजेश, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार आदि ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार साझा किए।

### ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की कॉन्फ्रेंस आज

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज प्रोफेसर मुस्ताक अहमद की अध्यक्षता में आयोजित होगी। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ सैयद अहमद खान और उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ एसएम एहसन ऐजाज के अनुसार यह कांफ्रेंस होटल शेल्टर चारबाग लखनऊ में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। कॉन्फ्रेंस में देश भर से यूनानी चिकित्सक भाग लेने के लिए आ रहे हैं। काफ्रेंस में राष्ट्रीय स्तर पर यूनानी चिकित्सा पद्धति की स्थिति और विशेष तौर से उत्तर प्रदेश में यूनानी चिकित्सा पद्धति के हालात पर विचार विमर्श किया जाएगा। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के तौर पर चौधरी कैफुलवरा चेयरमैन उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश और विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर अब्दुल वाहिद डायरेक्टर युनानी सर्विसेज उत्तर प्रदेश सरकार, प्रोफेसर जमाल अख्तर डीन फैकेल्टी यूनानी मेडिसिन लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉक्टर ख्वाजा बजमी यूनुस डायरेक्टर इरम एजुकेशन ग्रुप लखनऊ भाग लेंगे।

**भागीरथ पैलेस बाजार अग्निकांड**

# भीड़ वाले बाजारों के लिए समिति गठित

## उपराज्यपाल ने स्थिति का लिया जायजा, तीस दिन में सरकार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भागीरथ पैलेस में लगी भीषण आग बुझाने का काम शनिवार सुबह तक जारी रहा। इसके बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। यहां उन्होंने अधिकारियों से पूरी घटना की जानकारी ली।

साथ ही यहां पर होने वाली इस तरह की घटनाओं के स्थायी समाधान के लिए एक बहु अनुशासात्मक समिति का गठन कर दिया है। यह समिति चांदनी चौक, सदर बाजार, पहाड़गंज समेत अन्य ऐसे क्षेत्रों में प्रभावी समाधान के तौर-तरीके ढूंढ़ने के लिए 30 दिन में अपनी रिपोर्ट दिल्ली सरकार को सौंपेगी। अग्निशमन विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार रात नौ बजकर 19 मिनट पर इस घटना की खबर मिली थी। महालक्ष्मी बाजार में एक दुकान में आग लगने के बाद देखते ही देखते यह आसपास स्थित इलेक्ट्रनिक उपकरणों की दुकानों में वह फैल गई।

शुक्रवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया था और स्थान को ठंडा करने की प्रक्रिया चल रही थी। लेकिन शाम को फिर आग भड़क गई और इसने एक बार फिर भयंकर रूप ले लिया। स्थिति का जायजा लेने शनिवार सुबह इस बाजार में पहुंचे सक्सेना ने कहा कि घटनास्थल को ठंडा करने का काम चल रहा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि लटकते तारों, अधिक बोझ सह रहे सर्किट, पुराने भवन, पानी की कमी और तंग गलियों के कारण ऐसे क्षेत्र में आग लगने की बड़ी आशंका रहती है।

इसके स्थायी समाधान के लिए अंतरविषयक समिति गठित की गई है जिससे 30 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। अधिकारियों ने कहा कि आग बुझाने के दौरान तंग गलियां और भीड़भाड़ उनके लिए बड़ी चुनौतियां रही हैं। उनका कहना है कि आग की वजह से पांच भवन प्रभावित हुए हैं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाई है।

## हवाओं ने बढ़ाई ठंड तापमान 8.3 डिग्री दर्ज

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के चलते उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। इस बीच बर्फीली हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम पारा गिरा दिया है। आने वाले दिनों में दिल्ली के साथ एनसीआर के तापमान में भी कमी दर्ज की जा सकती है लेकिन अभी कंपकंपी वाली ठंड के लिए इंतजार करना होगा। शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार को भी अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। हवा की गति छह से 12 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। तुलनात्मक रूप से शनिवार को सुबह से ही ठंड से हल्की राहत है।

# 26/11 मुम्बई हमले के शहीदों को शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

## सिविल लाइन स्थित शहीद स्मारक पर किए पुष्प अर्पित

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित शहीद स्मारक पर मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन करते लोग।

**पुलिस** शहीद फाउंडेशन हरियाणा द्वारा शनिवार को 26/11 मुम्बई हमले के शहीदों को यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हाल परिसर में बने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि समारोह में गुरुग्राम पुलिस की ओर से पुलिस बल सब-इंस्पेक्टर चंदन सिंह की अगुवाई में विशेष तौर पर उपस्थित रहा।

इस अवसर पर पुलिस शहीद फाउंडेशन हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने कहा कि शहीद देश की धरोहर होते है, जो देश के मान ओर सम्मान को बरकरार रखते हैं। वीर शहीदों की वजह से ही हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क द्वारा भेजे गए 8 आतंकवादियों का एक ग्रुप पानी के रास्ते मुंबई में आया और ताज होटल सहित पूरी मुंबई में खून खराबा किया। जिसमें पुलिस के काफी संख्या में अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारी, आमजन भी बलिदान हो गए थे। हम सब का कर्तव्य बनता है कि पूरा देश 26/11 के सभी बलिदानियों को श्रद्धांजलि और नमन करके उनके बलिदान की याद करें।

**खिलाड़ियों की तरह शहीदों के परिवारों को मिले सुविधाएं : मैनी**

**फाउंडेशन** के महासचिव दीपक मैनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार से अपील की है कि जिस तरह से देश के खिलाड़ियों को गोल्ड जितने पर करोड़ों रुपये सरकार से मिलते हैं। मान सम्मान के साथ-साथ सरकारी नौकरी भी मिलती है, उसी तरह देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीदों के परिवारों को भी वही करोड़ों रुपये, मान सम्मान और सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के जिला अध्यक्ष पीके गुप्ता, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, कादीपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, पुलिस फॉउंडेशन के सचिव अमन गुप्ता, डीपी गौड़ आदि उद्योगपतियों ने भी संबोधित करते हुए एक स्वर में आंतकवाद को पूरे विश्व में जड़ से मिटाने का आह्वान किया।

# चार नए सेक्टर को मानेसर नगर निगम में शामिल कर सीएम ने दी सौगात : सुंदर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सीएम मनोहर लाल।



विधायक सत्यप्रकाश जरावता।



सरपंच सुंदर लाल यादव।



सुभाष यादव।



अमरेश मिश्रा।



नितिन कक्कड़।



पूरन सिंह।



ओमबीर सिंह।

**नगर** निगम मानेसर में चार नए सेक्टर को शामिल करने के लिए 13 फरवरी 2021 को मानेसर के ऑडिटोरियम में रखी गई मांग पर सरकार की मुहर लग गई है। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव सरपंच ने सरकार के इस निर्णय पर कहा कि सेक्टर-76, 83, 84 व 88 को मानेसर नगर निगम में शामिल किए जाने से इन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को अब और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। सेक्टर-83 में पाम गार्डन, लाईफ स्टाइल, जी-21, सिटी होम, मैपस्को पैराडाइज, के-ब्लॉक, जे-ब्लॉक और सेक्टर-84 में अंतरिक्ष हाइट्स, पीवीटीएल दीवान ग्रुप, गुड़गांव वन, कोरलवुड, एसएस ओमानिया, स्पेज ग्रुप और वाटिका पी-ब्लॉक शामिल हैं। इसके अलावा भी कई सोसायटी भी इन सेक्टर के अधीन हैं।

मानेसर नगर निगम का दायरा बढ़ाने के निर्णय पर सरपंच सुंदर लाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का आभार और धन्यवाद किया है। सुंदर लाल यादव ने बताया कि 13 फरवरी 2021 को मानेसर के ऑडिटोरियम में इस विषय पर मांग रखी गई थी। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया था कि इस पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन चारों सेक्टर में करीब 20 रिहायशी सोसायटी बनी हुई हैं, जिनमें करीब 30 हजार लोग रहते हैं। इन क्षेत्रों में नगर निगम में शामिल करके सरकार ने इनके विकास का नया रास्ता तैयार किया है। लाइफ स्टाइल सोसायटी सेक्टर-83 आरडब्ल्यूए के प्रान अमरेश मिश्रा, गुड़गांव वन सोसायटी सेक्टर-84 के आरडब्ल्यूए प्रधान नितिन कक्कड़, वाटिका के-ब्लॉक सेक्टर-83 आरडब्ल्यूए के प्रधान ओमबीर सिंह, कोरलवुड सोसायटी सेक्टर-84 आरडब्ल्यूए के प्रधान पूरन सिंह, सिटी होम सोसायटी सेक्टर-83 के आरडब्ल्यूए प्रधान सुभाष यादव ने सरकार के इन निर्णय को सराहा है। उन्होंने कहा कि अब इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

# हरियाणा में अब तक 18 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में किए माफ

## गुरुग्राम सर्कल-1 में 236 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 21.87 लाख रुपये माफ

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



डीएचबीवीएन के एमडी पीसी मीणा।

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। बिजली निगम द्वारा उपभोक्ताओं को 1840.04 लाख रुपये का सरचार्ज माफकर दिया है। 14996 उपभोक्ताओं ने अपनी बकाया राशि खत्म करते हुए 2616.41 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। गुरुग्राम सर्कल-1 में 236 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 21.87 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 114.36 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।

प्रदेश में अभी तक 14996 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाया है। जिसमें सिंचाई, जन स्वास्थ्य,पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम आदि सरकारी विभागों के 17 तथा निजी 14979 उपभोक्ता शामिल हैं। अन्य बकायादार उपभोक्ता भी 30 नवंबर से पहले इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गुरुग्राम सर्कल दो में 1132 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 86.27 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 329.89 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।

**गुरुग्राम के अलावा 9 अन्य जिलों ने भी लिया लाभ** : दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि फरीदाबाद सर्कल में 869 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 123.70 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 365.84 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। पलवल सर्कल में 1799 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 110.46 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 269.07 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। रेवाड़ी सर्कल में 2308 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 26.27 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 126.98 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। नारनौल सर्कल में 1209 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 57.64 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 169.40 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। भिवानी सर्कल में 2322 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 295.47 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 379.16 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। जींद सर्कल में 2443 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 904.34 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 441.14 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। हिसार सर्कल में 967 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 142.00 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 197.64 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। फतेहाबाद सर्कल में 1086 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 50.53 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 139.47 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।

# संविधानवाद, संविधान से अधिक महत्वपूर्ण : डॉ. वाघेश्वरी देसवाल

## एमडीयू के गुरुग्राम में सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित एमडीयू के गुरुग्राम में सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

**महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय के यहां सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज (सीपीएएस) में संविधान दिवस के अवसर पर भारत में संविधान और संविधानवाद: उभरते दृष्टिकोण विषय पर अंतर विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया एवं संगोष्ठी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. डॉ. वाघेश्वरी देसवाल मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में संविधान के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। उसकी महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने समय-समय पर होने वाले संवैधानिक संशोधनों, नवीन कानूनों का निर्माण और वर्तमान में लागू कानूनों में संशोधन को संविधानवाद का जरिया बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधानवाद, संविधान से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसे से संविधान की संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य की भावना को आत्मसात किया जा सकता है।

मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्विद्यालय की डीन एवं विभागायध्क्ष प्रो. डॉ. कविता ढुल ने अपने वक्तव्य में संगोष्ठी की विषय वस्तु को सारांश में सभागार में उपस्थित श्रोताओं के सम्मुख विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय संविधान को प्रगतिशील बताया। अल्पसंख्यकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास और उनके अधिकारों की रक्षा करके समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान उपरांत विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। संगोष्ठी सचिव डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न राज्यों के 80 से अधिक शोधार्थियों ने 16 समानांतर तकनीकी सत्र में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। संगोष्ठी सचिव डॉ. अनुपम आचार्य ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रस्तावना पाठ समारोह और भारत के संविधान की पालन करने की प्रतिबद्धता के साथ सत्र का समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आये एवं सेंटर के प्राध्यापक, विद्वान, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला को पता ही नहीं, उसके नाम से फर्जीवाड़े पर चल रही फॉर्च्यूनर गाड़ी

**गुरुग्राम।** एक सामान्य परिवार की रहने वाली सुशीला के उस समय होश उड़ गए, जब उन्हें पता चला कि उनके नाम से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी निकली हुई है। साल 2013 में निकलवाई गई इस गाड़ी के बारे में उन्हें अभी तक कुछ नहीं पता था। साफ बात है कि किसी ने उनके कागजातों का दुरुपयोग करते हुए यह गाड़ी निकलवाई है।

यहां थाना शहर में पुलिस को दी शिकायत में सुशीला पत्नी जगप्रवेश निवासी मकान नंबर-169/8, जैकबपुरा ने कहा कि उसकी ई-मेल आईडी पर एक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी की ओर से एक मेल आई। उसमें गाड़ी नंबर-एचआर-26-सीडी-0318 (टोयोटा एंड फॉर्च्यूनर एफबी) का इंश्योरेंस करवाने का मैसेज दिया गया। गाड़ी की इंश्योरेंस पॉलिसी 5 दिसम्बर 2022 को खत्म हो रहा है। इंश्योरेंस अपडेट कराने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कॉल भी आई, लेकिन उन्होंने मना कर दिया कि उनके पास कोई गाड़ी ही नहीं है। इसके बाद भी कई बार ई-मेल इंश्योरेंस के लिए भेजी गई।

सुशीला ने बताया कि डीजल की यह टोयोटा एंड फॉर्च्यूनर एफबी गाड़ी 8 साल 11 महीने पहले 13 दिसम्बर 2013 को एसडीएम गुरुग्राम कार्यालय में पंजीकृत हुई है। वह हैरान रह गई कि उन्होंने तो कभी गाड़ी निकलवाई ही नहीं। यह गाड़ी उनके ही घर के पते पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी में नोमिनी के स्थान पर किसी करण यादव (33 साल) का नाम दर्ज है। सुशीला ने बताया कि जिस ई-मेल आईडी पर इंश्योरेंस का मैसेज आया है, यह ई-मेल उन्होंने वर्ष 2017 में बनाई है, जबकि गाड़ी इसके 4 साल पहले 2013 में निकलवाई गई है।

कोई लगातार उनके कागजों के बारे में जानकारी लेता रहा है। उनके निजी कागजातों से किसी ने यह फर्जीवाड़ा करके गाड़ी निकलवाई है। ऑनलाइन जानकारी लेने पर पता इस गाड़ी का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे (यूपी) में 25 अक्टूबर, 2021 को इस गाड़ी का 2000 रुपये का चालान भी कटा हुआ है।चालान में मकान नंबर-2, ब्लॉक-1, गांव पलड़ा, जिला गुरुग्राम पता दर्ज है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि इस गाड़ी की तलाश करके जब्त किया और इतना बड़ा फर्जीवाड़ा करने वालों को गिरफ्तार करके सजा दिलाएं।

# हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## नवीन गोयल ने प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर लगाई त्रिवेणी



गुरुग्राम की बिजली बोर्ड कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण करते नवीन गोयल व सहयोगी।

**विश्व** पर्यावरण संरक्षण दिवस पर शनिवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग जिला गुरुग्राम की टीम ने बिजली बोर्ड कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने त्रिवेणी लगाई।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने सभी को प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हमें इस दिशा में लगातार काम करने की जरूरत भी है। उनकी ओर से शहर में धूल-मिट्टी दबाने के लिए पानी की छिड़काव किया जा रहा है। शहर की सभी सड़कों पर टैंकरों के मायध्म से छिड़काव, पेड़ों पर जमी मिट्टी पर छिड़काव जारी है। श्री गोयल ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी पर्यावरण संरक्षण की है। पर्यावरण बचाने के लिए प्रदेश सरकार भी जनता को जागरुक करने के साथ जरूरी कदम उठाती है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा अपनी जिम्मेदारी समझकर काम पर्यावरण सुधार का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में प्रकृति विशेष महत्व रखती है। प्रकृति को सहेजकर रखें। श्रीगोयल ने कहा कि पूरी दुनिया के मौसम और जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब समय आ गया है जब हम सबको पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ प्रकृति के संरक्षण के बारें में सोचना होगा। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है, जो हमें हमारे जीवन में प्रकृति के महत्व की याद दिलाता है। इसे संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग के जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, सह-संयोजक ईशू वाल्मीकि, उमेद दलाल, राजकुमार शर्मा, कपूर सिंह, बाली पंडितजी, कर्म सिंह गिल, गगन गोयल, सुधीर कलसन उपस्थित रहे।

# शिविर में हुई 72 बच्चों की नि:शुल्क दंत चिकित्सा

**गुरुग्राम।** झाड़सा गांव सेक्टर-39 ईली लिली कंपनी व समाज सेवी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के द्वारा संचालित कदम स्टेप-उप प्रोजेक्ट में दन्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत परियोजना अधिकारी नेकराम द्वारा की गई।

शिविर में मैक्स हॉस्पिटल की डा.वसुधा मलिक ने सभी बच्चों को दांत के प्रति विशेष ध्यान रखने के बारे में जागरूक किया। बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने व मीठा कम खाने की सलाह दी। उसके बाद शिविर में 72 बच्चों के दांत की निशुल्क जांच की। जांच के बाद 19 बच्चों को विशेष रूप से साफ -सफाई व दोबारा से डेंटल हॉस्पिटल में जांच कराने की सलाह दी।

# बिजली के क्षेत्र में हरियाणा के आत्मनिर्भर होने से कांग्रेस को लगा करंट : डा. संजय शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



डा. संजय शर्मा।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हरियाणा का आत्मनिर्भर होने से कांग्रेस को हाई वोल्टेज करंट लग रहा है। हरियाणा का आत्मनिर्भर होना हजम नहीं हो रहा है। मनोहर सरकार ने राज्य के लोगों को 24 घंटे बिजली देकर कांग्रेस व तमाम राजनीतिक पार्टियों से उनका चुनावी मुद्दा छीन लिया है।

श्रीशर्मा ने कहा कि भाजपा की ईमानदार मनोहर सरकार की नीतियों का डंका अब प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में बज रहा है। दूसरे राज्य भी हरियाणा की नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दूसरे राज्यों से हरियाणा की नीतियों का अनुसरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बिजली का मुद्दा उठाकर अपनी खीज उतार रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में हरियाणा की जनता बिजली और पानी को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करती रहती थी। 48 वर्षों से बिजली को मुद्दा बनाकर कांग्रेस समेत दूसरी पार्टियां राज करती आ रही थी, लेकिन 2014 के बाद भाजपा की मनोहर सरकार ने उनकी राजनीतिक दुकानें बंद कर दी। ऐसे में अब पूर्व सीएम हुड्डा को आने वाले चुनाव में कोई मुद्दा नजर नहीं आ रहा है। डा. शर्मा ने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया उसे पूरा करके दिखाया है।

डा. संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हरियाणा के सिर्फ 508 गांवों को 24 घंटे बिजली मिलती थी। 2014 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद इन आठ सालों में हरियाणा के 5681 गांव जगमग हो रहे हैं।

# युवा समारोह में 42 प्रतियोगिताओं में 600 विद्यार्थी भाग लेंगे

## स्थानीय कॉलेज के 75 विद्यार्थी ले रहे हैं भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना




सोहना के निरंकारी कॉलेज में प्रेसवार्ता करते आयोजक।

**स्थानीय** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महा विद्यालय में होने वाले तीसरे युवा महोत्सव में 600 विद्यार्थी 42 अलग-अलग प्रतियोगिता में धमाल मंचाएंगे। जिसमें स्थानीय कॉलेज के 75 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

निरंकारी महाविद्यालय में 2 दिसंबर से शुरू होकर 4 तक चलने वाले युवा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। स्थानीय निरंकारी कॉलेज तीसरी बार युवा समारोह की मेजबानी कर रहा है। जिस पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। 25 लाख में से 12 लाख रुपये निरंकारी कॉलेज और 13 लाख रुपये गुरूग्राम यूनिवर्सिटी खर्च करेगी। जिसमें करीब डेढ़ दर्जन कॉलेजों के करीब 600 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें समूह गान, समूह नृत्य, कव्वाली, थियेटर, मोनो एक्टिंग, कविता पाठ, शास्त्रीय संगीत आदि शामिल हैं।

युवा महोत्सव विजेता प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रिंसिपल डा. एमएस खत्री, डा. डीपी सिंह, प्रेरणा शर्मा शेखर आदि मौजूद थे।

### ये होंगे मुख्य अतिथि

**चार** दिनों तक चलने वाले युवा महोत्सव में उद्घाटन अवसर पर निरंकारी मंडल के सचिव व मैम्बर इंचार्ज जोगिंद्र सुखीजा मुख्य अतिथि होंगे। जो समारोह का उद्घाटन करेंगे। जबकि समापन व पारितोषिक वितरण पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के उप कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार मुख्यातिथि होंगे। जो विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के सीएससी संचालक पैसे मांगें तो करें शिकायत

**गुरुग्राम।** अगर को सीएससी संचालक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पैसे मांगता है तो उसकी शिकायत करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के कोई पैसे नहीं ले सकता। ये बिल्कुल नि: शुल्क बनाए जा रहे हैं। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी तथा कॉमन सर्विस सेंटर के बीच हुए एमओयू के बाद अब लोगों को पीवीसी (पोलिविनाइल क्लोराइड) आयुष्मान कार्ड मुफ्त दिए जाएंगे।


जिला में 270 सीएससी केंद्रों पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई चिरायु योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 हजार रुपये से कम हैं, उनको इस कार्ड के आधार पर पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अभी तक गुरुग्राम जिला में 70 हजार के करीब कार्ड बनाए जा चुके हैं। ये कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को केवाईसी करवानी जरूरी है। अंत्योदय परिवारों के योग्य पात्र कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर अपना केवाईसी बनवाए, जो कि आधार कार्ड से लिंक होगा। उसके बाद आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि चिरायु योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज कराने वाले लोगों को इस कार्ड को बनाने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं देनी होगी। यह कार्ड अब जिले के सीएससी में मुफ्त में बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई सीएससी संचालक लाभार्थी से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग करता है तो वे अपनी शिकायत भेज सकते हैं।

**पहले पेपर और बाद में मिलेगा पीवीसी प्रिंटेड कार्ड** : सीएससी के जिला प्रबंधक दीपक ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को पहले पेपर आधारित कार्ड दिया जाएगा। फिर इसके बाद एक पीवीसी प्रिंट किया हुआ कार्ड दिया जाएगा। इस पीवीसी आयुष्मान कार्ड को किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर से प्राप्त किया जा सकेगा।

# इंडिया कस्टमर सर्विस में एमजी लगातार दूसरे साल शीर्ष पायदान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**भारत** में वाहनों के मालिक अपने सर्विस अनुभव के दौरान बेहद सक्रिय रूप से सर्विस के बारे में सलाह आधारित बातचीत को बेहद अहमियत देते हैं। यह बात जेडी पावर 2022 इंडिया कस्टमर सर्विस इंडेक्स (सीएसआई) स्टडी एसएम में सामने आई है, जिसे आज जारी किया गया है। 2021 से लंबे अंतराल के बाद जेडी पावर ने नील्सन आईक्यू के साथ मिलकर इंडिया कस्टमर सर्विस इंडेक्स (सीएसआई) स्टडी को दोबारा जारी किया गया है।

सर्विस सलाहकारों से होने वाली बातचीत में कई तत्व शामिल होते हैं। जिसमें संपूर्ण मल्टी-प्वाइंट चेक, सर्विस रिक्वेट की पुष्टि, समीक्षा और सर्विस के पहले और बाद की समीक्षा और व्याख्या का अनुभव शामिल है। इसके अलावा नियमित तौर पर मिलने वाला स्टेटस अपडेट भी इसमें शामिल है, जिसे ग्राहक प्राथमिकता देते हैं। स्टडी के मुताबिक उन ग्राहकों की संतुष्टि इंडेक्स प्वाइंट (1000 प्वाइंट के स्केल पर) में 25 अंक (863 बनाम 838) का उछाल आया, जिन्हें उनकी तरफ से उठाए गए सभी मुद्दों को संबोधित करते हुए उन्हें अपडेट दिया गया।

नील्सन आईक्यू में ऑटोमोटिव प्रैक्टिस इंडिया के लीड संदीप पांडे ने कहा, सलाहकारों की सलाह से स्पष्ट, सक्रिय और समय पर संवाद ग्राहकों से जुड़ाव के प्रति एक स्पष्ट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। जो डीलरशिप सेवा की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ चर्चा दोनों डिलीवर करने में सक्षम है, वे ज्यादा मजबूत सिफारिश और ग्राहकों को अपने साथ बनाए रखने की उम्मीद कर सकते हैं।''

**2022 के अध्ययन के अतिरिक्त प्रमुख ये हैं निष्कर्ष** : कार्य की गुणवत्ता संतुष्टि के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। तीन चौथाई से अधिक (80 फीसद) ग्राहकों ने माना कि सेवा गुणवत्ता को पूरा किया गया, जिसमें अनुरोध किए गए सभी काम को पूरा करना, पहली बार किए गया काम और वाहन की साफ सफाई शामिल है। इनमें से किसी भी एक काम के पूरा नहीं होने की स्थिति में संतुष्टि अंक में 22 अंकों की गिरावट आती है।

**युवा ग्राहकों को खुश करना मुश्किल काम** : मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड के ग्राहकों को अन्य ग्राहकों की पीढ़ी के मुकाबले संतुष्ट करना मुश्किल है। इनका समग्र संतुष्टि अंक 822 रहा, जो औसत से 22 अंक नीचे है। सेवा की गुणवत्ता और बातचीत दोनों के दौरान में किसी भी चूक को लेकर यह पीढ़ी ज्यादा सजग है।

# जरूरतमंद बुजुर्ग-दिव्यांग तक आयुष्मान योजना से बाहर

**कविता। फरीदाबाद**

**देशभर** में आयुष्मान योजना के तहत 1.80 लाख रुपये या इससे कम वार्षिक आय वाले परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसकी विधिवत शुरूआत 21 नवंबर से की गई। वार्षिक आय एक लाख से कम वाले परिवारों को इस योजना का लाभ फैमली आईडी के जरिये ही दिया जा रहा है, लेकिन फैमिली आईडी में जिनकी आय एक लाख 80 हजार या उससे कम है, उनका नाम पोर्टल पर दर्शा ही नहीं रहा है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बुजुर्गों और दिव्यांगों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि प्रतिमाह

### 21 नवंबर से हुई थी विधिवत शुरूआत

2500 रुपये पेंशन पाने वाले लोगों के आयुष्मान भारत योजना में नाम ही नहीं दर्शा रहे है। ऐसा ही यहां जिले में मौजूद केन्द्रों पर देखने को मिल रहा है।

**पेंशनधारकों के नाम नहीं :** शहर के बीके सिविल अस्पताल में मौजूद आयुष्मान पूछताछ केन्द्र पर शनिवार को पहुंचे पेंशनधारक और दिव्यांगजनों के फैमली आईडी आयुष्मान भारत योजना के तहत दर्शाई नहीं गई। करीब 10 बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को आईडी नम्बर



आयुष्मान कार्ड केन्द्र के बाहर खड़े बुजुर्ग।

जांच करने के बाद कर्मचारी ने उन्हें यह कहते हुए लौटा दिया कि उनका नाम लिस्ट में नहीं है। ऐसे में उन्हें सेक्टर-12 में जाना पडेगा।

**मात्र पेंशन ही सहारा :** दिव्यांगजनों और पेंशन धारक बुजुर्गो ने बताया कि उनके घर में केवल एक मात्र पेंशन ही गुजारे का सहारा है। 2500 रुपये पेंशन वाले की फैमली आईडी में आय ही कम है, तो आयुष्मान भारत योजना में नाम क्यों नहीं दर्शाया जा रहा है। वहीं दिव्यांगजनों का भी यही हाल था, उनकी आय का भी कोई दूसरा साधन नहीं है, लेकिन इसके बावजूद भी उनका नाम आयुष्मान पोर्टल पर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका पेंशन ही सहारा है, जब उनके नाम ही पोर्टल पर नहीं है तो फिर किसके नाम दर्शाये जा रहे हैं।

**धनवानों को फायदा :** बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट वायरल करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के नाम पर केवल धनवानों को ही लाभ दिया जा रहा है। गरीबों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। उनका नाम तक पोर्टल पर दर्शाया नहीं जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों की पेंशन ही काट दी गई है। सरकार जिंदे लोगों को मरा हुआ घोषित करके जहां एक तरफ पेंशन धारकों के नाम हटा रही है। वहीं दूसरी तरफ आयुष्मान कार्ड भी धनवानों के बना कर गरीबों का मजाक बना रही है।

# सरूरपुर में मतगणना के बाद पुलिस-अफसरों पर पथराव

### चुनाव प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने पर 200 लोगों पर केस दर्ज किया 20 आरोपी गिरफ्तार

### चुनाव हारने वाले प्रत्याशी के पक्ष के लोगों ने किया था हमला


गांव सरूरपुर में पंचायत के चुनाव में हंगामा करने वालों को अदालत में पेश करने को ले जाते पुलिस अधिकारी।



हंगामे में टूटे बस के शीशे।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**थाना** मुजेसर एरिया में स्थित सरूरपुर गांव में बीती रात पंचायत चुनाव में मतगणना के बाद हारने वाले पक्ष द्वारा पुलिस और सरकारी कर्मचारियों पर पथराव करके सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद समेत 200 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

वीडियो की फुटैज के माध्यम से अन्य आरोपियों की पहचान करने का प्रयास पुलिस कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रणसिंह, बंटी, टेकचंद, विनोद, सतीश, प्रहलाद, राजेश, मनोज, विक्रम, दीपक, जितेंद्र, सुखपाल, सुंदर, बनय, प्रेमचंद, प्रेम, लक्ष्मण, सुनील, विकास तथा सतपाल का नाम शामिल है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में डॉक्टर विवेक आनंद ने बताया कि कल उनको पंचायत चुनाव के लिए सरूरपुर में बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया था। मतदान खत्म होने के पश्चात सरपंच पद के चुनाव की गिनती शुरू हुई। जिसमें मकसूदन को विजयी घोषित कर दिया गया। जिस पर दूसरा पक्ष हारने वाले पक्ष के उम्मीदवारों और एजेंट ने हंगामा करना शुरू कर दिया और चुनाव दोबारा से करने का दबाव बनाने लगे।

इस दौरान उन्होंने गांव के अन्य लोगों को इकट्ठा कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस ने हारने वाले पक्ष को नियमानुसार समझने की कोशिश की परंतु वह नहीं माने और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें कई पुलिस कर्मियों को गंभीर चोट लगी और पुलिस की गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार हल्के बल का प्रयोग करके भीड़ को खदेड़ा गया और ईवीएम मशीनों को सुरक्षा के साथ हाउस पहुंचाया गया। शिकायत के अनुसार मुजेसर थाने में आरोपियों के खिलाफ सरकारी प्रक्रिया में बाधा डालने, सरकारी कर्मचारियों पर पथराव करके सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए पथराव में सीसीटीवी फुटेज और वीडियो चेक की जा रही है। जिसके माध्यम से मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पढ़ी-लिखी पंचायतें बनीं, 100 में 20 ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट चुने

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** के गांवों में पिछली दो योजनाओं से पढ़ी लिखी पंचायतें बन रही हैं। इस पर भी जिले में चुने गए 100 सरपंचों में से 20 ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इस बार जिले में युवा सरपंचों की संख्या भी अधिक है। स्टेट इलेक्शन कमिशन हरियाणा की वेबसाइट के अनुसार जिले में चुने गए सरपंचों की औसत उम्र 37 साल है।

बता दें कि जिले में 100 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से दो ग्राम पंचायतों में निर्विरोध ही सरपंच पद का चुनाव हो गया था। शुक्रवार को 98 पदों के लिए मतदान हुआ। मतदान के बाद देर शाम को मतगणना शुरू कर दी गई थी। रात 9 बजे तक स्टेट इलेक्शन कमिशन हरियाणा की वेबसाइट पर 18 विजेता उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे। शनिवार को सुबह सभी विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। जिले में इस पर



युवा सरपंच अजय के साथ समाज सेवी सीमा भारद्वाज व अन्य।

52 पुरुष व 48 महिलाएं सरपंच बनकर पहुंची हैं। वेबसाइट के अनुसार इस बार जिले में 20 सरपंच ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट हैं। गांव सागरपुर की महिला सरपंच शकुंतला, ढेहकोला की सरपंच रेखा देवी व भुआपुर के सरपंच गिराधरी लाल पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इसके अलावा समयपरु, आलमपुर, कांवरा, किडावली, कबूलपुर पट्टी परवरिश, बीजोपुर, दयालपुर, जाजरू, जवां, खंदावली, प्रहलादपुर माजरा डीग, सीकारी, ददसिया, गोढ़डा मोहब्बताबाद, पाखल, बहादुरपुर व मंधवली गांव में ग्रेजुएट सरपंच चुने गए हैं। हालांकि इनमें से सात की सही शिक्षा अपडेट होना बाकी है। फिलहाल इनकी शिक्षा ग्रेजुएट व उससे अधिक दिखाई हुई है। इस बार जिले में 16 सरपंच 12वीं पास, 57 सरपंच 10वीं पास व 7 सरपंच 8वीं पास हैं।

## चोर अवैध हथियार सहित काबू

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशानिर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने एक आरोपी चोर को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जितेंद्र उर्फ चैंटा है जो यूपी के मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में रह रहा था।

क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध हथियार सहित बल्लभगढ़ सब्जी मंडी से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी को आदर्श नगर थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक शातिर चोर है जिसके खिलाफ फरीदाबाद में चोरी के कई मुकदमे दर्ज है।

## बीमा निगम के कार्यालय में पेंशनर्स मीट का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय सेक्टर 16 फरीदाबाद में पेंशनर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक रूद्र दीप दत्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान श्री योगेश सैनी जनरल सेक्रेटरी सीपी शर्मा ऑल इंडिया पेंशन एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आरके शर्मा रहे।

सेवानिवृत्त अपर आयुक्त मोहम्मद इरफान ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित सभी पेंशनरों के योगदान को याद करते हुए उनके किए गए कार्यों की भरपूर सराहना की गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों की महत्ता को रेखांकित करते हुए उनसे संबंधित सभी मामलों को तत्परता से निपटाने का आश्वासन क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने दिया। विनय दुबे सहायक निदेशक ने अपने विचार रखते हुए बताया कि मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति को शीघ्र अति शीघ्र निपटान करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया गया है साथ ही 30 दिनों के भीतर मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति हो जाए यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

उपस्थित पेंशनर्स को मेडिकल कार्ड तथा पहचान पत्रों का भी विवरण इस अवसर पर किया गया। रांची से स्थानांतरित होकर हाल ही में क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात हुई उपनिदेशक पूनम वाला ने सभी पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि उनके स्तर से सभी कार्य तत्परता से निपटाए जाएंगे वह पेंशनर्स को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उपनिदेशक संजय राणा ने पेंशनरों से आह्वान किया कि यदि उनकी कोई शिकायतें हैं तो वह भी इस मंच पर रख सकते हैं। कुछ पेंशनर्स ने अपनी व्यक्तिगत शिकायतें इस दौरान रखीं।

## आजाद देश के नागरिक का एहसास कराता है संविधान

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिला** जेल फरीदाबाद में आज शनिवार को संविधान दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रात: जिला जेल फरीदाबाद व सीमा सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर जयकिशन छिल्लर अधीक्षक जेल की अगुवाई में जेल के अधिकारियों/ कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। जयकिशन छिल्लर ने जेल के सभी अधिकारियों/सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सम्बोन्धित करते हुये कहा कि आज हम सभी यहां संविधान दिवस मनाने को एकत्रित हुये हैं। हर साल 26 नवबंर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

26 नंवबर 1949 को देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। इसलिये इसी दिन की याद में हर साल देश में सविंधान दिवस मनाया जाता है। संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवबंर 1949 को पूरा हुआ और इसे अपनाया गया। इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ। इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। हर भारतीय नागरिक के लिये 26 नवबंर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धान्त और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। यह सविंधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है।

जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारा ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। इस संविधान दिवस पर हमें जीवन भर अपने मौलिक कर्तव्यों और देश का कानून का पालन करने का प्रण लेना चाहिये। देश का अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने से न सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा बल्कि संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा। जिला जेल फरीदाबाद के बन्दियों द्वारा भी संविधान दिवस को पूरे उत्साह व उमंग से मनाया गया। जेल में सभी बन्दियों ने अपनी अपनी बैरक के आंगन में खड़े करके जेल रेडियो के माध्यम से श्री जयकिशन छिल्लर अधीक्षक जेल द्वारा संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई।

## जिला व पंचायत समिति सदस्यों के चुनावों की मतगणना आज

### डीएवी स्कूल सेक्टर-14, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर -3 व शिव कालेज तिगांव में होगी मतगणना

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**हरियाणा** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फरीदाबाद में जिला परिषद के 10 वार्ड और सभी खंडों में पंचायत समिति के सदस्य पद के लिए डाले गए मतों की गिनती मतगणना रविवार, 27 नवंबर को प्रात: आठ बजे से सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के हाल, सेक्टर-3 सीनियर सेकेंडरी स्कूल व शिव महाविद्यालय तिगांव में की जाएगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व तिगांव खंड की मतगणना गिनती मतगणना रविवार, 27 नवंबर को प्रात:8 बजे से सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के हाल, सेक्टर-3 सीनियर सेकेंडरी स्कूल व



शिव महाविद्यालय तिगांव में की जाएगी। उन्होंने जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए के सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं या उनके चुनाव अभिकर्ता मतगणना के लिए निर्धारित तिथि व समय अनुसार मतगणना स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

**आज रहेगा ड्राई डे :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला में रविवार, 27 नवंबर को होने वाली जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से रविवार, 27 नवंबर को ड्राई-डे रहेगा। इस दौरान हरियाणा शराब लाइसेंस नियम 1970 व हरियाणा आबकारी पॉलिसी 2022-23 के तहत शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब तथा अन्य संस्थान में शराब बेचने व परोसने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

**म्हारी पंचायत पोर्टल पर अपडेट:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में रविवार, 27 नवंबर को होने वाली जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना के मद्देनजर हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा म्हारी पंचायत पोर्टल http://prielections.nic.in पर मतगणना से संबंधित लाइव अपडेट उपलब्ध कराया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप या स्मार्ट फोन पर म्हारी पंचायत पोर्टल खोलकर मतगणना से संबंधित लाइव अपडेट देख सकता है।

## मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रणबीर की टीम ने लड़ाई झगड़े के मुकदमे में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम खुश है। जो फरीदाबाद के एनआईटी-1 का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ 20 नवंबर को लड़ाई झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने पड़ोसी सुनील के साथ मारपीट की थी।

पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार पीड़ित सुनील के बेटे हार्दिक ने बताया कि उनके पिता घर के सामने नाई की दुकान में कटिंग करवा रहे थे कि थोड़ी देर बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडे के साथ उसके पिता सुनील पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता को चोट पहुंची और उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी खुश को बाटा चौक से काबू कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 26/11 हमले में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर 26/11 मुम्बई आतंकी हमले मे शहीद हुए भारत माता के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन वन्दन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा हमारे वीरों ने अपनी जान पर खेलकर नागरिकों को बचाया। आतंकवादियों को ढेर कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन वीरों की मेहरबानी से हम खुली हवा मे सांस ले रहे हैं। सभी से निवेदन किया कि इन महानुभावों की जयंती तथा पुण्यतिथि पर इन्हें नमन अवश्य किया करें। इस अवसर पर पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, पं करण पाराशर इंजिनियर, राजेश, अनुराग, साहिल, दीपक, श्रवण, रोहित, रामजीलाल, मोहित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नचौली कॉलेज में मनाया संविधान दिवस



**फरीदाबाद।** महाविद्यालय की राजनीति शास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी तुली ने इस अवसर पर छात्राओं को 26 नवंबर की महत्व बताते हुए संविधान निर्माण कार्य के विभिन्न चरणों से अवगत कराया। उन्होंने संविधान निर्माताओं को देश को एक सुंदर, मजबूत एवं व्यापक संविधान देने के, उनके दृढ़ संकल्प को नमन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. सुनिधि ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें सदा देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारा बनाए रखने के हमारे संविधान निर्माताओं के सपने को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को देश के संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डॉ सुशील कुमार वर्मा ने भी छात्राओं को संबोधित करा और उन्हें संविधान निर्माण से जुड़े नेताओं एवं विशेषज्ञों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 150 छात्राओं ने प्रस्तावना का मंचन कर देश के प्रति अपने स्नेह एवं कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया। इस अवसर पर सतीश दीपक, सुमित एवं पवन भी उपस्थित रहे।

### एनएचपीसी में मनाया गया संविधान दिवस



**फरीदाबाद।** एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी ने अपने सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में भारत के संविधान को अपनाने का स्मरण करते हुए 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर वाईके चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े एनएचपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की उद्देशिका पढ़ी।

### समाज सुधार में विश्व हिंदू परिषद की अहम भूमिका



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्थापना, उद्देश्य, चुनौती और समाधान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के प्रेरणादायक भाषण से हुई। प्राचार्य ने समाज सुधार में विश्व हिंदू परिषद की अहम भूमिका की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक किया। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद बृजेश कुंतल, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख ने सभी विद्यार्थियों को परिषद के उद्देश्य व स्थापना के बारे में बताते हुए इसके विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद के साथ हुई थी। विहिप का उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना, सामाजिक एकता को बनाए रखना और समाज की सेवा करना है। भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विहिप को एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी, और लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में परिषद के फरीदाबाद शाखा के सदस्य सतीश व सुनील भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग द्वारा किया गया।

### स्काउट एंड गाइड की टीम रही नेशनल चैंपियन




**फरीदाबाद।** हरियाणा के सिरसा में हुए भारत स्काउट एंड गाइड रोजर एवं रेंजर नेशनल एकीकरण शिविर में फरीदाबाद के स्काउट एंड गाइड की टीम ओवर ऑल चैंपियन घोषित की गई। इस टीम ने 7 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान तथा तीसरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस शिविर में देश भर से 19 राज्यों के भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने हिस्सा लिया था। शिविर 22 से 26 नवंबर तक चला। जिला शिक्षा अधिकारी डा. मुनीष चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी बच्चे इसी तरह जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट के डायरेक्टर राजकुमार कौशिक, गाइड की डायरेक्टर दर्शना, कार्यक्रम के डायरेक्टर अरूप सरकार, जबकि प्रदेश के एल एस वर्मा एसओसी, रोमा सपरा, नीलम गिल ने बच्चों को ओवरऑल ट्रॉफी देकर हर्ष जाहिर किया।

### संविधान दिवस पर व्याख्यान और जागरूकता

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस द्वारा संविधान दिवस पर व्याख्यान एवम क्विज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि संविधान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। 1976 में 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा प्रस्तावना में संशोधन किया गया था अब तक प्रस्तावना में यद्यपि एक ही बार संशोधन हुआ है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने जूनियर रेडक्रॉस, ब्रिगेड और लीगल लिटरेसी क्लब सदस्यों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम संयोजन में प्राध्यापिका प्रज्ञा, धर्मपाल शास्त्री, गीता और सीमा का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि पोस्टर द्वारा बालिकाओं ने संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के निहित अधिकारों का वर्णन किया। प्राचार्य मनचंदा ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

## मैनपुरी उपचुनावः शिवपाल यादव बोले

# डिंपल के फोन कॉल ने प्रचार के लिए प्रेरित किया

भाषा। मैनपुरी

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी-लोहिया (पीएसपीएल) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बहू डिंपल यादव के फोन कॉल ने उन्हें मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में उन्हें उनके प्रचार के लिए प्रेरित किया। शिवपाल ने यह भी कहा कि उन्होंने डिंपल यादव से कह दिया है कि यदि समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर से उनके साथ कुछ गलत किया तो वह (डिंपल) उनकी गवाह बनें। समाजवादी पार्टी (सपा) सरंक्षक मुलायम सिंह के निधन के कारण रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर अखिलेश और शिवपाल यादव एक बार फिर साथ नजर आ रहे हैं। शिवपाल यादव जगह-जगह घूमकर बहू डिंपल यादव के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सपा ने इस सीट पर अखिलेश की पत्नी और मुलायम की पुत्रवधू डिंपल यादव को उम्मीदवार बनाया है। भतीजे अखिलेश के साथ बिगड़ते संबंधों के बीच पीएसपीएल प्रमुख ने मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर हाथ मिलाने पर सहमति जताई है। इस सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव करते रहे हैं। मतदाताओं को सपा उम्मीदवार के लिए सक्रिय होने के बारे में बताते हुए शिवपाल ने कहा कि यह डिंपल का फोन था जिसने रिश्तों के बीच की



तल्खी को खत्म कर दिया। शिवपाल ने मैनपुरी में शुक्रवार को एक नुक्कड़ बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत में कहा, जब बहू (डिंपल) लड़ रही है, तो हम एक हो गए। हम तो कहते थे एक हो जाओ, हमने अखिलेश से कह भी दिया है कि अब एक ही रहेंगे। उन्होंने कहा, बहू (डिंपल) ने टेलीफोन किया कि चाचा हम लड़ेंगे, आ जाओ। तो हमने कहा कि तुम गवाह रहना हमारी। अगर अखिलेश गड़बड़ करें तो हमारे साथ ही रहना। अब हम साथ ही रहेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी परिवार की युवा पीढ़ी को अब राजनीति में आगे बढ़ाएगी। शिवपाल ने कहा, अब हम लोगों के पास समय कितना है, एक-दो चुनाव और लड़ेंगे, फिर लड़के ही लड़ेंगे। इसलिए अब हमारी भी प्रतिष्ठा का सवाल है। नेता जी (मुलायम सिंह) के न रहने पर हमारी भी प्रतिष्ठा का सवाल है। इसलिए हमारी आप सब लोगों से हाथ जोड़कर विनती है कि सब लोग आज के बाद चुनाव प्रचार में लग जाना। कार्यकर्ताओं के साथ इस बातचीत का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जसवंतनगर विधानसभा सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां से शिवपाल छह बार के विधायक हैं। ऐसे में शिवपाल यादव का समर्थन उपचुनाव जीतने के लिहाज से समाजवादी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे समाजवादी पार्टी के रघुराज सिंह शाक्य से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। परिवार में दरार का फायदा उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा द्वारा शाक्य को मैदान में उतारा गया, क्योंकि वह (शाक्य) शिवपाल के पूर्व वफादार हैं। छह साल पहले अलग होने के बाद चौथी बार अखिलेश और शिवपाल के बीच हाल ही में हुआ मेलजोल मायने रखता है, क्योंकि दोनों 2016 से एक-दूसरे के साथ एक तल्ख रिश्ते को ढो रहे थे। शिवपाल ने वर्ष 2018 में अपनी खुद की पार्टी पीएसपीएल बनाई और वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव फिरोजाबाद से सपा के खिलाफ लड़ा। इस साल के विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने शिवपाल के साथ गठबंधन तो किया, लेकिन उन्हें केवल एक सीट जसवंतनगर दी, जहां से शिवपाल यादव ने सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, नतीजों के बाद दोनों के रिश्तों में एक बार फिर खटास आ गई और शिवपाल राष्ट्रपति चुनाव में खासतौर पर सत्तारूढ़ भाजपा का साथ देते नजर आए।

## कांग्रेसियों को संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए तत्पर रहने की शपथ दिलाई



**बाँदा।** संविधान दिवस पर बांदा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्टेशन रोड मे कांग्रेसजनों को भारतीय संविधान के प्रति एक निष्ठा रहने ए संविधान की मर्यादा की रक्षा करने के लिए तत्पर रहने की की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने यह शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के पूर्व कबीना मंत्रीध् कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष माण् नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी ने कांग्रेस जनों से कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का सबसे पहला दायित्व हैं वह देश के संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए अग्रसर रहे क्योंकि भारतीय नागरिक होने के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता होने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त है और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के महापुरुषों ने बलिदान दिये हैं। उन्होंने कहा कि डर हैं कि संविधान की मूल आत्मा को न बदल दिया जाये क्योंकि संविधान की मूल आत्मा से ही देश की एकजुटता अखण्डता कायम है। इसे हर हाल मे बचाना होगा। प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेसजन सामाजिक समरसताए एकताए सद्भाव को कायम रखने के लिए आगे आए । पूर्व विधायक श्री शिरोमणि भाई ने कहा कि दलित भाई ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान तैयार किया है। जिसे हमें बचाना है।जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने कहा कि संविधान की समानता का सबसे बड़ा उदाहरण यह हैं कि देश राष्ट्रपति को शपथ मुख्य न्यायाधीश के द्वारा दिलाई जाती हैं । न कोई बडा न कोई छोटा सभी बराबर है। इस गोष्ठी मे सीमा खानए बी लाल ए बी एल वर्माए जीतेन्द्र गौरवए पवनदेवी एओमप्रकाश सिंह पूर्व अध्यक्ष बार एशोसिएशन बांदाए जगदीश तिवारी एड0एसंतोष द्विवेदी एड0 आदि ने सभी कांग्रेस जनों को सम्बोधित किया।

## उप्र में सपा सरकार के समय अपराधी मिनी सीएम बन गए थेः ब्रजेश पाठक




**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि राज्य की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के समय प्रदेश के हर जिले में अपराधी मिनी सीएम बन गए थे। पाठक ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आते ही गुंडे, माफिया और अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्वाई की गई जिसका परिणाम यह हुआ कि गुंडे, बदमाश या तो जेल के भीतर पहुंच गए या राज्य छोड़कर भाग गए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में कुसमरा व करहल में जनसभाओं को सम्बोधित किया। पाठक ने कहा कि सपा की सरकार के दौरान अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था और वे खाली प्लॉट हमारा है जैसे नारे लगाते थे, वे हर जिले में मिनी सीएम बन गए थे। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की जनता इस बार परिवारवाद पर नहीं बल्कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के विकास पर मुहर लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिला है और मैनपुरी में इस बार कमल खिलना तय है। पाठक ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर उनके सारे परिवार को नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं और अपने शासनकाल में जिनकी उपेक्षा की, उन्हीं से आज गली-गली वोट मांगने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे साफ है कि समाजवादी पार्टी की जमींन खिसक चुकी है। आज चाचा-भतीजा भले एक हुए हों परन्तु दोनों मिलकर भी सपा की हार को नहीं टाल सकते। मैनपुरी में उपचुनाव पांच दिसंबर को है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ : जयंत



**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर जयंत चौधरी ने मेरठ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी मेहनत से अच्छा काम कर रहे हैं और उनकी भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जनता को आपस में जोड़ने का काम कर रही है।हालांकि, जयंत चौधरी ने राहुल के साथ यात्रा में साथ चलने की बात नहीं कही है। लेकिन उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन कर बड़ा सियासी संदेश देने का प्रयास किया है। सवालों के जवाब में जयंत चौधरी ने खतौली उपचुनाव को बड़ा चुनाव बताते हुए कहा कि इसके लिए वह सूक्ष्म स्तर पर प्रचार कर रहे हैं और जनता उनकी पार्टी का साथ देगी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की कर्मभूमि रही है, इसलिए यहां पर किसानों, मजदूरों और भाईचारे की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मदन भैया को बाहुबली बताकर सवाल उठा रही है, लेकिन मदन भैया चार बार विधायक रह चुके हैं और जनता को भी उनपर पूरा भरोसा है। पूर्व विधायक विक्रम सैनी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा जो दंगाई था, सत्ताधारी पार्टी में शामिल था, उसको सजा मिली है। जनता के साथ न्याय होना चाहिए।

## नक्वी का आजम पर निशाना-कहा जनाधार के बिना जागीरदारी नहीं होगी



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को बिना नाम लिए सपा नेता आजम खान पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन के बिना जमींदारी और बिना जनाधार के जागीरदारी नहीं होगी। रामपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव के प्रचार में आए भाजपा नेता नकवी ने पार्टी उम्मीदवार आकाश सक्सेना के पक्ष में विधानसभा क्षेत्र के ककरौआ गांव में आयोजित खिचड़ी पंचायत में हिस्सा लिया और सपा नेता पर जमकर तंज किया। नकवी ने ककरौआ गांव में खिचड़ी पंचायत में गांव की जनता से भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। उन्होंने जमीन पर बैठकर खिचड़ी खाई और उसके बाद वह गन्ना चूसते नजर आए। उनके साथ राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी और प्रत्याशी आकाश सक्सेना भी गन्ने चूसते देखे गए। सपा नेता आजम खान को भड़काऊभाषण के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया और विधानसभा सचिवालय ने रामपुर शहर सीट रिक्त घोषित कर दी। इस सीट पर पांच दिसंबर को मतदान और आठ दिसंबर को मतगणना होगी। अपने संबोधन में नकवी ने कहा कि यह जो जन चौपाल आयोजित की गई है, यह वोटों की ठेकेदारी नहीं बल्कि विकास में भागीदारी के लिए की गई है। उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार बिना भेदभाव के विकास करती है।

# सोनौलीः भारत-नेपाल सीमा पर बन रही है एकीकृत जांच चौकी

**महराजगंज।** महाराजगंज जिले के सोनौली में भारत-नेपाल सीमा पर मालवाहक और यात्री वाहनों की सुगम आवाजाही के वास्ते लैंडपोर्ट के रूप में काम करने के लिए हवाईअड्डे की तर्ज पर एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। सोनौली कस्बे के पश्चिमी छोर पर स्थित शेखफरेंदा गांव के केवटलिया टोला के पास उत्तर प्रदेश में पहली एकीकृत जांच चौकी की चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिलाधिकारी सत्एंद्र कुमार ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि महाराजगंज के बौद्ध सर्किट के अंतरराष्ट्रीय निकास बिंदु सोनौली में एकीकृत आईसीपी लैंडपोर्ट बनेगा। सोनौली सीमा के पास बनने वाला आईसीपी बौद्ध सर्किट का एक महत्वपूर्ण निकास बिंदु है। यह गौतम बुद्ध की जन्मस्थली और लोकप्रिय बौद्ध पर्यटन केंद्र लुंबिनी के करीब है।



सोनौली में विदेशों से आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों को अच्छी सुविधा मिले, इसी आधार पर इसे विकसित किया जाएगा। भारत सरकार ने 2004 में सोनौली सीमा पर एक एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण को मंजूरी दी थी। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है और गृह मंत्रालय की देखरेख में एकीकृत जांच चौकी (चेक पोस्ट) की चारदीवारी का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क और आव्रजन सुविधाओं को एक छत के नीचे लाकर दोनों देशों के बीच सीमा पार मालवाहक ट्रकों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए भारत-नेपाल सीमा के दोनों ओर एकीकृत चेक पोस्ट बनाए जा रहे हैं। उनके अनुसार यह चेकपोस्ट यहां 700 करोड़ रुपए की लागत से 143 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा तथा इसके अलावा एकीकृत जांच चौकी को राष्ट्रीय राजमार्ग 24 से जोड़ने के लिए जुगौली और सुकरौली गांव से सड़क का निर्माण किया जाएगा।राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण के लिए 300 किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है।इन वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि इसके तहत 288 किसानों से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शेष 12 भू-स्वामियों से औपचारिकताएं की जा रही हैं क्योंकि वे विदेश में हैं। उनके अनुसार उनके लौटते ही अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 79 करोड़ रुपए में जमीन का अधिग्रहण किया गया है और जमीन मालिकों को पैसे का भुगतान भी कर दिया गया है। सोनौली में एकीकृत चेक पोस्ट बनने के बाद इसके परिसर में एक साथ पांच हजार वाहनों की पार्किंग संभव हो सकेगी। महाराजगंज परियोजना के अलावा, रुपईडीहा (उत्तर प्रदेश में) में भी एकीकृत जांच चौकियां स्थापित करने की योजना है।

# चीनी मिल में आग लगने पर मुख्य अभियंता छत से कूदे, मौत

भाषा। मेरठ

**मेरठ** जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल की टरबाइन यूनिट में शनिवार दोपहर आग लगने पर मिल के मुख्य अभियंता ने छत से छलांग लगा दी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। परतापुर पुलिस के अनुसार मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में शनिवार दोपहर करीब एक बजे टरबाइन यूनिट में आग लग गई। आग लगते ही मिल के मजदूरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर अग्निशमन दल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। थाना परतापुर प्रभारी निरीक्षक राम पहल सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मिल के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार कुशवाहा (61) आग देखकर घबरा गया और वह जान बचाने के लिए ऊपर की मंजिल से नीचे कूद गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि उपचार के दौरान नरेंद्र कुमार कुशवाहा की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और अग्निशमन दल की टीम करीब दो घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। उन्होंने बताया कि मिल में अचानक टरबाइन फटा जिसके कारण आग लग गई। आग के दौरान रुक-रुक के ड्रम फटने लगे। इस कारण अग्निशमन दल के कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

## पीडब्ल्यूडी ठेकेदार पर हमले में भाजपा के जिला महामंत्री समेत तीन के खिलाफ केस

**सुलतानपुर।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक ठेकेदार की कथित तौर पर पिटाई करने और उन्हें वाहन से कुचलकर जान से मारने की कोशिश करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला महामंत्री सहित तीन लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह मामला जिले के लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में हुआ। कोतवाली क्षेत्र के तेरए निवासी चंदन सिंह ने संवाददातओं को बताया कि दो ठेकेदार उनके पिता पर एक निविदा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे थे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने पर उनके पिता को निविदा आवंटित हुई थी। आरोपियों की पहचान कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परशुरामपुर निवासी शैलेंद्र कुमार मिश्र और कोतवाली नगर के पंचरस्ता निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ बब्लू के रूप में की गई है। सिंह ने बताया कि 22 नवंबर को कामतागंज से घर लौटते समय उनके पिता को इन लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग के पास मारा-पीटा और जब वह इस घटना की शिकायत करने पुलिस थाने जा रहे थे, तभी परसरामपुर डेयरी के पास उनके पिता पर एक स्कॉर्पियो (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) चढ़ा दिया गया। सिंह ने कहा, तत्काल, उनके पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। वहां से उन्हें लखनऊस्थित ट्रामा सेंटर भेज दिया गया, जहां वह अब भी कोमा में है। भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. आर ए वर्मा ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार उर्फ बब्लू पार्टी के जिला महामंत्री है, लेकिन वह उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किए जाने से अवगत नही है।

## हर्ष फायरिंग में युवक की मौत, भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर के रेल बाजार इलाके में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता को बंदूक से गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मीरपुर कैंट निवासी मोहम्मद सादिक (32) के रूप में हुई है, जो बाउंसर का काम करने के साथ ही जिम भी चलाता था। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) शिवा जी ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्वाई करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता रामजी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया जिसने अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से कथित तौर पर जश्न में गोली चलाई थी। उन्होंने कहा, हमने फॉरेंसिक जांच के लिए उस बंदूक को भी जब्त कर लिया है जिसका इस्तेमाल जश्न में गोली चलाने के लिए किया गया था। शिवा जी ने गिरफ्तार व्यक्ति के सत्तारूढ़ भाजपा से संबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने कहा कि गुप्ता एक कार्यकर्ता के रूप में भाजपा से जुड़ा है और वर्तमान में पार्टी में उसका कोई पद नहीं है। प ु ि ल स उपायुक्त ने घटना के बारे में बताया कि शादी समारोह के दौरान मेहमानों की सुरक्षा के लिए मोहम्मद सादिक को कई अन्य लोगों के साथ काम पर रखा गया था। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह के दौरान रामजी गुप्ता ने कथित तौर पर अपनी बंदूक से गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप सादिक के सिर, गर्दन और छाती पर छर्रों से चोटें आईं। मोहम्मद सादिक के सिर और गर्दन से खून बहता देखने के बाद सहकर्मी बाउंसर उसे तुरंत लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी यूनुस पर हमले का मामला

# पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति कुर्क

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात थाना पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी यूनुस पर पिछले साल हुए हमले में वांछित चल रहे पूर्व विधायक के दो बेटों की संपत्ति शनिवार को कुर्क कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी असद और जैद पूर्व ब्लाक प्रमुख के दिवंगत भाई पूर्व विधायक हाजी अलीम के बेटे हैं। हाजी अलीम ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से दो बार जिले की सदर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। पुलिस के अनुसार पिछले साल पांच दिसंबर को दोपहर तीन बजे के करीब शादी समारोह से लौट रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी यूनुस के काफिले पर गाड़ी सवार कुछ लोगों ने गोलीबारी कर दी थी। पुलिस के मुताबिक इस हमले में पांच लोगों को गोली लगी थी, जिसमें खालिद नाम के शख्स की मौत हो गई थी। हाजी यूनुस ने अपने चार सगे भतीजों समेत छह नामजद के खिलाफ साजिश रचने और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हमले की वजह पारिवारिक विवाद के अलावा संपत्ति विवाद भी बताई गई थी। नामजद आरोपियों में से एक अनस अपने पिता हाजी अलीम की हत्या के मामले में जेल में बंद है।हाजी यूनुस पर हमले की साजिश रचने में दो अन्य लोगों बिलाल और खालिद को नौ दिसंबर को ही गिरफ्तार हाजी यूनुस पर हमले की साजिश रचने में दो अन्य लोगों बिलाल और खालिद को नौ दिसंबर को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बाकी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर) अनुकृति शर्मा ने बताया कि दिसंबर 2021 को पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी युनुस के काफिले पर हमला हुआ था जिसमें एक खालिद की मृत्यु हुई थी और पांच छह लोग घायल भी हुए थे। मामले में दर्ज प्राथमिकी में कुछ लोग वांछित चल रहे थे। इनमें हाजी अलीम के बेटे भी शामिल थे, इनमें हाजी अलीम के बेटे भी शामिल थे, जिनकी संपत्ति शनिवार को कुर्क की गई। संपत्तियों की कीमत के सवाल पर शर्मा ने बताया कि संपत्ति काफी है और अभी उसका मूल्यांकन चल रहा है।

## डीजे के वाहन से टकराई मोटरसाइकिल, युवक की मौत

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मोतीगंज में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष गोसाईगंज राघवेंद्र रावत ने बताया कि जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के विरैता पाल्हीपुर गांव के नरेंद्र वर्मा (33) बीती रात अपने ननिहाल गोसाईगंज थाना अंतर्गत बृजवारी महमूदपुर आया था और यहां बीती रात एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह अनुपम नाम के एक युवक के साथ अपने एक रिश्तेदार को लेने मोटरसाइकिल से शहर आ रहा था। रावत के अनुसार अनुपम मोटरसाइकिल चला रहा था जबकि नरेंद्र उसपर पीछे बैठा था। उनके मुताबिक मोतीगंज के पास एकाएक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, और सामने खड़े डीजे वाहन (शादी में संगीत बजाने वाला वाहन) से भिड़ गई। पुलिस के अनुसार अनुपम तो बाल-बाल बच गया जबकि नरेंद्र सड़क पर गिर पड़ा एवं काफी चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और विधिक कार्वाई करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मनाया गया संविधान दिवस



**बाराबंकी।** भारत के संविधान को अंगीकृत करने की 73वीं वर्षगांठ श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी परिसर में मनायी गयी। उप्र राज्यविधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक डॉ. रोहित पी. शाबरन तथा डॉ. प्रशांत कुमार व अन्नपूर्णा त्रिवेदी के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें विधि संकाय के विद्यार्थी व शिक्षण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कुलपति डॉ. डीके शर्मा ने स्वतंत्र लोकतांत्रिक संस्थाओं द्वारा शासित देश की प्रगति का श्रेय संविधान को दिया। न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने संविधान का मसौदा तैयार करने वाले सदस्यों की दूरदर्शिता के बारे में बात की। कुलाधिपति पंकज अग्रवाल एवं उप कुलाधिपति पूजा अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहाकि इससे समाज में जागरूकता आती है।

## पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** पत्रकार प्रेम प्रकाश द्वारा लिखी गयी एक पुस्तक ष्रिपोर्टिंग इंडियाष् के हिंदी अनुवाद का विमोचन दिल्ली में किया गया। प्रेम प्रकाश ने आजादी के बाद के भारत की कुछ दिलचस्प और यादगार पहलुओं को कवर किया है। उन्होंने 1950 के दशक से सदी के अंत तक भारतीय उपमहाद्वीप में हुई प्रमुख घटनाओं की सूचना लोगों तक पहुंचायी है। वह फ्रांस जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के अग्रणी विदेशी प्रसारकों के साथ भी काम कर चुके हैं। पुस्तक का विमोचन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके अकबर रोड स्थित आवास पर किया। पुस्तक का हिंदी अनुवाद प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

## आरेडिका में संविधान दिवस का आयोजन



**रायबरेली।** भारतीय संविधान की 73वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसण्एसण् कलसीए प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनडी राव एवं उच्चाधिकारियों द्वारा संविधान की उद्‌दशिका का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की ष् उद्देशिका का पाठ किया।इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा किए गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।इस प्रदर्शनी में आरेडिका के अधिकारियों एकर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और इस प्रदर्शनी में आरेडिका के अधिकारियों एकर्मचारियों ने प्रतिभाग किया और संविधान की ष् उद्देशिका ष् एवं ष्मौलिक कर्तव्योंष् की जानकारी के साथ.साथ संविधान निर्मताओं के संघर्षोंए कार्य कुशलता और महत्वपूर्ण योगदान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## टेस्ट मैच के मुरीद

मंत्री जी टेस्ट मैच खेलने उतरे हैं। बस इनकी एक ही इच्छा है कि भगवा सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में इनका मंत्री पद बना रहे। इसीलिए यह महोदय सरकार की पिच पर विकेट बचाकर धीरे-धीरे खेल रहे हैं। न ज्यादा कुछ करो न आरोप लगे। बस बड़े महाराज की जय जयकार करते रहो और पिच पर बने रहो। ऐसा करना इनकी मजबूरी भी है क्योंकि इन महोदय की पत्नी भी पिछली भगवा सरकार में मंत्री थी जिन्होंने बाल विकास करते हुए पांच साल सफलता से पूरे किए थे। भगवा सरकार की दूसरी पारी के लिए भी मंत्री महोदया ने छलांग मारने कोशिश की थी लेकिन तभी इनके दयावान पति बीच में आकर कूद पड़े और जंग भी जीत ली। सौभाग्य से मंत्री भी बन गए वह भी पहियों वाले मंत्री। इन दयावान मंत्री जी के पास अब काम से ज्यादा पत्नी के सामने प्रतिष्ठा बचाना महत्वपूर्ण हो गया है। कहीं ऐसा न हो बीच में ही किसी कारण से हटा दिया जाए। तब बेचारे यह महोदय पत्नी को क्या मुंह दिखाएंगे। इसीलिए मंत्री महोदय भगवा सरकार में टेस्ट मैच की तरह धीरे धीरे खेल रहे हैं। बगैर आरोप प्रत्यारोप के। बस एक ही इच्छा है। सुरक्षित पांच साल बीत जाएं और घर में इज्जत बनी रहे।



## कोराना का डंक

राजधानी की सेहत की जिम्मेदारी संभालने वाले सीएमओ साहब खुद पॉजिटिव हो गए है। इस समय होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं। समझ में नहीं आ रहा है कि इस समय राजधानी डेंगू के डंक से परेशान है और साहब कोरोना से। उधर तो लगता था कि कोरोना अब बीते दिनों की बात हो गई। कभी कभार बीच बीच में एक दो केस सुनने को मिल जाते थे। लेकिन विभाग में जिले के मुखिया के बीमार पड़ते ही हलचल मच गई। आनन फानन में कई लोगों ने टेस्ट भी करा डाले। यह वो लोग थे जो साहब के इर्द गिर्द रहते हैं। राहत की बात यह है कि साहब के अलावा कोई और नही निकला। फिलहाल साहब तो बीमार हैं लेकिन सुनने में आ रहा है कि घर से ही वह विभाग चला रहे है। अलबत्ता केवल बैठकों में नहीं जाते और न ही आफिस आते हैं। बाकी सारा काम देख रहे हैं। लगता है कि साहब को कोरोना का डंक अच्छी तरह से पता है।

## विदेश नहीं तो देश सही

अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन को लेकर सभी प्रमुख विभाग और उनके अधिकारी तथा मंत्री गण विदेश दौरे का कार्यक्रम बना रहे हैं जो कि नवंबर के अंत से शुरू हो जाएंगे। इस दौरे में विभाग के मंत्री गण और विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव दोनों विदेश दौरे पर जाएंगे लेकिन बेचारे विभाग के राज्यमंत्री का क्या दोष। उन्हें तो कोई पूछ ही नहीं रहा है। कैबिनेट मंत्री अपने ही दौरे की सेटिंग में लगे हैं और कुछ तो सीधे महाराज जी के साथ विदेश दौरे के जाने की फिराक में लगे हुए हैं। कार्यक्रम धीरे धीरे बन रहा है जिसमें कुछ मंत्री अभी जाएंगे कुछ मंत्री अगले महीने जाएंगे और यह सिलसिला दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मंत्री तो विदेश की सैर करके आएंगे लेकिन राज्यमंत्री सिर्फ देखते ही रह जाएंगे क्योंकि फिलहाल अभी उनके विदेश जाने का कोई कार्यक्रम सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किया गया है। इसलिए राज्यमंत्री अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शायद अगले महीने उन्हें भी विदेश न सही तो कम से कम दूसरे राज्यों में तो खासतौर से जो बड़े महानगर हैं वहां जाने का मौका मिले। मजेदार बात यह है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे माननीय को विदेश दौरे पर जाने का मौका मिला तो उन्होंने यूपी विधानसभा के होने वाले कई कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया।

## बाहर आते राज

एलडीए के बड़े साहब को सब ठीक ठाक लग रहा था। बड़े साहब, आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले बड़े साहब। फिर क्या था! साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए स्मारक समति के बाबू और अधिकारी पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं।



## पेट्रोल वाले कप्तान

बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह वाली कहावत पूर्वांचल के एक जिले के पुलिस कप्तान पर फिट बैठती है। बीते महीनों में बाढ़ के समय इस जिले के डीएम साहब का एक गैरजिम्मेदाराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें उन्होंने भूख से बेहाल जनता को राहत के बजाए नसीहत दी थी कि हम जोमैटो नहीं चला रहे। अब इसी जिले के पुलिस कप्तान का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह अपने डीएम से भी चार हाथ आगे निकल गए हैं। समाधान दिवस के दौरान पत्नी से प्रताड़ित एक व्यक्ति न्याय के लिए पहुंचा था। उसका कुसूर सिर्फ इतना था कि पीड़ित ने कहा दिया कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा। फिर क्या था कप्तान साहब का पारा चढ़ गया और उन्होंने एक दारोगा को आदेश दिया कि इसे पेट्रोल दे दो। फिर पीड़ित को ही फटकार कर हवालात में डालने का आदेश दे दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कप्तान अब सफाई देते घूम रहे हैं कि उस व्यक्ति ने कहा था कि तीन साल से दौड़ते-दौड़ते उसका तेल निकल गया है और अब मैं मर जाऊंगा। जिस पर मैने कहा कि भाई इसे तेल दे दो।

# अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने कर्तव्यों को समझें: सुरेश खन्ना

## संविधान दिवस पर लोकभवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, उद्देशिका का पाठन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर लोक भवन के सभागार में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि 2015 से पहले संविधान दिवस मनाने के संबंध में कोई विचार नहीं किया परंतु पीएम मोदी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने पूरे देश में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के रूप में मनाए जाने के लिए प्रेरित किया। जिससे कि सभी देशवासी संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझ सकें। उन्होंने कहा कि हम अधिकारों की बात तो करते हैं परंतु अधिकार तब तक नहीं मिल सकते जब तक उससे जुड़े व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन न करें। हमारे संविधान निर्माताओं ने दुनिया के संविधान में जो अच्छी चीजें थी उसको भारतीय संविधान में समाहित किया है। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के एक वक्तव्य को कोट करते हुए कहा कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो, उसे लागू करने वाले की मनसा और कार्य करने की शैली प्रभावी रहती है। संविधान दिवस पर इन मौलिक कर्तव्यों का विशेष महत्व है जिससे कि इस अवसर पर हम इन कर्तव्यों को अवश्य याद करें और उनका पालन करें। अधिकारों का महत्व तभी है जब हम अपने कर्तव्य को भलीभांति समझें और उसका पालन करें। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे प्राचीनतम लोकतंत्र है और उस लोकतंत्र का प्राण हमारे संविधान में बसता है।

संविधान निर्माताओं ने तमाम देशों के संविधानो का अध्ययन करने के उपरांत अपने देश की संस्कृति, चेतना और विरासत को समावेशित करते हुए इस संविधान का निर्माण किया है। संविधान में जिन कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है उनका पालन करते हुए हम इस अमृत काल में अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे। कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमार खन्ना द्वारा सचिवालय परिसर में स्वच्छ सचिवालय अभियान संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत चंचलता श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार, किसलय सिंह को द्वितीय पुरस्कार तथा जुबेर हुसैन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बाह्य परिसर के लिए मोहित अग्रवाल एवं रामजनम यादव को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। संविधान दिवस की अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम विस्तार की पारखी मिश्रा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मलिहाबाद की बुशरा हसीन तथा शिया पीजी कॉलेज की सपना सिंह को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत बेसिक विद्यालय खुशाल गंज काकोरी लखनऊ की काजल रावत, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमिना रोड लखनऊ की सलोनी जयसवाल व शिया पीजी कॉलेज के हीरा मलिक को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

# यूपी को शीघ्रता से उर्वरक सप्लाई में रेलवे करेगा सहयोग



● कृषि मंत्री ने की रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उत्तर प्रदेश में डीएपी उर्वरक की शीघ्रता से आपूर्ति कराने के लिए रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी के साथ बैठक की। रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी द्वारा उर्वरक आपूर्ति में यथासंभव सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश कृषि उर्वरक के संयुक्त निदेशक एके पाठक भी शामिल थे।

बैठक में बताया गया कि पूर्वी पोर्ट पारादीप, काकीनाडा, गंगावरस, कृष्णा पट्टनम से रेक्स की उपलब्धतता बढ़ाई जाए तथा उड़ीसा, झारखंड में उर्वरक रैक्स बहुत ज्यादा समय तक स्टेबल रहती है जिसकी वजह से उनको गन्तव्य तक पहुंचने में बिलम्ब होता है। वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई का मुख्य समय चल रहा है, जिसके दृष्टिगत कृषकों के मध्य फास्फेटिक उर्वरकों डीएपी-एनपीके की अत्यधिक मांग है। उर्वरकों की समय से आपूर्ति करने में रेलवे का महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। वर्तमान माह नवम्बर में डीएपी की धीमी आपूर्ति के कारण प्रदेश के कतिपय जनपदों में कृषकों को फसलों की बुवाई के समय सुगमतापूर्वक डीएपी की उपलब्धता कराने में कठिनाई हो रही है। माह नवम्बर में उत्तर प्रदेश को पूर्वी पोर्ट काकीनाडा, कृष्णापट्टनम, गंगावरम, बाईजैक एवं पारादीप से 149800 मी. टन डीएपी उर्वरक का आवंटन के सापेक्ष 24 नवंबर 2022 तक 67000 मी. टन की आपूर्ति हो सकी। पोर्ट से फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति धीमी होने के समबन्ध में उर्वरक कम्पनियों के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि उपरोक्त पूर्वी पोर्ट से आपूर्ति के लिए रैक्स पर्याप्त संख्या में नहीं मिल पा रही है। मैसर्स इफ को एवं पीपीएल के पारादीप प्लान्ट से तथा पूर्वी पोर्ट से डिस्पैच होने वाली रैक्स उडीसा एवं झारखण्ड में अत्यधिक स्टेबल होने के कारण 8 से 10 दिनों में गन्तव्य तक पहुंच पा रही है। 25 नवम्बर से 30 नवम्बर 2022 के मध्य पश्चिनी पोर्ट मुन्द्रा, काण्डला एवं पीपावा पर डीएपी उर्वरक के शिप प्राप्त हो रहे है। इन पोर्ट से मांग के अनुरूप रैक की उपलब्धता शीघ्रता से कराया जाना आवश्यक है। रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन बीके त्रिपाठी द्वारा उर्वरक आपूर्ति में यथासंभव सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया गया है। बैठक में उत्तर प्रदेश कृषि उर्वरक के संयुक्त निदेशक एके पाठक ने भी सहभागिता की।

# भाजपा सरकार लगातार संविधान को कमजोर कर रही: नकुल दुबे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि आज देश में नफरत व विघटन की राजनीति हो रही है। देश का लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है भाजपा सरकार लगातार संविधान को कमजोर करने का कार्य कर रही है। ऐसे में हम सब को एकजुट होकर अपने संविधान की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

दुबे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अनुसुईया शर्मा, प्रो. रविकांत एवं मनीष सिंधवी की उपस्थित में सेवादल कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली द्वारा सभी कांग्रेसजनों को संविधान की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया।

प्रांतीय अध्यक्ष दुबे ने कहा कि आज हमें अपनी बात को कहने का भी अधिकार नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 19 के अन्तर्गत जो हमें अपनी बात कहने का अधिकार प्राप्त हुआ है वह आज समाप्त होता नजर आ रहा है। कार्यक्रम में आए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफ़्सर रविकांत ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान को अपनाया गया था और भारत देश को समर्पित किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। जिसका आरएसएस द्वारा विरोध किया गया और कहा कि इस संविधान में भारतीय कुछ भी नहीं है। भारतीय संविधान में सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत प्रावधानों को शामिल किया गया।

## चेक बाउंस मामले में एफआईआर को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक साजिश

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी में रेप पीड़िता के परिवार की आर्थिक सहायता के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा दी गई चेक के बाउंस होने के बाद एफआईआर दर्ज होने के मामले में कांग्रेस ने सफाई पेश की है। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने रेप पीड़िता परिवार के सदस्य मुनेश कुमार द्वारा कराई गई एफआईआर को राजनीतिक दबाव में किया गया अमानवीय कृत्य बताया है। जो पूरी तरीके से राजनीतिक साजिश और जल्दबाजी का नतीजा है।

नकुल दुबे ने शनिवार को प्रेस वार्ता द्वारा पूरे प्रकरण की वस्तु स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि चेक रिटर्न होने की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार से प्रदेश कांग्रेस के जिम्मेदार लोगों ने लगातार संपर्क किया और पूरे पीड़ित परिवार से प्रकरण को लेकर आम सहमति थी। प्रदेश कांग्रेस ने उसे पार्टी स्तर पर पुन: दूसरा चेक देने को भी कहा। इसके साथ ही बैंक द्वारा रिटर्न मेमो संख्या 5 के अनुसार पुन: चेक जमा करने को भी खाताधारक पीड़ित परिवार को बोला गया था। उन्होंने कहा कि आज चौथा शनिवार, कल रविवार तथा सोमवार को भी बैंक अवकाश होने का बगैर ख्याल करे पुलिस ने राजनीतिक दबाव और षड्यंत्र के तहत पार्टी की छवि खराब करने के लिए जल्दबाजी में एफआईआर दर्ज किया है।

# खेती से विमुख होकर रोजगार के लिए शहर की ओर पलायन कर रहा है युवा वर्ग: भूसरेड्डी

● संवाद कार्यक्रम में गन्ना किसानों ने साझा किए खेती के अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ने की प्रति हेक्टेयर उपज को अधिकाधिक बढ़ाने तथा युवा गन्ना किसानों में उत्पादकता पुरस्कारों के माध्यम से स्वस्थ प्रतियोगी भावना का संचार करने का के लिए शनिवार को डालीबाग स्थित गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार में 'प्रगतिशील युवा गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहारनपुर परिक्षेत्र के युवा गन्ना किसानों के साथ वर्चुअली संवाद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर भूसरेड्डी द्वारा की गयी। भूसरेड्डी द्वारा युवा गन्ना कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि गन्ना विकास विभाग गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से निरन्तर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग खेती से विमुख होकर छोटे-मोटे रोजगार के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं क्योंकि युवा वर्ग कृषि कार्य को सम्मानजनक महसूस नहीं करता है। इसलिए गन्ना विकास विभाग द्वारा युवाओं को सम्मानजनक रूप से गन्ना खेती से जोड़ने के लिए पहल की गयी है। युवा गन्ना किसानों द्वारा गन्ने की खेती को आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से करते हुए जिले, परिक्षेत्र एवं राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है।

# मेट्रो, रेल और रोड के जरिए दिल्ली से कनेक्ट होगा जेवर एयरपोर्ट

● नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाने का भी प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यात्री** सुविधाओं को सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार नए-नए प्रयास कर रही है। इसी के तहत नोएडा के जेवर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने एवं ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है। इन माध्यमों के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे इस कदम को लेकर लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। मेट्रो लाइन को ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक

## ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक होगा मेट्रो का विस्तार

विस्तारित किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है जिससे महज 21 मिनट में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के नार्थ और ईस्ट एरिया को रोड कनेक्टिविटी भी प्रदान की जा रही है। मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा एयरपोर्ट की प्रोग्रेस रिपोर्ट को साझा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा। यीडा और डीएमआरसी ने डीपीआर और फीजिबिलिटी रिपोर्ट अगस्त 2022 में ही तैयार कर ली है। ग्रेटर नोएडा से ओइड एयरपोर्ट तक ट्रैफिक रिपोर्ट का अपडेट भी 16 जून को स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। वहीं यहां रेलवे नेटवर्क बिछाए जाने की भी तैयारी जोरों से हो रही है। प्रदेश सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रही है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। रोड के जरिये एयरपोर्ट तक यात्री आसानी से पहुंच सकें इसकी भी तैयारी है। विभिन्न सर्विस रोड के अलावा विभिन्न दिशाओं से रोड के जरिये एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। ईस्ट रोड के जरिये जहां ये जेवर खुर्जा रोड से कनेक्ट होगा तो वहीं ययमुना एक्सप्रेस वे से इसे जोड़ने के लिए टेंडर पास ही चुका है और वर्क ऑर्डर भी जारी किया जा चुका है। बल्लभगढ़ के रास्ते इसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से भी जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश सरकार जमीन के अधिग्रहण पर 260 करोड़ रुपए खर्च करेगी। साथ ही सरकार एनएचएआई को 8.5 किमी का लिंक रोड बनाने के लिए जमीन फ्री ऑफ कॉस्ट उपलब्ध कराएगी।

# ऑटो इंडस्ट्री का हब बनेगा मध्य व पश्चिमी यूपी, विदेशों में होगी सप्लाई

## योगी सरकार इसके लिए 10 हजार एकड़ जमीन कराएगी उपलब्ध, खर्च होंगे 20 बिलियन डॉलर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए पश्चिमी और मध्य यूपी को ऑटो और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री के साथ ही इससे जुड़े कंपोनेन्ट्स की इंडस्ट्री का हब बनाने का निर्णय लिया है। सीएम योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पश्चिमी और मध्य यूपी में ऑटो और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री के लिए पहले से पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, बस इसे और विकसित करने की जरूरत है, क्योंकि ऑटो सेक्टर में इलेक्ट्रिक व्हीकल की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। इससे रोजगार के साधन भी इस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर उपलब्ध होंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में ऑटो इंडस्ट्री में यूपी की ग्रोथ स्टेट वैल्यू एडिशन डेढ़ बिलियन डॉलर थी जिसे अगले पांच वर्ष में पांच बिलियन डॉलर किया जा सकता है। यहां पर इंडस्ट्री के विकास के लिए पश्चिमी और मध्य यूपी में 9 से 10 हजार एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी, इसके लिए योगी सरकार 19 से 20 बिलियन डॉलर खर्च करेगी। वहीं यहां बने इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ ऑटो पार्ट्स को यूकेए यूएसएए ऑस्ट्रेलिया और साउथ एशिया में सप्लाई किया जाएगा। दरअसल वहां पर टू और थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी की डिमांड काफी ज्यादा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि ऑटो इंडस्ट्री में लार्ज और एमएसएमई इंडस्ट्री का अहम रोल है और यह दोनों ही इंडस्ट्री पश्चिमी और मध्य यूपी में पर्याप्त मात्रा में पहले से स्थापित हैं। इसके साथ ही इन इंडस्ट्री के इक्यूपमेंट के एक्सपोर्ट के लिए यहां पर एक्सप्रेस वे भी मौजूद है। वहीं एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए यहां पर आसानी से ईस्टन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को विकसित करने के साथ एक्सप्रेस वे से कनेक्ट किया जा सकता है। योगी सरकार ऑटो इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, हापुड़, कानपुर नगर और मेरठ को लार्ज इंडस्ट्री के निर्माण के लिए चुना है जबकि एमएसएमई इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए आगरा, शाहजहांपुर, अलीगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर और इटावा को चुना गया है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए पश्चिमी यूपी को ओरिजनल इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरर बेल्ट के रूप में विकसित करने के लिए यहां पर्याप्त संसाधन भी पहले से उपलब्ध है। वहीं मध्य उत्तर प्रदेश ऑटो इंडस्ट्री के लिए सबसे जरूरी मेटल इंडस्ट्री के साथ इससे जुड़ी अन्य इंडस्ट्री के लिए काफी उपयुक्त है। यहां पर इन इंडस्ट्री के लिए एमएसएमई इंडस्ट्री पहले से मौजूद हैए बस इसे और बड़ा रूप देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि पश्चिमी यूपी में ऑटो जोन और ऑटोमोटिव इंडस्ट्री को विकसित करने के लिए इससे जुड़े सहायक और डाउनस्ट्रीम उद्योग पर फोकस करना होगा। इसके लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल ओरिजनल इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरर के सहायक उद्योग रबड़ प्रसंस्करण, प्लास्टिक, धातु, मशीनरी, कांच उद्योग को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करना होगा। साथ ही प्रदेश में ईवी चार्जिंग नेटवर्क को बढ़ाना होगा। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की बात कही। इलेक्ट्रिक ऑटो इंडस्ट्री प्रोडक्ट की डिजाइन, उसके रिसर्च, ईवी चार्जिंग पर केंद्रित है। इसमें बैटरी, बैटरी केमिकल, सेल मैन्युफैक्चरिंग, फ्यूल और वेल्डिंग का अहम रोल है। ऐसे में इसके लिए कास्टिंग, वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल एसेंबल टेक्नीशियन के साथ हीट ट्रीटमेंट टेक्नीशियन की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। इन पदों पर सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध होंगे। इसको लेकर सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2017 में इस सेक्टर में 60 से 70 हजार लोगों को रोजगार मिला था। वहीं इसकी ग्रोथ से अगले पांच वर्षों में 90 हजार से 1.10 लाख प्रति वर्ष रोजगार उपलब्ध होंगे।

# संविधान दिवस पर मौलिक अधिकारों की आजादी पर हुई चर्चा

● पूर्व विधि परामर्शी राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन ने डाला प्रकाश

● लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने भी रखे विचार

संवाददाता। सीतापुर

**महर्षि दधीचि** की तपोभूमि मिश्रिख स्थित श्री चंद्र भगवान लॉ डिग्री कालेज में संविधान दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधि परामर्शी राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन एस.एस. उपाध्याय ने बताया कि संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया। हालांकि इसे 26 जनवरी 1950 को किया गया। उन्होंने बताया कि संविधान द्वारा ही मौलिक अधिकारों की आजादी मिली। सभी को शिक्षा का अधिकार मिला। सिंद्धातों का संग्रह ही संविधान है। कार्यक्रम में एलएलबी उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री का वितरण किया गया। लघु नाटिका के माध्यम से अधिकारों की पहचान कराई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण से हुआ। कार्यक्रम में संविधान से संबंधित तमाम जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष महंत सियाराम दास, प्रबंधक डाक्टर रिंटू सिंह, आलम खान, आशुतोष दीक्षित सहित समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नाट्य के माध्यम से जीडी गोयनका स्कूल के छात्रों को किया गया जागरूक

**सीतापुर ।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों को यातायात संबंधी जानकारी दी गई। छात्रों ने भी सड़क सुरक्षा से संबंधित शानदार नाट्य प्रस्तुत कर सभी को यह संदेश दिया कि इस विद्यालय के बच्चों को यातायात नियमों की सभी महत्वूपर्ण जानकारियां है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने दीप प्रज्जवलन एवं एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई मां सरस्वती का पूजन कर किया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डा. राजीव दीक्षित ने माह नवंबर को यातायात माह के रूप में क्यों मनाया जाता है, यह जानकारी दी। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने छात्रों को बताया कि यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल कतई न करें। किसी के घायल हो जाने के स्थिति में तुरंत उसको हास्पिटल पहुंचाए सेल्फी लेने का प्रयास न करें, उन्होंने तुरंत सहायता के लिए 112 और 108 से संपर्क करने के बारे में बताया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम की प्रमुख उद्घोषिका पुनम सिंह के मार्ग दर्शन में शिक्षिका गरिमा जायसवाल द्वारा प्रार्थना का गायन कराया गया। संगीत विभाग प्रमुख प्रखर श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन में छात्रों ने गायन कर मनमोहा। ईप्शिता त्रिवेदी और एंजेल बाजपेई ने सड़क सुरक्षा के नियम बताए। शिवांशु वर्मा द्वारा यातायात के चिन्हों को चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के हेड गर्ल वृंदा महावर ने सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रबंधन कमेटी के सूर्यांश सहगल, चेयरमैन मोनू सहगल, टीआई फरीद अहमद सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# बेटा बेटी में नहीं करना चाहिए किसी तरह का भेदभाव

संवाददाता। सीतापुर

**24- स्टडी** हॉल एजुकेशन फाउंडेशन एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साझा प्रयास से गैर बराबरी पखवारा सम्मान समारोह का आयोजन एच टी के पैलेस लहरपुर में किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान ने बताया हमें बेटा बेटी में किसी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए। सभी को बराबरी का हक मिलना चाहिए। उन्होंने डायल 100नंम्बर, डायल 1090 डायल 1093 चाइल्ड हेल्पलाइन नजदीकी पुलिस हेल्पलाइन वीमेन पावर हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीओ लहरपुर सुजीत कुमार दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, ग्राम प्रधान शुभम, प्रधान इशरत अली समेत कई ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान तथा गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह को वितरित किया गया ऋण

सीतापुर। स्वयं सहायता समूह के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा हरगांव की ओर से क्षेत्र की प्रगति के लिए संचालित स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने संयुक्त रूप से की। डीएम, एसपी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने देश की प्रगति के लिए अग्रसर स्वयं सहायता समूह को ऊपर उठाने के उद्देश्य से आगे आकर ऋण उपलब्ध कराने की गई पहल की सराहना की। पुलिस अधीक्षक सीतापुर ने कहा कि पहले ऋण लेने के लिए बैंक तक जाना पड़ता था, आज बैंक स्वयं पहल कर रही है।

## क्विक न्यूज

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बरेली ।** तेजी से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार दो लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुता थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी मोहम्मद साकिब और उसके चचेरे भाई साहिल को आज सुबह घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि साकिब और साहिल आज सुबह मोटरसाइकिल से अपने किसी काम से सेटेलाइट बस स्टैंड आने के लिए घर से निकले थे लेकिन जब रास्ते में वह बीसलपुर चौराहा पर पहुंचे तभी तेजी से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार को लोगों ने रोक लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और उनके पास मिले मोबाइल फोन से उनके घर वालों को सूचना देकर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### दुर्घटना में घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

**बरेली ।** कार की टक्कर से घायल एक युवक की लंबे समय तक चले इलाज के बाद बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 45 वर्षीय रामदास पुत्र हुलासी राम कि बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि रामदास अविवाहित था और मजदूरी करके गुजारा चलाता था वह 6 अक्टूबर को अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन रिठौरा चौकी के सामने तेजी से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़ लिया लेकिन वह मौका देखकर वाहन समेत फरार हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां से कुछ दिन पहले ही उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।

### नाबालिग से रेप का आरोपी गया जेल

**बरेली।** नाबालिग लड़की से रेप के बाद फरार हुए आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी निवासी फरमान पुत्र अब्बास अहमद को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । ज्ञात हो कि गिरफ्तार फरमान ने गांव में ही रहने वाली एक 12 वर्षीय लड़की को कुछ दिन पहले बहला-फुसलाकर अपने साथ अपने साथ रेलवे स्टेशन तक ले गया था लेकिन वहां उसने लड़की को नशीला पदार्थ देकर एक होटल में ले जाने के बाद लड़की के साथ रेप किया और फरार हो गया उसकी जान-पहचान लड़की से उस समय हुई थी जब वह लड़की के घर पर टाइल्स लगाने गया था रेप की घटना के बाद लड़की जब अपने घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर मा ने से पहचान लिया और पूछताछ के बाद पूरी घटना की जानकारी करके मां थाने पहुंची और फरमान के विरुद्ध शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की तब पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**बरेली ।** जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी एक युवती को आज सुबह उसके घर वाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उन्होंने बताया कि युवती के मोहल्ले के ही रहने वाले एक युवक से 5 सालों से प्रेम प्रसंग में चल रहे थे युवक ने उससे विवाह करने का वायदा किया था लेकिन कुछ दिन पहले युवक का विवाह किसी दूसरे स्थान पर तय हो गया यह बात युवती को पता चली तो उसने युवक से पूछताछ की उसने युवती से विवाह करने से साफइंकार कर दिया जिससे नाराज युवतीने बीती रात घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर घर के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे ।

### ट्रेन से टकराई बाइक मजदूर की मौत

**बरेली ।** मोटरसाइकिल पर रेलवे लाइन पार कर रहे एक मजदूर की ट्रेन की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर निवासी 35 वर्षीय भूप राम पुत्र राम सिमरन की बीती रात गांव के पास ही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि भूपराम कल सुबह मोटरसाइकिल पर मजदूरी करने के लिए घर से निकला था जहां से देर शाम वह घर वापस लौट रहा था तभी रेलवे लाइन पार करते समय उसकी मोटरसाइकिल ट्रेन की चपेट में आ गई और दूर जा गिरी जिससे भूप राम की मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नीलम है ।

### थाना समाधान दिवस में डीएम.एएसपी ने सुनी समस्याएं

**लखीमपुर खीरी।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के संग थाना खीरी व थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। थाना समाधान दिवस थाना खीरी में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह नायब तहसीलदार अतुलसेन सिंह मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह थाना कोतवाली सदर पहुंचेए जहां पर मौजूद फरियादियों को समस्याओं मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। इस दौरान तहसीलदार सुशील प्रताप सिंहए प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे।

# बाइक सवारों ने युवक को मारी गोली जिला अस्पताल किया गया रेफर

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**बांकेगंज में** कृषि विभाग में तैनात एक कर्मचारी को संसारपुर जाते समय अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मार दी गयी। घायल युवक को तुरन्त सीएचसी बांकेगंज लाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। युवक का नाम मदन मनोहर वर्मा है जो कि गोला के पास देवकली का निवासी है। घटना बांकेगंज.संसारपुर रोड की है।शनिवार दोपहर करीब 3 बजे बांकेगंज के राजकीय कृषि बीज भण्डार एंव कृषि रक्षा इकाई में असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एटीम के पद तैनात मदन मनोहर वर्मा 37 अपने विभागीय काम से संसारपुर की ओर जा रहे था। मदन ने बताया कि संसारपुर रोड पर जोखेपुर गांव जाने वाली पुलिया के आगे जैसे ही निकला था कि उसे लगा कि पीछे से उसके शरीर में पसलियों के नीचे कुछ घुस गयाहै। तभी उसने बाइक रोक दी।

● मदन ने बताया कि संसारपुर रोड पर जोखेपुर गांव जाने वाली पुलिया के आगे जैसे ही निकला था कि उसे लगा कि पीछे से उसके शरीर में पसलियों के नीचे कुछ घुस गयाहै। तभी उसने बाइक रोक दी

### सहयोगी ने सीएचसी पहुँचाया

**गोला गोकर्णनाथ।** उनकी बाइक के आगे चल रहे उनके सहयोगी हेमपुर निवासी विपिन चौधरी ने बताया कि जब गोली की आवाज सुनी और और मदन को बाइक रोके देखा तो वह भी पीछे मुड़कर आया और तब मदन ने उसको बताया कि उसको किसी ने गोली मार दीहै । तब विपिन चौधरी ने तुरन्त एक सहयोगी आरिफ की सहायता से घायल मदन को सीएचसी बांकेगंज पहुंचाया। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर उसे जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### लाल रंग की अपाचे बाइक से थे हमलावर

लखीमपुर खीरी। प्रत्यक्षदर्शी आरिफ ने बताया कि युवक पर हमला करने वाले दो लोग थे। जो कि लाल कलर की अपाचे बाइक सेथे । जिस व्यक्ति ने गोली चलायी उसका मुंह बंधा हुआ था। आरिफ ने बताया कि उसे लगा गाड़ी का टायर फटा है लेकिन जब घायल मदन को पास पहुंचा तब पता चला उसे गोली चली थी।

### घायल युवक ने किसी से विवाद न होने की बात वही

**गोला गोकरणनाथ।** वही घायल मदन ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। वह रोजाना अपने घर से बांकेगंज आता था और फील्ड का काम देखता था। गौरतलब है कि कृषि विभाग में मदन का बीज वितरणए पीएम किसान योजनाए पराली अवशेष जलाने को लेकर लोगों को जागरूक करना व संगोष्ठी आयोजन का कार्यथा ।

### सीओ ने कहाः मामले की जांच हो रही है

गोला गोकर्णनाथ। घटना के बाद से थानाध्यक्ष राहुल सिंहए सीओ राजेश यादव अपने दलबल के साथ घटना स्थल का निरिक्षण किया व मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। सीओ राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा होगा।

# घटिया सड़क बनाने वाली बालाजी बिल्डर्स फर्म पर एफआईआर

**मोहम्मदी खीरी।** घटिया सड़क बनाने वाली बालाजी बिल्डर्स फर्म के प्रोपराईटर संजीव सिंह चौहान पर दर्ज हुई आईपीसी की धारा 283ए 418 और 431 के तहत एफआईआर दर्ज हो गयी है। लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्डदृ 2 में तैनात सहायक अभियंता अमित कुमार यादव ने ठेकेदार पर दर्ज कराई एफआईआर हैण् ग्रामीणों का सड़क को हाथों से उखाड़ने का वीडियो वायरल हुआ था। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत कुंभी ब्लॉक के अमीर नगर में पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा डामरीकरण का कार्य किया जा रहा था जिसमें मानक के विपरीत डामय डाला जा रहा था। ग्रामीणों ने सड़क के तारकोल उखाड़ कर देखा तो पूरी तरह मानक विहीन सडक थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ जिसका संज्ञान शासन स्तर से लिया गया। जिसकी जांच के आदेश पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता को दी गई जिसमें उन्होंने जांच में ठेकेदार को पूर्णता दोषी पाया गया। अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदी में ठेकेदार के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच पुलिस करने में जुट गई है।

## पशुपालन विभाग द्वारा सात दिवसीय बैकयार्ड पोल्ट्री प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक सभागार रमियाबेहड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं को बैकयार्ड पोल्ट्री प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौराहरा डॉ राकेश कुमारएपशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर डॉ प्रदीप कुमारए वेटरनरी फर्मासिस्ट राजेश प्रसाद ब्लॉक मिशन मैनेजर मोहम्मद अकमल एडीओ आईएसबी अनुज अवस्थी पशुधन प्रसार अधिकारी डाण् अनिल दुबे की उपस्थिति में बैकयार्ड पोल्ट्री के लिए चयनित महिलाओं को मुर्गियों से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ अनिल दुबे ने बैकयार्ड पोल्ट्री के तहत अनुसूचित जाति की महिलाओं को पशुपालन विभाग द्वारा 50.50 देसी मुर्गियों के बच्चे एवं दवाई निशुल्क दिया जाएगा जानकारी दी।

# डीएम ने संविधान दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

## जिलेभर में हुआ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन

**लखीमपुर.खीरी।** शनिवार को जिलेभर में संविधान दिवस पूरे उत्साहए उल्लास एवं उमंग के साथ मना। सभी कार्यालयों स्कूल.कालेजों संस्थानों स्वायत्तशासी निकायो सार्वजनिक उद्यमों में संविधान की प्रस्तावना का पाठन सामूहिक रूप में किया गया।

शनिवार सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीएम ने सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प की शपथ दिलायी तथा संविधान मे निहित मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है। हमारी नयी पीढ़ी को संविधान के साथ.साथ उसकी प्रक्रिया उद्देश्यों के सम्बन्ध मे जानकारी होनी चाहिएए जिससे भारत की प्रभुता एकता और अखण्डता की रक्षा एवं उसे अक्षुण बनाये रखने मे महत्वपूर्ण योगदान दे सके। डीएम ने संकल्प दिलाया कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगेए संवैधानिक आदर्शोंए संस्थाओंए राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा एवं महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुत्व बढ़ाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदेशों को बढ़ावा देंगे।

# रतीराम लोधी जिला अध्यक्ष व ओमप्रकाश लोधी बने महामंत्री

संवाददाता। निघासन खीरी

**राष्ट्रीय लोधी** महासभा सदस्यता अभियान के द्वारा मथुरा जिले के मनोज गार्डन में लखीमपुर खीरी के तहसील निघासन के देवीदीन पुरवा निवासी रतीराम लोधी को राष्ट्रीय लोधी महासभा की संस्थापक व केन्द्रीय भण्डारण निगम भारत सरकार की डारेक्टर अनुपमा सिंह जी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष ई0 कृष्णचंद्र लोधी नें इनके कार्यों को देखते हुए पुन: दोबारा जिला अध्यक्ष बनाया है और लखीमपुर के निवासी शिक्षक ओमप्रकाश लोधी जी और धौरहरा तहसील के विकिल लोधी को महामंत्री व निघासन तहसील के खैराहनी निवासी भगौती प्रसाद लोधी को संगठनमहामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इन सभी पदाधिकारियों को जिले में समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक व ईमानदारी से समाज के उत्थान हेतु कार्य करने के लिए संगठन नें विश्वास जताते हुए अहम जिम्मेदारी सौंपी है। रतीराम लोधी को व जिले के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलते ही समाज के लोग व अन्य समाज के सम्मानित लोगों ने फोन पर व सोशल मीडिया पर काफी बधाइयां दी। इसमें सर्वप्रथम खीरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व नागेन्द्र सिंह सेंगर पत्रकार आयुष पांडे अभिषेक लोधी संदीप सिंह संजय गिरी डॉ कमलेश पाल संतोष लोधी प्रधान रमेश लोधी जय राम सुनील कुमार पत्रकार सुरेश राजपूत और राजेश राजपूत अभिषेक अवस्थी गोकुल प्रसाद लोधी समेत काफी शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया व फोन पर खूब बधाइयां दी।

## आठ दिसंबर तक दावा आपत्तियां दाखिल करने का समय

**मोहम्मदी.खीरी।** उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित हैए जिसमें दिनांक 09.11.2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाना है। विधान सभा मोहम्मदी के माध्यम से कार्य सही न होने के कारण बैठक आहूत की गयी वो। किन्तु उक्त बीएलओ अनुपस्थित रहे। इनके कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर उदासीनता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर 2 दिन में बीएलओ के द्वारा निर्वाचन कार्य में सुधार नहीं लाया गया तो निम्न बीएलओ का वेतन रोका जायेगा। शिक्षा विभाग के कुल 30 बीएलओ शशिबाला माधुरी गौतम नीलम मिश्रा रेखावर्मा बालक राम कालिका प्रसाद अजीत कुमार रूवी देवी राकेश कुमार यादव प्रतिभा सिंह शिव कुमार अनीता कुमारीएख्याति शर्मा योगराज सुशील कुमार शहनाज कुरैशी तलत फात्मा सोनपाल रेखा गुप्ता रामसिंह बृजेश कुमार राम प्रकाश चमन लाल हीरालाल राजेन्द्र प्रसाद अनीता रानी सुमन द्रगवेन्द्र सिंह रचना कुशवाहा आरती गुप्ता विकास विभाग के कुल 26 बीएलओ धर्मेन्द्र कुमार कमलेश सोनकर सर्वेश कुमार सत्यपाल प्रदीप कुमार सिंह सुरेन्द्र सत्यप्रकाश राजेश कुमार सत्यपाल आशाराम संध्या देवी रेशमा देवी कल्पना आरती देवी आरती देवी अभिषेक मो इकरार मुजलिम सज्जन वेग जदुपाल चंद अनिल कुमार विरेन्द्र कुमार भार्गो नरेशपाल सिंह सर्वेश कुमार सुनील कुमार आफरीन बाल विकास विभाग के कुल 14 बीएलओ कुसुमलता अर्चना उमा मिश्रा वीना शुक्ला माधुरी मिश्रा उमा राविया बेगम कल्पना देवी चन्द्रमुखी आशा देवी अनीता देवी वीना पुष्पा देवी वंदना देवी इन सभी बीएलओ के खिलाफ उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# पेज एक का शेष

### मौलिक कर्तव्यों...

राष्ट्र की सभी सांस्कृतिक और नैतिक भावनाओं को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी स्थिरता को लेकर शुरुआती आशंकाओं को दरकिनार करते हुए पूरी ताकत से आगे बढ़ रहा है और अपनी विविधता पर गर्व कर रहा है। मोदी ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि मौलिक अधिकार वे जिम्मेदारियां हैं जिन्हें नागरिकों को अत्यंत समर्पण और सच्ची ईमानदारी के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने अमृत काल यानी एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के लिए अगले 25 वर्षों की यात्रा को कर्तव्य काल - मौलिक कर्तव्यों को पूरा करने का युग करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी का अमृत काल देश के प्रति कर्तव्य का समय है। लोग हों या संस्थान, हमारे कर्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के पथ पर चलकर देश विकास की नई उंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। मोदी ने समानता और सशक्तिकरण जैसे विषयों की बेहतर समझ के लिए युवाओं में संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मोदी ने 2008 में हुए 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को भी याद किया जो तब हुआ जब भारत संविधान को अंगीकार करने का जश्न मना रहा था। प्रधानमंत्री ने ई-अदालत परियोजना के तहत नई पहल भी शुरू कीं, जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम अदालतों के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करती हैं। मोदी द्वारा शुरू की गई पहलों में वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, जस्टआईएस मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और एस3डब्ल्यूएएस वेबसाइट शामिल हैं।

### न्यायिक प्रणाली...

प्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसे संविधान के खिलाफ बताया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की मौजूदगी में उच्चतम न्यायालय में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा, हम प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार की ओर से एक टीम के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा, हम भारतीय न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और साथ ही भारतीय न्यायपालिका के साथ बहुत करीबी एवं सौहार्दपूर्ण संबंध रखने की भी कोशिश कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि पिछले दो सीजेआई एन वी रमण और यू यू ललित और मौजूदा सीजेआई चंद्रचूड़ के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के साथ उनके बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

### हर दिन...

रखती हैं। सीजेआई ने यहां उच्चतम न्यायालय परिसर में संविधान दिवस समारोह के समापन भाषण में कहा, संविधान अपने नागरिकों को उनके अधिकारों और उनकी संस्कृति के बीच चयन करने के लिए बाध्य नहीं करता है, बल्कि एक लोकतांत्रिक समाज के लक्ष्य की ओर अपनी यात्रा में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं को शामिल करता है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों को एक दूसरे के साथ बातचीत के दौरान स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक आदर्शों का पालन करते हुए संविधान में जान फूंकनी चाहिए।

### भाजपा का...

(आयुष्मान भारत) के तहत चिकित्सा बीमा कवर की राशि को प्रति परिवार पांच लाख रुपए से दोगुना करके 10 लाख रुपए किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि हम राज्य सरकार की समिति की सिफारिशों के अनुसार गुजरात में यूसीसी का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे। हम आतंकवादी संगठनों और भारत विरोधी ताकतों के संभावित खतरों और स्लीपर सेल की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए एक एंटी-रेडिकलाइजेशन सेल भी बनाएंगे। गुजरात सरकार ने 29 अक्टूबर को घोषणा की थी कि वह यूसीसी के कार्यान्वयन के लिए एक समिति बनाएगी। उस दिन कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। अन्य भाजपा शासित राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड ने भी यूसीसी को लागू करने का वादा किया है।

### सीआरपीएफ जवान...

असॉल्ट राइफल से गोलीबारी कर दी। दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। उन्हें जामनगर के एक अस्पताल में ले जाया गया है। इनमें से एक के पेट में जबकि दूसरे के पैर में गोली लगी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राहुल गांधी...

किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस को सौंपी गई शिकायत में मिश्रा ने कहा है कि पराशर ने शुक्रवार को अपने ट्विटर अकाउंट से भारत जोड़ो यात्रा को लेकर एक भ्रामक वीडियो साझा किया था जिसमें दावा किया गया था कि यात्रा के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगे हैं। इस वीडियो के दावे के समर्थन में कोई भी सबूत पेश नहीं किया गया और बाद में उसे हटा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मिश्रा ने आरोप लगाया कि पराशर ने भ्रामक वीडियो पोस्ट करके भारत जोड़ो यात्रा में सामाजिक तनाव को बढ़ाने की कोशिश की है।

### आफताब को...

को 12 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पूनावाला के फ्लैट से पांच चाकू जब्त किए थे और उन्हें यह पता लगाने के लिए एफएसएल भेजा है कि क्या उनका अपराध में इस्तेमाल हुआ था। पुलिस ने पहले कहा था कि कथित तौर पर पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का शव काटने के लिए जिस आरी का इस्तेमाल किया था, वह अभी बरामद नहीं हुआ है।

### दिग्गज अभिनेता...

भी उनकी मौत की अफवाह फैली थी। लेकिन, शुक्रवार को अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि गोखले के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे लेकिन लगातार सुधार हो रहा है। हालांकि, शनिवार सुबह जारी बुलेटिन में अस्पताल ने कहा कि उनकी तबीयत फिर से बिगड़ गई है। दामले ने कहा कि गोखले का पार्थिव शरीर शहर के बालगंधर्व सभागार में रखा जाएगा और शाम को वैकुंठ श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अभिनेता के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। रंगमंच, टेलीविजन और फिल्मों में अभिनय करने वाले गोखले ने अमिताभ बच्चन अभिनीत अग्निपथ (1990), हम दिल दे चुके सनम (1999), भूल भुलैया (2007), नटसम्राट (2015) और मिशन मंगल (2019) सहित कई मराठी और बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय किया था। हाल में उनकी मराठी फिल्म गोदावरी रिलीज हुई थी। बॉलीवुड में अपने पदार्पण से पहले, गोखले ने मराठी रंगमंच पर अभिनय किया, जहां उन्होंने विजया मेहता जैसे प्रशंसित निर्देशकों के साथ काम किया। उनके पिता चंद्रकांत गोखले भी एक प्रसिद्ध फिल्म और रंगमंच के अभिनेता थे।

### ओशनसैट उपग्रह...

आठ उपग्रहों के अपेक्षित नई कक्षा में पहुंचने की खुशखबरी साझा करना चाहता हूं, जो कि ईओएस-06 उपग्रह की मूल कक्षा से नीचे है। यह वलयाकार ध्रुवीय कक्षा में 732 किलोमीटर से लेकर 513 किलोमीटर के बीच है। उन्होंने कहा, पीएसएलवी-सी54 ने अपने चौथे चरण में पहली बार दो बर्न सीक्वेंस (अंतरिक्ष यान की कक्षा को बदलने के लिए प्रणोदन प्रणाली का उपयोग) का उपयोग करके यह कक्षीय परिवर्तन किया है। आठ उपग्रहों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इनमें भारत-भूटान उपग्रह अलग होने वाला आखिरी उपग्रह था। उन्होंने कहा, इससे पहले, हमारे पास स्पेसफ्लाइट यूएसए से एस्ट्रोकास्ट।-4, और ध्रुवस्पेस से थायबोल्ट। और 2 और पिक्सल इंडिया लिमिटेड से आनंद उपग्रह थे। इसलिए, सभी उपग्रह टीमों को उनके उपग्रहों को सही कक्षा में पहुंचने के लिए बधाई। उन्हें शुभकामनाएं। भारत-भूटान उपग्रह का जिक्र करते हुए सोमनाथ ने कहा: यह भारतीय और भूटान के वैज्ञानिकों के संयुक्त सहयोग के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### केरल छोड़कर...

मुनाफा नहीं निकल रहा है। चूंकि यह एक श्रम प्रधान उद्योग है, इसलिए हम हजारों लोगों को रोजगार देने में सक्षम थे। नीति निर्माताओं की उद्योगों की मौजूदा जरूरतों के प्रति उदासीनता के कारण काजू और कॉयर जैसे दक्षिण जिले में लाखों लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को भी अन्य राज्यों में स्थानांतरित होने को मजबूर कर दिया है। राजधानी तिरुवनंतपुरम के पास अडानी समूह की विझिंजम ट्रांस-शिपमेंट कंटेनर बंदरगाह परियोजना को लैटिन ईसाइयों और मछुआरों के विरोध के कारण रोक दिया गया है। आंदोलनकारियों का आरोप है कि अगर विझिंजम में बंदरगाह बनाने की अनुमति दी गई तो हजारों मछुआरों की आजीविका प्रभावित होगी। हालांकि डॉ. पिल्लई राज्य सरकार की आलोचना करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि निवेशक और उद्यमी सरकार की औद्योगिक नीतियों के आधार पर व्यावसायिक इकाइयां स्थापित करते हैं।

# आरएसएस और भाजपा को मौजूदा संविधान पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं: जयराम रमेश

**भाषा।** मनिहार (मध्य प्रदेश)

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केंद्र पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मौजूदा संविधान पर जरा भी भरोसा नहीं है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के खरगोन जिला स्थित मनिहार में संवाददाताओं से कहा, "संघ और भाजपा को मौजूदा संविधान पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। आज वे लोग ही संविधान दिवस मनाने का पाखंड कर रहे हैं, जिनकी सरकार द्वारा संविधान की उपेक्षा और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विचारधारा से ताल्लुक रखते हैं, देश की आजादी के बाद संविधान के निर्माण में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, देश की आजादी के बाद संघ और हिंदू महासभा संविधान के खिलाफ थे और उन्होंने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जन्मस्थली महू पहुंचने से पहले रमेश ने कहा कि आम्बेडकर हालांकि कांग्रेस के नेता नहीं थे, लेकिन उन्होंने संविधान का मसौदा पारित कराने का श्रेय कांग्रेस को दिया था।



## कार्यक्रमों के बारे में पार्टी को पहले से सूचना दें नेताः केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की अनुशासनात्मक समिति ने शनिवार को अपने नेताओं को सख्त निर्देश जारी किया कि वे कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान संबंधित पार्टी मंचों की अनदेखी न करें और वे इस तरह के कार्यक्रमों के बारे में पहले से सूचना दें। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने कहा कि किसी को भी किसी भी स्थान पर जाने और पार्टी अभियान चलाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह केवल जिला कांग्रेस समितियों (डीसीसी) सहित पार्टी मंचों की जानकारी में होना चाहिए। यह नोटिस पार्टी नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर के हाल के मालाबार दौरे से उत्पन्न विवाद के मद्देनजर आया है। केपीसीसी की अनुशासनात्मक समिति के प्रमुख राधाकृष्णन ने स्पष्ट किया कि अनुशासनात्मक समिति को थरूर के हालिया दौरे के संबंध में कोई विशेष शिकायत नहीं मिली है और इसलिए उन्हें इस संबंध में कोई व्यक्तिगत निर्देश देने की कोई आवश्यकता नहीं है। थरूर के हाल के मालाबार दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस के एक तबके को लगता है कि अपने कार्यक्रमों के जरिए थरूर 2026 के विधानसभा चुनाव में खुद को मुख्यमंत्री पद का आदर्श उम्मीदवार साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने थरूर का नाम लिए बिना कहा था कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाजी या समानांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस तरह के कदमों से गंभीरता से निपटा जाएगा।

## गलवान से जुड़े अभिनेत्री ऋचा चड्डा के ट्वीट पर कानूनी राय ली जा रही : मप्र के गृह मंत्री

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को कहा कि उन्हें अभिनेत्री ऋचा चड्डा के खिलाफ उनके उस ट्वीट के खिलाफ शिकायत मिली है जिसमें वर्ष 2020 में गलवान घाटी संघर्ष का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कानूनी राय के लिए इस मामले को पुलिस के पास भेजा गया है। उन्होंने अभिनेत्री की आलोचना करते हुए कहा कि उनके ट्वीट ने उनकी टुकड़े-टुकड़े मानसिकता को दिखाया।

उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बयान दिया था कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पुनः प्राप्त करने के लिए सरकार के आदेशों की प्रतीक्षा कर रही है। इसके जवाब में चड्डा ने अंग्रेजी में ट्वीट किया, गलवान, हाय कहता है। भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान का मजाक उड़ाने के लिए कई मशहूर हस्तियों, नेट उपयोगकर्ताओं ने चड्डा की आलोचना की। शनिवार को एक वीडियो बयान में मिश्रा ने कहा कि अभिनेत्री को सेना और सिनेमा के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। मंत्री ने चड्डा को देश की रक्षा के लिए खराब मौसम में जीने वाले सैनिकों की जिंदगी जीने की चुनौती देते हुए कहा, सिनेमा और वास्तविक जीवन में फर्क होता है। मिश्रा ने कहा, उनकी टिप्पणी से देशभक्तों को ठेस पहुंची है। यह टिप्पणी उनकी टुकड़े-टुकड़े मानसिकता को दर्शाती है। मुझे उनके खिलाफ शिकायत मिली है और कानूनी राय के लिए इसे पुलिस को भेज दी है। मंत्री ने यह भी बताया कि चड्डा ने श्रद्धा वाकर (27) की हत्या पर एक शब्द नहीं बोला, जिसे उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली में अपने घर पर 35 टुकड़ों में काट डाला था। अपनी आलोचना के बाद चड्डा ने सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए कहा कि उनका भारतीय सेना की भावनाओं को आहत करने का इरादा नहीं था। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 29 महीनों से अधिक समय से सीमा पर गतिरोध बना हुआ है। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत-चीन के बीच तनातनी बढ़ गई थी।

## क्विक न्यूज

### राजस्थानः भाजपा में शामिल हुए रिणवा और डूडी

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य जयदीप डूडी और भाजपा के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी प्रवक्ता ने यहां बताया कि दोनों नेता सरदारशहर चुरू में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य प्रभारी अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। डूडी पूर्व संसदीय सचिव है, जबकि रिणवा वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंत्री थे। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा टिकट से वंचित किए जाने के बाद रिणवा बागी हो गए और पार्टी द्वारा निष्कासित कर दिए गए। उन्होंने चूरू की रतनगढ़ सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ा। वह वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि सरदारशहर चुरू विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। मतदान पांच दिसंबर को व मतगणना आठ दिसंबर को होगी। यहां सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अनिल शर्मा और भाजपा ने अशोक पींचा को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने 26-11 के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान जूते नहीं उतारने पर कोश्यारी की आलोचना की

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर 26111 के मुंबई आतंकवादी हमलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के दौरान अपने जूते नहीं उतारने को लेकर निशाना साधा। कोश्यारी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त कार्यालय के परिसर में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के महासचिव और प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्विटर पर कहा कि श्रद्धांजलि देते हुए अपने जूते उतारना भारतीय संस्कृति है और निश्चित रूप से महाराष्ट्र की भी संस्कृति है। सावंत ने ट्वीट किया, राज्यपाल बार-बार महाराष्ट्र, उसकी संस्कृति और प्रतीकों का अनादर करते रहते है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उन्हें अपने जूते उतारने और आतंकी हमलों के शहीदों के प्रति सम्मान दिखाने की याद दिलानी चाहिए थी। कोश्यारी अपनी हालिया टिप्पणी के लिए पहले से ही विवादों में घिरे है, जिसमें उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज को पुराने दिनों का प्रतीक बताया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने राज्यपाल की आलोचना करते हुए उन्हें पद से हटाए जाने की मांग को लेकर राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया है।

### अनंतनाग में जमात-ए-इस्लामी की संपत्ति सील की गई

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) की एक संपत्ति को शनिवार को सील कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश तथा राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) की सिफारिश पर जबलीपुरा में इस संपत्ति को सील किया गया। एसआईए द्वारा दर्ज एक मामले में अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस संपत्ति को अधिसूचित किया गया। अलगाववादी गतिविधियों के लिए धन की उपलब्धता रोकने, राष्ट्रविरोधी तत्वों के पारितंत्र को तथा भारत की संप्रभुता के विरोधी आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के प्रयास के तहत अबतक जेईआई की कई संपत्तियां सील की जा चुकी है।

### हथियारों का महिमामंडन करने वाली सामग्री 72 घंटे के भीतर हटाएं : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को लोगों को अपने सोशल मीडिया हैंडल से हथियारों के महिमामंडन करके बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देने वाली आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया और कहा कि तब तक कोई भी मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा 13 नवंबर को आग्नेयास्त्रों के सार्वजनिक प्रदर्शन और बंदूक संस्कृति तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों पर प्रतिबंध लगाने के बाद से आदेशों का उल्लंघन करने को लेकर पुलिस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रही है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट किया, सभी से अगले 72 घंटों में स्वेच्छा से अपने सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी आपत्तिजनक सामग्री को हटाने की अपील करते है। यादव ने कहा, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पंजाब में अगले तीन दिनों तक हथियारों के महिमामंडन वाली सामग्री हटाने के लिए कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी ताकि लोग खुद आपत्तिजनक सामग्री हटा लें। वर्ष 2015 में सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक तस्वीर में आग्नेयास्त्र पकड़े देखे जाने के बाद शुक्रवार को अमृतसर पुलिस ने एक व्यक्ति और उसके नाबालिग बेटे सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## कश्मीर के राजनीतिक दलों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी जानी चाहिए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के एक दिन बाद, कश्मीर में राजनीतिक दलों ने शनिवार को कहा कि वे नए मतदाताओं को जोड़ने के बारे में नई सूची में विवरण का अध्ययन कर रहे हैं तथा निर्वाचन आयोग को अब केंद्र शासित प्रदेश के लिए विधानसभा चुनावों की घोषणा कर देनी चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर की अंतिम मतदाता सूची शुक्रवार को प्रकाशित की गई जिसमें 7.72 लाख से अधिक मतदाताओं की नई प्रविष्टि की गई है।

जम्मू और कश्मीर के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल सलगोत्रा ने कहा कि सूची में 42,91,687 पुरुष, 40,67,900 महिलाएं और 184 तृतीय लिंगी सहित कुल 83,59,771 मतदाता हैं। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि करीब सात लाख मतदाता जोड़े गए हैं और पार्टी को यह देखना होगा कि उनमें से कितने मतदाता हैं जो पिछले संशोधन से अब तक 18 साल के हो गए हैं। उन्होंने बताया, हम निर्वाचन क्षेत्रवार इसके विवरण का अध्ययन कर रहे हैं। सादिक ने कहा, हालांकि, अब जब पूरी प्रक्रिया खत्म हो गई है, पार्टी को उम्मीद है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बारे में बात करेगा। उन्होंने कहा, जम्मू और कश्मीर के लोगों को एक प्रतिनिधि, उत्तरदाई सरकार से कब तक वंचित रखा जाना चाहिए? इसलिए, यह सबसे महत्वपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग को सामने आना चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे कितनी जल्दी चुनाव कराएंगे। अंतिम मतदाता सूची के जारी होने के साथ ही सादिक ने यह उम्मीद भी जताई कि अब 25 लाख नए मतदाताओं को जोड़ने के बारे में भ्रम और परिणामी आशंकाओं को दूर किया जाएगा, जैसा कि जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन सीईओ हृदेश कुमार ने अगस्त में एक प्रेस वार्ता में कहा था।उन्होंने कहा, हम यह भी उम्मीद करते हैं कि भ्रम और लोगों की आशंकाओं पर ध्यान दिया जाएगा।

## मुंबई : फिल्म उद्योग में बिना वीजा के काम करने के आरोप में 17 विदेशियों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 10 महिलाओं सहित 17 विदेशी नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो बिना वर्क वीजा के उपनगरीय दहिसर में एक बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में भाग ले रहे थे। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि मामला शुक्रवार देर रात दर्ज किया गया। दहिसर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रवीण पाटिल ने कहा, शिकायत मिलने के बाद, हमने दहिसर में कोंकणी पाडा इलाके में एक दल भेजा, जहां यह पाया गया कि कई विदेशी एक फिल्म की शूटिंग का हिस्सा थे। हमने उन सभी के दस्तावेजों की जांच की और पाया कि उनमें से कुछ उचित वीजा के बिना अवैध रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से 17 वीजा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।

अधिकारी ने बताया, इन विदेशियों को कथित रूप से एक व्यक्ति गोवा लाया था, जो अब भी जांच के दायरे में है। बॉलीवुड के एक प्रमुख निर्माता ने उन्हें अपनी फिल्म में काम करने के लिए रखा था, जिसकी शूटिंग दहिसर में चल रही थी। उन्होंने बताया कि विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत उन पर मामला दर्ज किया गया है, उन्हें नोटिस दिया गया था और जांच चल रही है। यह कार्वाई मुंबई कांग्रेस की मनोरंजन उद्योग शाखा के एक पदाधिकारी श्री नाइक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई। नाइक ने कहा, हमें पता चला था कि गोवा से लाए गए कई विदेशी दहिसर में एल पी शिंगटे फिल्म स्टूडियो में एक फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इन लोगों के पास उचित वर्क वीजा नहीं था। इसलिए हमने पुलिस से संपर्क किया था।

## संविधान अनुसूचित जनजाति का इस्तेमाल करता है, आदिवासी बनाम वनवासी की बहस बेकार : एनसीएसटी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने कहा है कि संविधान जनजातीय लोगों के लिए अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल करता है और इस समुदाय के लिए आदिवासी एवं वनवासी शब्दों के इस्तेमाल को लेकर कोई भी बहस निरर्थक है। मध्यप्रदेश में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि आदिवासियों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वनवासी शब्द अपमानजनक है। गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जनजातियों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करने पर माफी मांगने को कहा था।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था, कुछ दिन पहले मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना था जिसमें उन्होंने आदिवासियो के लिए वनवासी शब्द का इस्तेमाल किया था। इसका मतलब है कि आदिवासी इस देश के पहले स्वामी नहीं हैं और वे केवल वनों में रहते हैं। इस विवाद पर राय पूछे जाने पर एनसीएसटी अध्यक्ष ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह राजनीतिक बहस है। इसका कुछ और मतलब नहीं है। संविधान में न तो आदिवासी शब्द है और न ही वनवासी शब्द। जनजातीय लोगों के लिए अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा ने काफी सोच विचारकर एवं बहस के बाद संविधान में अनुसूचित जनजाति शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि चौहान ने यह भी कहा कि वनवासी शब्द जनजातीय लोगों के लिए अधिक उपयुक्त है। वनवासी शब्द का इस्तेमाल आदिवासी से पहले से किया जाता रहा था। ब्रितानी शासनों ने मूलनिवासी समुदायों के लिए आदिवासी शब्द का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। वनवासी शब्द लंबे समय से, यहां तक कि रामायण काल से पहले भी उपयोग में रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के संदर्भ में आदिवासी शब्द जनजातीय समुदायों को अन्य से भिन्न नहीं करता, क्योंकि हरेक व्यक्ति दावा करता है कि वह मूल निवासी है। चौहान ने कहा, यदि हर व्यक्ति शुरुआती समय से ही भारत में रह रहा है तो आप कैसे उनके बीच भेद कर सकते हैं। गांधी ने कहा था कि "वनवासी शब्द के इस्तेमाल के पीछे यह विचारधारा भी है कि भाजपा के राज में जब धीरे-धीरे जंगल खत्म हो जाएंगे, तब जनजातीय समुदाय के लिए देश में कोई जगह नहीं बचेगी।

## केरल में कुछ घटनाएं हो रही है लेकिन हमें उन्हें नजरअंदाज करना सीखना चाहिए: आरिफ खान

**भाषा।** पणजी

**केरल के** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वाम नीत सरकार और उनके बीच कई मुद्दों पर गतिरोध का संदर्भ देते हुए शनिवार को कहा कि राज्य में कुछ घटनाएं हो रही हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया जाना चाहिए। खान गोवा ग्राम संपूर्ण यात्रा के पूरा होने के उपलक्ष्य में डोना पाउला में राजभवन में अपने गोवा समकक्ष पी एस श्रीधरन पिल्लई द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिना किसी का नाम लिए खान ने यह भी कहा कि कुछ लोगों के साथ असल समस्या यह है कि वह (खान) किसी से भी बेहतर तरीके से मुंडू (धोती) पहनते हैं, हालांकि वह केरल में पैदा नहीं हुए हैं और जोड़ा कि, कोई विवाद या टकराव नहीं है। खान ने कहा, केरल में कुछ घटनाएं हो रही हैं। हां, कुछ चीजें हुई हैं लेकिन हमें उन्हें नजरअंदाज करना सीखना चाहिए। केरल सरकार ने इस महीने की शुरुआत में एक अध्यादेश जारी कर राज्यपाल खान को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति पद से हटा दिया था। बाद में सरकार ने 5 दिसंबर से विधानसभा सत्र को बुलाने का भी फैसला किया। हालांकि, उन्होंने कहा था कि विधानसभा बुलाए जाने के कारण अध्यादेश निष्फल हो गया है। केरल के राज्यपाल ने यह भी कहा कि कभी-कभी लोगों को लगता है कि यदि आप केरल में पैदा नहीं हुए हैं तो आप मलयाली की तरह क्यों दिखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस तथ्य पर गर्व है...मैं मलयाली, केरल को महसूस करता हूं...यह सच है कि केरल अंतिम (सबसे दक्षिणी) राज्य है, लेकिन किसी को नहीं भूलना चाहिए...हम अपने महान पहले उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल (रियासतों के एकीकरण के लिए) को सारा श्रेय देते हैं। खान ने कहा कि अखंड भारत के निर्माण का श्रेय पटेल को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम गर्व से कहते हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। सरदार पटेल ने इमारत का निर्माण किया था...संरचना, नींव, केरल के महान आदि शंकराचार्य ने रखी थी।

सभा को संबोधित करते हुए, गोवा के राज्यपाल पिल्लई ने शनिवार को खान द्वारा कथित तौर पर किए गए यात्रा खर्चों के बारे में कुछ खबरों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कुछ खबरों में, यह कहा गया है कि केरल के राज्यपाल ने यात्रा पर एक बड़ी राशि खर्च की। जहां आठ महीने में 20 लाख रुपए खर्च करने के लिए केरल के राज्यपाल की आलोचना की जाती है, वहीं मैंने यात्रा पर आठ महीने में करीब 48 लाख रुपए खर्च किए। जन प्रतिनिधियों को यात्रा करनी चाहिए।



राजस्थान के आमेर किले में हाथी की सवारी करते प्रयटक

## भाजपा ने नीतीश पर सांस्कृतिक पुलिसिंग का आरोप लगाया

**भाषा।** पटना

**बिहार भाजपा** ने शनिवार को नीतीश कुमार सरकार पर अपनी राजनीतिक विचारधारा के विरोधियों को राज्य में मंच पर प्रदर्शन करने से रोककर सांस्कृतिक पुलिसिंग करने का आरोप लगाया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया कि सोनपुर मेला में आमंत्रित कवियित्री अनामिका अम्बर को काव्य पाठ से रोक कर नीतीश सरकार ने दिनकर की धरती पर हिंदी कविता, स्त्री और अभिव्यक्ति की आजादी का जैसा तिहरा अपमान किया, उससे बिहार शर्मसार हुआ। उन्होंने कहा कि अनामिका ने उत्तर प्रदेश में अपराधियों, देशविरोधी ताकतों और हर तरह के माफिया पर कानून के शासन का बुलडोजर चलाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति जनभावना को वाणी देने वाले कुछ गीत लिखे हैं, जिसे नीतीश कुमार का अहंकार बर्दाश्त नहीं कर सका।

सुशील ने कहा कि 22 करोड़ की आबादी वाले बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में योगी जी कुशल शासन देकर दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में लौटे हैं, ऐसे निर्वाचित मुख्यमंत्री के सम्मान में कविता लिखना क्या अपराध है। योगी की लोकप्रियता से नीतीश कुमार डर गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तानाशाही के विरुद्ध लड़ने वाले जेपी आंदोलन से निकले नीतीश कुमार अब खुद तानाशाही पर उतर आए हैं। सुशील ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार ने जनकवि नागार्जुन को जेल में डाला था। उसी कांग्रेस से हाथ मिलाने वाले नीतीश-लालू की सत्ता आज युवा कवियित्री को मंच से उतार रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना का कलंक धोने के लिए भाजपा जल्द ही अनामिका अम्बर के काव्य पाठ का आयोजन कर उन्हें सम्मानित करेगी। इस साल अगस्त में बिहार में सत्ता गंवाने वाली भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता निखिल आनंद ने एक बयान में दावा किया कि उत्तर प्रदेश की एक कवि अनामिका जैन अंबर को प्रसिद्ध सोनपुर मेले में उनके छंदों को पढ़ने से रोका गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पर सांस्कृतिक पुलिसिंग का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आत्मकथाओं के लिए जानी जाने वाली अंबर द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करने के बाद विवाद खड़ा हो गया जिसमें आरोप लगाया गया था कि कविता पाठ करने की उनकी अनुमति प्रशासन द्वारा ग्यारहवें घंटे में वापस ले ली गई थी। उन्होंने कहा, मैं रामधारी सिंह दिनकर की भूमि पर प्रस्तुति देने के अवसर से वंचित होने से बहुत दुखी हूं। अंबर ने दावा किया कि उसने पटना हवाई अड्डे पर अपनी वापसी की उड़ान का इंतजार करते हुए उन्हें अनुमति देने से इनकार करने पर बोलते हुए खुद का एक वीडियो शूट किया था। उन्होंने दावा किया, यहां तक कि जिला प्रशासन के अधिकारी भी अपमानित दिखे जब उन्होंने मुझे ऊपर से मुझे रोकने के आदेश के बारे में बताया। बिहार में जन्मी नेहा सिंह राठौर, जो भोजपुरी भाषा में अपनी तीखी राजनीतिक सामग्री के साथ भाजपा पर प्रहार करती रहीं हैं, के साथ उनका हालिया विवाद सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भाजपा के इस आरोप का राज्य के कला और संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने खंडन करते हुए कहा कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में अंबर का नाम कभी नहीं आया था। राय ने कवि और उनके भाजपा समर्थकों पर झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए विवाद पर भड़ास निकाली। 10 नवंबर को शुरू होने वाले और 5 दिसंबर को समाप्त होने वाले सोनपुर मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची पेश करते हुए उन्होंने पूछा कि उक्त सूची में उस कवियत्रि का कहां है।

## कोई भी व्यक्ति सत्ता में हमेशा नहीं रहता हैः सबक सिखाने से जुड़ी शाह की टिप्पणी पर ओवैसी ने कहा

**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति हमेशा सत्ता में नहीं रहता है। ओवैसी ने शाह पर सत्ता के नशे में चूर होने का भी आरोप लगाया। उल्लेखनीय है कि शाह ने शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि गुजरात में पहले असामाजिक तत्व हिंसा में लिप्त होते थे, लेकिन 2002 में सबक सिखाने के बाद अपराधियों ने ऐसी गतिविधियां बंद कर दी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में स्थाई शांति कायम की।

गुजरात में फरवरी, 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। शाह की टिप्पणी के कुछ घंटे बाद, ओवैसी ने अहमदाबाद के मुस्लिम बहुल जुहापुरा इलाके में शुक्रवार शाम एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगे। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि 2002 में आपने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगेअ आपने सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के सामने उसके तीन साल के बच्चे की हत्या करने वालों को छुड़वा देंगे। उन्होंने कहा, इस सबक के साथ, आपने सिखाया कि एहसान जाफरी की हत्या की जाएगी। आपने गुलबर्ग सोसाइटी और बेस्ट बेकरी का सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि गोधरा बाद के दंगों में कांग्रेस के पूर्व सांसद जाफरी सहित कई मुसलमानों की हत्या कर दी गई। उल्लेखनीय है कि 2002 के गोधरा घटना बाद के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सभी 11 दोषी इस साल 15 अगस्त को गोधरा उप जेल से बाहर आ गए। दरअसल, गुजरात सरकार ने सजा में कटौती की अपनी नीति के तहत उनकी रिहाई की अनुमति दी थी। ओवैसी ने कहा कि किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता हमेशा नहीं रहती है। हैदराबाद के सांसद ने कहा, आप सबक सिखाने की बात करते हैं, लेकिन सत्ता में मौजूद लोग भूल गए हैं कि सत्ता में कोई व्यक्ति हमेशा नहीं रहता है...कोई व्यक्ति इसमें हमेशा नहीं रहेगा, किसी न किसी दिन यह छिन जाएगी। सत्ता के नशे में चूर गृह मंत्री सबक सिखाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, आपने यह सबक सिखाया है कि पूरे देश को कैसे बदनाम किया जाए? अमित शाह, आपने किस तरह का सबक सिखाया था, जिसने दिल्ली में दंगे कराए।

## वोटों के सौदागर निहित स्वार्थों के लिए लोगों का शोषण कर रहे हैं : नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को आरोप लगाया कि वोट के सौदागर और जातिवाद और सांप्रदायिकता के समूह अपने स्वार्थपरक राजनीतिक हितों के लिए कुछ जातियों और समुदायों का भावनात्मक रूप से शोषण कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना के समर्थन में खिचड़ी पंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकता लोगों की समृद्धि होनी चाहिए न कि राजनीतिक अत्याचार। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की रोशनी को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए ईमानदार और अथक प्रयास कर रहे हैं।

# रूसी हमले के बाद अब यूक्रेन बिजली एवं पानी आपूर्ति बहाली में जुटा

**भाषा।** कीव

यूक्रेन के अधिकारी रूसी सैन्य हमले में बुरी तरह तबाह हो चुकी बिजली एवं जलापूर्ति सेवाएं शनिवार को बहाल करने की कोशिश में जुटे रहे। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि लाखों लोगों को बिजली आपूर्ति की बहाली नजर आई, जो इस युद्ध-प्रभावित देश में पहले कई दिनों से गुल थी। पूरब में अब भी संघर्ष जारी है, जबकि रूसी सेना की भीषण बमबारी के मद्देनजर दक्षिण शहर खेरसॉन के बाशिंदे जान बचाने के लिए उत्तर एवं पश्चिम दिशा की ओर निकले हैं। हाल के दिनों में रूसी सैन्य बलों के हमले को यूक्रेन में संकट से घिरे अवज्ञाकारी लोगों के विरूद्ध रूसी प्रतिकार के तौर पर देखा जा रहा है। यूक्रेनी सेना ने दो सप्ताह पहले खेरसॉन को मुक्त करा लिया था। यह शहर कई महीनों तक रूसी कब्जे में रहा था। जेलेंस्की ने शुक्रवार देर रात को टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा, आज और इस सप्ताह के अन्य दिनों के लिए सबसे बड़ा काम ऊर्जा (की आपूर्ति की बहाली) है। उन्होंने कहा, बुधवार से आजतक हम उन लोगों की संख्या घटाकर आधा कर पाए हैं जिनके घरों में बिजली गुल थी। हम तंत्र को स्थिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन राजधानी कीव समेत ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली अब भी गुल है। जेलेंस्की ने कहा, कुल 60 लाख से अधिक उपभोक्ता (अब भी) प्रभावित हैं। बुधवार शाम को करीब 1.20 करोड़ उपभोक्ता के घरों में बिजली गुल थी। कीव निगम प्रशासन ने शनिवार तड़के कहा कि शहर में जलापूर्ति बहाल कर दी गई है, लेकिन 130,000 लोग अब भी बिना बिजली के हैं। शहर के अधिकारियों ने आज सुबह कहा कि अगले 24 घंटे में बिजली, पानी, उष्मा संबंधी एवं संचार- सभी सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी।



इंडोनेशिया में आए भूकंप के बाद वहा राहत कार्य में जुटे कर्मी

## जर्मनी और फ्रांस ने एक दूसरे की मदद करने का संकल्प लिया

**बर्लिन।** यूक्रेन में युद्ध के बीच रूस से आपूर्ति बंद होने के बाद संभावित ऊर्जा संकट को रोकने के लिए जर्मनी और फ्रांस ने एक दूसरे को पारस्परिक सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने शुक्रवार को एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत जर्मनी फ्रांस को बिजली प्रदान करेगा जबकि बदले में अत्यावश्यक प्राकृतिक गैस प्राप्त करेगा।समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बर्लिन में आयोजित एक कार्यक्रम में शोल्ज़ ने कहा,मित्र जरूरत के समय एक दूसरे की मदद करते है। वही बोर्न ने कहा कि दोनों यूरोपीय देशों के बीच मित्रता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह पहले ही साबित हो चुका है कि यह (मित्रता) चुनौतियों का सामना कर सकती है।

## श्रीलंका के तमिल राजनीतिक दल नए संविधान में स्वायत्ता के लिए जोर देंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से वार्ता का न्योता मिलने के बाद तमिल अल्पसंख्यक राजनीतिक दल संघीय व्यवस्था की अपनी मांग, एक तमिल राष्ट्रीय गठबंधन(टीएनए) सहित तीन सूत्री फार्मूला का प्रस्ताव रखने के लिए सहमत हो गए है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। द्वीपीय देश के पूर्वी और उत्तरी इलाको में जनाधार रखने वाले सभी तमिल राजनीतिक दलो ने शुक्रवार को 89 वर्षीय टीएनए नेता राजावरोतियम सम्पंथन के आवास पर बैठक की। इसका उद्देश्य देश में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए राजनीतिक स्वायत्ता की मांग के सिलसिले में अगले महीने प्रस्तावित विक्रमसिंघे की सर्वदलीय बैठक मे संघीय व्यवस्था पर जोर देना है। शुक्रवार की बैठक मे जो फार्मूला तय किया गया, उसमे नए संविधान मे तमिल क्षेत्रों का विकेंद्रीकरण करने सहित रूकी पड़ी प्रांतीय परिषद के चुनाव कराना और तमिलो की भूमि कथित तौर पर सरकार द्वारा हड़पने को रोका जाना शामिल है। टीएनए सूत्र ने बताया कि राजनीतिक दल राष्ट्रपति से मिलने से पहले फिर से बैठक करेंगे। विक्रमसिंघे ने बुधवार को सभी राजनीतिक दलो को वार्ता के लिए बुलाया था, जिसका उद्देश्य अगले साल चार फरवरी तक तमिल जातीय मुद्दे का समाधान करना है।

## इमरान खान हत्या के प्रयास की जांच कर रही जेआईटी ने अपने प्रमुख के निलंबन के बाद काम करना बंद किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर तीन नवंबर को हुए हमले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल (जेआईटी) के प्रमुख को सेवा से निलंबित किए जाने के बाद जेआईटी ने काम करना बंद कर दिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान के दाहिने पैर में गोली लगी थी। यह हमला उस समय हुआ था जब वह जल्द चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ एक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान इमरान वजीराबाद इलाके में एक कंटेनर-माउंटेड ट्रक पर खड़े हुए थे तभी दो बंदूकधारियों ने उन पर और अन्य लोगों पर गोलियों की बौछार कर दी थी इमरान खान ने अपनी हत्या की कथित साजिश रचने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल नसीर को दोषी ठहराया है। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा, संघीय सेवा न्यायाधिकरण द्वारा लाहौर के पुलिस प्रमुख गुलाम महमूद डोगर को निलंबित करने के संघीय सरकार के फैसले को अनुमति देने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या के प्रयास की जांच करने वाली जेआईटी अब काम नहीं कर रही है। गुलाम महमूद डोगर ही जेआईटी के प्रमुख थे।

# नेपाल में आम चुनावों में सत्ताधारी गठबंधन की बढ़त कायम

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने शनिवार को नेपाल के संसदीय चुनाव में अपनी बढ़त बनाए रखी। अभी तक प्रत्यक्ष मतदान चुनाव प्रणाली के तहत 150 सीट के परिणाम घोषित हुए हैं जिनमें से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 77 सीट पर जीत हासिल की है। देश की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से होता है, जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। सदन में स्पष्ट बहुमत हासिल करने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 138 सीट की जरूरत होती है। नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अकेले 51 सीट जीती हैं। इसके सहयोगी दल सीपीएन-माओवादी सेंटर और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 16 तथा 10 सीट जीती हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी और राष्ट्रीय जनमोर्चा को क्रमशः चार और एक सीट मिली है। ए सभी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल नीत विपक्षी गठबंधन को 49 सीट मिली हैं। सीपीएन-यूएमएल ने 38 सीटें जीती हैं। जबकि उसकी सहयोगी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी ने क्रमशः छह और पांच सीट जीती हैं। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने सात सीटों पर जीत हासिल की है।

## पशु नमूने में सफल परीक्षण ने सार्वभौमिक फ्लू टीके की रणनीति का मार्ग प्रशस्त किया

**वाशिंगटन।** इन्फ्लूएंजा वायरस के सभी 20 ज्ञात स्वरूपों की रोकथाम के लिए बनाया गया एक प्रयोगात्मक एमआरएनए-आधारित टीका प्रारंभिक परीक्षणों में घातक फ्लू स्वरूपों से व्यापक सुरक्षा प्रदान करने में कारगर साबित हुआ है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह टीका भविष्य में फ्लू महामारी के खिलाफ एक सामान्य निवारक कदम के रूप में उपयोगी साबित हो सकता है। अध्ययन के अनुसार, जानवरों के नमूनों में किए गए परीक्षणों से पता चला है कि जब इन जानवरों को उन फ्लू स्वरूपों के संपर्क में लाया गया।

## ताइवान में मतदान के लिए उम्र कम करने, मेयर और नगर परिषदों के वास्ते मतदान

**ताइपे।** ताइवान मे स्थानीय निकायो के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं का पहुंचना शुरू हो गया था। इन चुनावों को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले द्वीप के प्रमुख राजनीतिक दलो के लिए शक्ति परीक्षण के तौर पर देखा जा रहा है। ताइवान के नागरिक मतदान के जरिए सभी 13 क्षेत्रों (काउंटी) और नौ शहरो मे अपने मेयर, नगर परिषद के सदस्यो तथा अन्य स्थानीय नेताओं का चुनाव करेंगे। इस मतदान के जरिए यह रायशुमारी भी कराई जा रही है कि मतदाताओ की न्यूनतम उम्र को क्या 20 वर्ष से घटाकर 18 किया जाए। मतदान स्थानीय समयानुसार शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और सत्तारूढ़ दल ने जहां चुनावों को ताइवान के पड़ोसी देश से अस्तित्व के दीर्घकालिक खतरे से जोड़ने का प्रयास किया है, वहीं कई स्थानीय विशेषज्ञो को नही लगता कि इस बार चीन की कोई बड़ी भूमिका है। नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी मे राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर एह-लिह वांग ने कहा, अंतरराष्ट्रीय संस्था ने बहुत कुछ दांव पर रख दिया है। उन्होंने इस स्थानीय चुनाव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया है और इसे ताइवान के अस्तित्व से जोड़ दिया। राजधानी ताइपे से लगे शहर न्यू ताइपे सिटी के एक प्राथमिक विद्यालय मे बारिश के बावजूद, काफी संख्या मे युवा और बुजुर्ग मतदाता अपना मत डालने सुबह ही पहुंच गए थे।



ताइवान में चुनाव के लिए वोट करती वहां की प्रथम नागरिक

## नासा का ओरियन कैप्सून चंद्रमा के चारों ओर विहंगम कक्षा में पहुंचा

**केप कैनवेरल (अमेरिका)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर हजारों मील की दूरी तक फैली एक विहंगम कक्षा में प्रवेश कर गया है। कैप्सूल और इसमें रखी तीन परीक्षण डमी ने प्रक्षेपण के एक सप्ताह से अधिक समय बाद चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। यह लगभग एक सप्ताह तक इस व्यापक लेकिन स्थिर कक्षा में रहेगा। यह शुक्रवार तक पृथ्वी से 2,38,000 मील (3,80,000 किलोमीटर) दूर था और इसके आगामी कुछ दिन में करीब 2,70,000 मील (4,32,000 किलोमीटर) की अधिकतम दूरी पर पहुंच जाने की उम्मीद है। यह लोगों को ले जाने के लिए बनाए गए कैप्सूल द्वारा तय की गई दूरी का नया रिकॉर्ड बनाएगा। ओरियन के प्रबंधक जिम जेफ्रे ने कहा, इसका मकसद आगे जाने के लिए खुद को चुनौती देना, लंबे समय तक बने रहना तथा जो हमने पहले खोजा है उसकी सीमा से आगे बढ़ना है। पचास साल पहले नासा के अपोलो कार्यक्रम के बाद से यह पहली बार है जब कोई कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचा है।

## वन्यजीव सम्मेलन से शार्क और कछुओं के संरक्षण को बढ़ावा मिला

**पनामा।** अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव सम्मेलन में शार्क, कछुओं, छिपकलियों और मेढकों की सुरक्षा के लिए कुछ अहम नियम बनाने की दिशा में कदम उठाए गए। इन जीवों की संख्या उनका व्यापार किए जाने के कारण घटती जा रही है। वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (सीआईटीईएस) शुक्रवार को पनामा में संपन्न हुआ। संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव सम्मेलन ने पांच सौ से अधिक प्रजातियों की सुरक्षा के साथ ही हाथीदांत व्यापार को फिर खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हाथीदांत व्यापार पर 1989 में पाबंदी लगा दी गई थी। वाइल्डलाईफ कंजर्वेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय नीति उपाध्यक्ष सुसैन लीबरमैन ने कहा, सीआईटीईएस से अच्छी खबर, वन्यजीव के लिए अच्छी खबर है क्योंकि यह संधि अंतरराष्ट्रीय संरक्षण के स्तंभों में एक है और पुख्ता तौर पर यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न देश जैविक विविधता विघटन, जलवायु परिवर्तन और महामारियों के वैश्विक अंतर्संबंधित संकटों का मुकाबला करने के लिए एकजुट हों।

## इजराइल में मुंबई हमले 26-11 की बरसी मनाई गई

**यरूशलम।** कई इजाराइली नागरिक 2008 के मुंबई आतंकी हमले को साझा पीड़ा मानते है और इसे लेकर देश मे अभी तक आक्रोश है। लोगो ने इस हमले की बरसी को मनाने के लिए कई आयोजन किए और निर्मम हत्याओ की भर्त्सना की तथा इस नरसंहार की पाकिस्तान मे साजिश रचने वाले लोगो के खिलाफ कार्वाई की मांग की। भारत मे हुए इस हमले की 14 वी बरसी पर एक दिन पहले से ही इजराइल मे भारतीय कैंडल लाइट प्रदर्शन कर रहे है। उनके हाथो मे तख्तियां एवं बैनर है जिनपर इस निर्मम हमले की नृशंसता को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि 26111 के मुंबई हमले मे पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के जिन आतंकवादियों का हाथ था, उन्हें न्याय के शिकंजे मे लाया जाए। वर्ष 2008 मे 26 नवंबर को मुंबई हमला शुरू हुआ था जो 29 नवंबर, 2008 तक चला था। इस हमले मे कई विदेशी नागरिको समेत 166 लोगो की जान गई थी तथा 300 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की दुनियाभर मे निंदा की गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों के हाथो नौ पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे। अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकवादी था जिसे जिंदा पकड़ा गया था। उसे चार साल बाद 21 नवंबर, 2012 को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। इजराइल तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोमा ने कहा, जिन आतंकवादियों ने वहशीपन के साथ महिलाओं, बच्चो एवं बेगुनाहो की हत्या की।

# सरकार को रबी सत्र में फसल उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद, रकबा 24 लाख हेक्टेयर बढ़ा : तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली



- मिट्टी मे नमी की अनुकूल स्थिति, जल भंडारण की अच्छी स्थिति

**सरकार को खेती** के अधिक रकबे तथा मिट्टी में अनुकूल नमी की स्थिति के कारण चालू रबी मौसम में फसल उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को यह कहा। एक सरकारी बयान के अनुसार तोमर ने रबी फसलों की स्थिति का जायजा लेने के लिए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि रबी सत्र में बुवाई का रकबा एक साल पहले की अवधि की तुलना में अब तक 24.13 लाख हेक्टेयर अधिक है। तोमर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 138.35 लाख हेक्टेयर की तुलना में अब तक गेहूं खेती का रकबा 152.88 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है। बयान में कहा गया है, गेहूं के मामले में, पिछले वर्ष की तुलना में रकबे में 14.53 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है और यह पिछले चार साल से अब तक का सबसे अधिक रकबा है। रबी फसलों के तहत बोया गया कुल क्षेत्रफल 25 नवंबर की स्थिति के अनुसार 358.59 लाख हेक्टेयर। यह सामान्य रबी खेती के रकबे का 57 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रकबा 334.46 लाख हेक्टेयर था। इस प्रकार, पिछले वर्ष की तुलना में रबी फसलों की खेती का रकबा 24.13 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। बयान में कहा गया है, तोमर ने आशा व्यक्त की कि मिट्टी में नमी की अनुकूल स्थिति, जल भंडारण की अच्छी स्थिति और देश भर में उर्वरकों की सहज उपलब्धता के साथ, आने वाले दिनों में रबी फसल खेती के रकबे में और वृद्धि होने की उम्मीद है। ऐसे में अच्छी रबी फसल की उम्मीद की जा सकती है। मुख्य रबी फसल-गेहूं की बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में शुरू होती है। गेहूं के अलावा, चना और सरसों 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) के रबी मौसम के दौरान उगाई जाने वाली अन्य प्रमुख फसलें हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश (6.40 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (5.67 लाख हेक्टेयर), पंजाब (1.55 लाख हेक्टेयर), बिहार (1.05 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.78 लाख हेक्टेयर), जम्मू और कश्मीर (0.74 लाख हेक्टेयर), और उत्तर प्रदेश (0.70 लाख हेक्टेयर) में गेहूं खेती के अधिक रकबा होने की सूचना है। इस रबी सत्र में 25 नवंबर तक तिलहन खेती का रकबा 13.58 प्रतिशत बढ़कर 75.77 लाख हेक्टेयर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह रकबा 66.71 लाख हेक्टेयर था। इसमें से पहले के 61.96 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 70.89 लाख हेक्टेयर में सरसों की बुआई हो चुकी है। दालों के मामले में, उक्त अवधि में पहले के 94.37 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस बार थोड़ा कम यानी 94.26 लाख हेक्टेयर दलहन फसल बोई गई है। मोटे अनाज की बुवाई 26.54 लाख हेक्टेयर में की गई, जो रकबा पहले 26.70 लाख हेक्टेयर था।

# एसबीआई के वित्तीय प्रदर्शन की विश्लेषक सराहना कर रहे: दिनेश खारा

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय स्टेट बैंक** (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने शनिवार को कहा कि एसबीआई के वित्तीय प्रदर्शन की विश्लेषक और ब्रोकिंग कंपनियां सराहना कर रही हैं। खारा ने कहा, हाल के तिमाही वित्तीय परिणाम में बैंक का लाभ अबतक का सबसे ऊंचा रहा है। एसबीआई ने अब तक के किसी भी कंपनी के सर्वाधिक लाभ को पार कर लिया है और विश्लेषक तथा ब्रोकिंग कंपनियां इसकी सराहना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 74 प्रतिशत उछलकर 13,265 करोड़ रुपए रहा है। खारा ने कहा कि एसबीआई देश की अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। इसका कारण यह है कि बैंक 47 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं देता है और व्यावहारिक रूप से यह हर घर का बैंक है। उन्होंने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवतः 2027 तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। हालांकि खारा ने कहा कि ग्राहकों को मिलने वाली सेवाओं में सुधार की जरूरत है क्योंकि आज कई विकल्प उपलब्ध हैं। ग्राहकों की उम्मीदें बदल रही हैं और बैंक को ग्राहकों को हर संभव सहायता सुलभ कराने की जरूरत है। ग्राहकों के घरों तक सेवाएं पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमने ग्राहक सेवा में सुधार किया है लेकिन अभी लंबी दूरी तय करनी है....आज ग्राहक जो चाह रहे हैं, हमें उसके अनुसार पेशकश को लेकर पैकेज तैयार करने की जरूरत है।

# कर्नाटक के दावणगेरे में खुला सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क केंद्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के एक केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र 10,00 वर्गफुट के क्षेत्र में फैला है। यहां विभिन्न सुविधाओं से युक्त 102 सीटों वाला पालना केंद्र (इन्क्यूबेशन सेंटर), नेटवर्क परिचालन केंद्र, सम्मेलन केंद्र समेत अन्य सुविधाएं हैं। कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री सी एन अश्वत्थ नारायण ने कहा, इससे हमारी बेंगलुरु से आगे की पहलों को बढ़ावा मिलेगा।

MODI INDUSTRIES LIMITED

CIN - U15429UP1932PLC000469
Regd. Office : Modinagar - 201204. (U.P.) Tel: : 01232- 243115, 9084786567
E-mail : modiindustrieslimited@gmail.com Website : www.modiindustries.net

NOTICE OF 88TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION

NOTICE is hereby given that the 88th Annual General Meeting ('AGM') of the members of Modi Industries Limited will be held on Tuesday, the 20th December, 2022, at 04:00 P.M., at Auditorium, Dayawati Modi Public School, Modinagar-201204, District Ghaziabad (U.P.), to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of AGM. The physical copy of the Notice of the Meeting, Annual Report for the financial year ended March 31, 2022 and remote e-voting details have been sent to all members individually at their registered addresses. The date of completion of dispatch of the notices to the shareholders is 26th November, 2022. These documents are also available on Company's website www.modiindustries.net for download by the members and kept at the Registered Office of the Company for inspection by Members.

Notice is hereby given in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended that the Company is pleased to provide remote e-voting facility to its members for transacting all the business through National Securities Depository Ltd. (NSDL) through their portal www.evoting.nsdl.com to enable the members to cast their votes electronically. The remote e-voting period commences on **Saturday, the 17th December, 2022 (09:00 am) and ends on Monday, the 19th December, 2022 (05:00 pm)**. No e-voting shall be allowed beyond the said date and time. During this period members of the Company, holding shares, as on the cut-off date of 13th December, 2022, may cast their vote by remote e-voting. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 13th December, 2022, will be provided the notice through e-mail or by post after the cut-off date and such members may also obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or RTA, MAS Services Limited. However, if the members are already registered with NSDL for remote e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. The facility for voting through ballot paper shall be made available at the AGM and the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. The Company has appointed Shri Amar Nath Jaiswal, the Proprietor on behalf of M/s. A.N. Jaiswal & Co., (Membership No. ACS-19000 & CP No. 14629) of New Delhi as Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

In view of the continuing COVID-19 pandemic, Ministry of Corporate Affairs dated May 5, 2020 read with General Circulars dated April 8, 2020 and April 13, 2020 (collectively referred to as 'MCA Circulars'), have permitted the holding of AGM through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Video Means("OAVM"). The Company is providing this facility also to the shareholders to participate in the AGM from their homes. The detailed instructions for attending the AGM through VC/OAVM are provided in the AGM notice.

In case of any grievances connected to e-voting process, the members may please contact Ms. Pallavi Mhatre (Manager), NSDL, 4th Floor, 'A' Wing, Trade World, Kamla Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai 400013. Email evoting@nsdl.co.in, Tel 1800224430 and 18001020990.

The detailed procedure for remote e-voting are contained in the Notice of the AGM. If you require any additional information or have any enquiries, please contact to the under signed at above mentioned address.

NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, Rule 10 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 that the Register of the Members and Share Transfer Books of the Equity Shareholders of the Company will remain closed from Wednesday, the 14th December, 2022 to Tuesday, the 20th December, 2022 (both days inclusive) for the purpose of taking record of the shareholders at the Annual General Meeting.

For Modi Industries Limited,
Sd/-
Shobit Nehra
Company Secretary

Date: 26.11.2022
Place: Modinagar (U.P.) 201204

# बड़ी संख्या में छोटे कारोबारियों के पास कोविड प्रभाव से निपटने की कोई व्यवस्था नहीं थी: अध्ययन

**भाषा।** बेंगलुरु

**देश में कोविड** महामारी के दौरान छोटे कारोबारियों पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा और उनमें से करीब 40 प्रतिशत इकाइयों को वित्तीय संस्थानों समेत अन्य इकाइयों ने कर्ज देने से मना किया। इसका कारण उनके पास कर्ज को लेकर गिरवी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी या फिर ऋण लेने-लौटाने का इतिहास अनुकूल नहीं था। छोटे कारोबारियों पर कोविड-19 के असर को लेकर हुए एक अध्ययन में यह पाया गया है। यह अध्ययन गैर-सरकारी संगठन ग्लोबल अलायंस फॉर मास एंटरप्रेन्योरशिप (जीएएमई) ने किया है और इसमें पाया कि 21 फीसदी छोटे कारोबारों के पास आवदेन के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। पुनरुद्धार की राह: भारत में छोटे व्यवसायों पर कोविड-19 के प्रभाव की पड़ताल शीर्षक वाली रिपोर्ट में देशभर में यह अध्ययन किया गया है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र ने महामारी की रोकथाम के लिए लगे लॉकडाउन को किस प्रकार झेला। यह अध्ययन 2020 और 2021 में 1955 छोटे-छोटे कारोबार करने वाली इकाइयों पर किया गया। संगठन ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि 50 फीसदी से अधिक उद्यम के पास महामारी के प्रभाव से उबरने के लिए कोई रणनीति या प्रणाली नहीं थी। इसके संस्थापक रवि वेंकटेश ने कहा कि बैंक प्रबंधकों, क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को बैंक तथा सरकारी योजनाओं के बारे में पर्याप्त ज्ञान बढ़ाने की आवश्यकता है। अध्ययन में शामिल इकाइयों में से सिर्फ 31 प्रतिशत को ही आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत शुरू की गई योजनाओं की जानकारी थी।

## त्रिपुरा के उप-मुख्यमंत्री ने केंद्र से राज्य में एम्स जैसे संस्थान स्थापित करने की मांग की

**अगरतला।** त्रिपुरा के उप-मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और राज्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसी संस्था बनाने और जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए कोष उपलब्ध कराने समेत अन्य मांग की। देव वर्मा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अगले वित्त वर्ष के बजट को लेकर बैठक में विधि विश्वविद्यालय और डेंटल कॉलेज स्थापित करने के लिए भी कोष की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगरतला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (एजीएमसी) परिसर में एम्स जैसी संस्था क्षेत्र के लोगों को प्रमुख स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी।उन्होंने चालू वित्त वर्ष के दौरान त्रिपुरा को 700 करोड़ रुपए से अधिक के परिव्यय की अनुमति को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार भी जताया। देव वर्मा ने अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना के लिए 414 करोड़ रुपए, राज्य में विधि विश्वविद्यालय के लिए 200 करोड़ रुपए और त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद के तहत क्षेत्रों के चौतरफा विकास को लेकर 500 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग की।

# अडाणी समूह की कंपनी मुंबई में बिजली वितरण के विस्तार को इच्छुक, लाइसेंस के लिए किया आवेदन

**भाषा।** मुंबई

**अडाणी समूह** की कंपनी ने देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह जेएनपीटी समेत मुंबई के और क्षेत्रों में बिजली वितरण कारोबार के विस्तार के लिए लाइसेंस की मांग की है। शहर के विभिन्न अखबारों में शनिवार को छपे विज्ञापन में अडाणी इलेक्ट्रिसिटी नवी मुंबई (एईएनएम) ने कहा कि उसने सूचीबद्ध मूल कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन के साथ मुंबई महानगर के कुछ क्षेत्रों में वितरण लाइसेंस को लेकर महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (एमईआरसी) से संपर्क किया है। कंपनी का लक्ष्य मुंबई के उपनगरों मुलुंड और भांडुप के अलावा ठाणे जिले, नवी मुंबई, पनवेल, खारघर, तलोजा और उरण में बिजली वितरित करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना है। फिलहाल इन क्षेत्रों में राज्य के स्वामित्व वाली महाडिस्कोम बिजली वितरण कर रही है। समूह की नवी मुंबई के पास स्थित देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह जेएनपीटी को भी बिजली वितरित करने पर नजर है। विद्युत अधिनियम 2003 के तहत किसी कंपनी की तरफ से समानांतर यानी पहले से मौजूद कंपनियों के साथ बिजली वितरण को लेकर लाइसेंस के लिए यह पहला आवेदन है। आवेदन को एमईआरसी ने शुक्रवार को स्वीकार कर लिया। उसके बाद सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है। अडाणी इलेक्ट्रिसिटी चार साल से अधिक समय से मुंबई में बिजली का वितरण कर रही है। इस क्षेत्र में कंपनी की प्रतिस्पर्धा टाटा पावर के साथ है। कंपनी ने संकट में फंसे अनिल अंबानी समूह की रिलायंस एनर्जी के 18,000 करोड़ रुपए से अधिक के अधिग्रहण के बाद क्षेत्र में कदम रखा था।

## एनएचपीसी ने सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना के आसपास महिलाओं के लिए सुअर पालन पहल शुरू की

**गुवाहाटी।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी एनएचपीसी अरूणाचल प्रदेश में एक सुअर पालन कंपनी के लिए अवसंरचना विकसित करके यहां की महिलाओं को मदद दे रही है। दरअसल एनएचपीसी ने अपनी 2000 मेगावॉट क्षमता की जलविद्युत परियोजना सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना के निचले क्षेत्रों के विकास के लिए 2020 में उठाए गए कदमों के तहत एसएएआर पिग प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड का वित्तपोषण किया है। इस कंपनी से 2,500 महिलाएं जुड़ी हैं। एनएचपीसी के प्रवक्ता एसपी मजूमदार ने एक बयान में बताया कि कंपनी उद्यम के लिए साझा सुविधा केंद्र का निर्माण करने के लिए आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल आजीविका में मदद देने के लिए है। उन्होंने कहा, इस केंद्र में भारत का सबसे बड़ा सुअर प्रजनन फार्म होगा जहां 400 सुअर होंगे।

# ओवरब्रिज निर्माण में शिथिलता देख भड़क उठे कमिश्नर, लगाई फटकार

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**मंडलायुक्त झांसी** मण्डल झांसी डॉ.आदर्श सिंह ने तहसील क्षेत्र का दौरा किया इस दौरान उन्होंने तहसील तथा क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त डॉक्टर आदर्श सिंह का क्षेत्र का दौरा पूर्व निर्धारित था जिसके चलते प्रशासनिक अमला सजग था उन्हें आशंका थी कि समाधान दिवस मैं आकर शिकायतों की हकीकत जांच कर सकते हैं लेकिन उनके आने में देरी हो गई थी हालांकि उन्होने जोल्हूपुर में बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज की हकीकत देखी और अधिक काम बाकी होने पर नाराजगी प्रकट कर निर्माण इकाई राज्य सेतु निर्माण निगम के जिम्मेदार को फटकार लगाई तथा अतिशीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये है। इसके बाद उनका काफिला तहसील पहुंचा जहां साफसफाई और अन्य अभिलेखों के रखरखाव का बरीकी से निरीक्षण किया और चेहरे से संतुष्ट नजर आए। वहां सें सीधे 751 लाख रुपए की लागत से नगर के मुहल्ला राजघाट बन रहे राजकीय कन्या महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया और निर्माण इकाई उप्र राज्य जल निगम की निर्माण इकाई झासी के जिम्मेदार अधिकारी को कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बिदित हो कि यह कार्य दिसम्बर तक पूरा होना है। लेकिन अभी कार्य काफी बाकी है जिसके समय से पूर्ण होने की उम्मीद नहीं है। तत्पश्चात सम्पूर्ण अमला निरीक्षण भवन पहुंचा जहां स्वल्पाहार किया। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस, पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, नायब तहसीलदार राजेश पाल सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

# नगर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदार हुए परेशान

**जालौन ( उरई )।** शनिवार को नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान के समाप्त होते ही दुकानदारों ने पुन: अपनी अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण कर लिया। नगर में अतिक्रमण की समस्या के चलते बाजार में निकलना मुश्किल हो जाता है। इस समय सहालग का समय चल रहा है। नगर में वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सड़क तक सामान निकाल लेते हैं। इसके अलावा जो ग्राहक दुकान पर आते हैं वह भी अपनी बाइकें आदि दुकान के बाहर खड़ी कर देते हैं। ऐसे में सड़क पर कम ही जगह बचती है। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। यदि सड़क पर चार पहिया वाहन आ जाता है तो समस्या और बढ़ जाती है। कई बार दुकानदार और वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। नगर पालिका जब तब अभियान चलाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अभियान समाप्त होते ही अतिक्रमण पुन: पांव पसार लेता है। अतिक्रमण की समस्या को लेकर ईओ सीमा तोमर के निर्देश पर सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार को झंडा चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें टीम के पहुंचते ही दुकानदारों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लिए। दुकानों के आगे बिछे ईंट आदि को टीम ने हटा दिया। शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान झंडा चौराहे से बस स्टैंड तक चला। लेकिन टीम के जाते ही दुकानदारों ने पुन: अपना सामान दुकानों से बाहर निकालकर लगा लिए। इस संदर्भ में ईओ सीमा तोमर ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कोई दुकानदार दुकान से बाहर सामान लगाता हुआ मिला तो उसका सामान जब्त कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### साम्राज्यवादी देशों ने दुनिया में बढाया तनाव

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि अपने यहां पैर पसार रही मन्दी से निपटने व नाटों के विस्तार और हथियारों की बिक्री को बढावा देने को साम्राज्यवादी अमेरिका व यूरोपीय देशों ने दुनिया के कई हिस्सों में तनाव क्षेत्र बना दिये हैं। शनिवार को भाकपा जिला काउंसिल की एक दिवसीय बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय हालातों पर चर्चा हुई। चर्चा में पार्टी के राष्ट्रीय कंट्रोल कमीशन के सदस्य का मोतीलाल ने कहा कि इन्ही नीतियों के नतीजतन रुस-यूक्रेन युद्ध है, जिसमें जन, धन की भारी तबाही हो चुकी है। अमेरिका ने अपनी संसद की अध्यक्ष को ताईवान भेजकर चाइचीज सागर के क्षेत्र में भारी तनाव पैदा कर दिया। जो कभी भी युद्ध में बदल सकता है। डॉ गिरीश ने जिला काउंसिल की बैठक में कहा कि जब युद्ध के बादल छा रहे हैं, शान्ति की ताकतें और शान्ति आन्दोलन निष्प्रभावी है। भाकपा के 14वें महाधिवेशन के प्रस्तावों की जानकारी का मोतीलाल ने दी। बैठक में का चन्द्रपाल, का महेन्द्र प्रताप, का सत्यहरण, का सुशील, का संदीप पाण्डेय, का राजेन्द्र कुमार, का कमलेश, का रविकरन ने विचार रखे। बैठक में सियाराम वर्मा, विनोद पाल, श्रीपाल प्रजापति, शिवबरन, सुनील कुमार, शिवनरेश, हनुमान, रामस्वरुप, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने शिकायत का किया तत्काल निस्तारण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर के प्लाट संख्या 1359 पर कब्जा दिलाने की शिकायत की सुनवाई करते हुए एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां को जांचकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। शनिवार को नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व रामकिशोर निवासी राजापुर हाल मुकाम प्रयागराज के नाम संक्रमणीय भूमि कागज में दर्ज है। 1991 में अनुसूचित जाति की महिला से भूमि खरीदी थी। भूमि खरीदने के पहले ही गाटा संख्या 1359 से भंभेट गांव से राजापुर जोडने वाला मुख्य मार्ग चलता था। नरेन्द्र कुमार ने अनुसूचित जाति की भूमि खरीदने में कोई परमीशन नहीं लिया था। क्रेता व विक्रेता का मौके पर कोई कब्जा नहीं है। नरेन्द्र कुमार का बैनामा कैंसिल करवाने को अलग से पत्रावली तैयार की जा रही है। नरेन्द्र कुमार जबरन भंभेट मार्ग के निर्माण को रोक रहे हैं। इनकी शिकायत निराधार है।

### कांग्रेसियों ने ली संविधान रक्षा की शपथ

**चित्रकूट।** कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए संविधान की रक्षा की शपथ ली। शनिवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में सेवा दल के जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद ने सभी कांग्रेसियों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर के संविधान की रक्षा का संकल्प लें। 26 नवम्बर 1947 को संविधान को अंगीकार किया गया था। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म व उपासना की स्वतंत्रता थी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रियुगीनारायण शुक्ला ने कहा कि आज भारत के संविधान के साथ खिलवाड किया जा रहा है। सभी लोग एकजुट होकर बाबा साहब के निर्मित संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें। पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने बाबा साहब को याद करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कहा कि लोकतंत्र संविधान दोनों को भाजपा सरकार कुचलने का काम कर रही है। लोकतंत्र को बचाने को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा पर निकले हैं। नफरत छोडो-भारत जोडो के तहत सभी को एकजुट होकर संविधान की रक्षा की शपथ लेनी होगी। इस मौके पर कांग्रेसी नेता राजकुमार गर्ग, शिवगुलाम वर्मा, कुलदीप मिश्रा, राकेश शुक्ला, सीताराम सिंह, नीरु गुप्ता, कृष्णराज सिंह आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त संघर्ष समिति ने समस्याओं के निदान की उठाई मांग

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने संविदा कर्मचारी पर हमले को लेकर राधा लॉज के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अधिशाषी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में समस्याओं के समाधान की मांग की।शनिवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने उपकेन्द्रों पर ट्रासफार्मर बदलने के संविदा कर्मियों पर दबाव बनाने पर रोष जताया। कहा कि इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी एजेंसी की नहीं है। विभागीय कर्मचारी व संविदा कर्मियों के परिचय पत्र निर्गत कर सुरक्षा उपकरण दिये जायें। संयुक्त संघर्ष समिति ने वर्क टू रुल के कार्य का आवाहन किया। विभिन्न मांगों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई। इस मौके पर राज्य विद्युत परिषद के उपखण्ड अधिकारी आशीष सिंह, हाईड्रो इलेक्ट्रिक यूनियन के शिवप्रकाश अवस्थी, उत्तर प्रदेश निविदा संविदा कर्मचारी संघ के हरीओम सिंह, उप्र बिजली कर्मचारी संघ के शिवकुमार व उप्र विद्युत मजदूर संघ के आशीष कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**संवाददाता।** रामपुरा (जालौन)

**ग्राम पंचायत** टीहर में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन में ब्लॉक क्षेत्र के लगभग 40 स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान ने प्रमाण पत्र पुरुष्कार देकर उनका हौंसला अफ्जाई की।शनिवार को युवक मंगल दल टीहर में बीआरसी पर ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान टीहर, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल में खो-खो की प्रथम मीनाक्षी, लकी तथा ऊंची कूद में प्रथम अमर सिंह, मुस्कान ने बाजी मारी। रेस में आलोक छौना, अजय टीहर, जितेंद्र पाल, हिमांशु टीहर ने बाजी जीती। ग्राम मजीठ के छात्रों द्वारा विशेष खेलकूद कर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया।



समापन के दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पुरुष्कर देते हुए प्रधान प्रदीप गौरव ने बच्चो का हौंसला बढ़ाते हुए उनको और आगे बढ़कर गांव स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन करने को प्रेरित किया। वही खंड शिक्षा अधिकारी जीपी अवस्थी ने कहा की खेल से बच्चों का स्वास्थ्य के अलावा शारीरिक, मानसिक विकास भी होता है। इस मौके पर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राममोहन बाजपेई, अवधेश मिश्रा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, नितिन आनंद पाल, कप्तान सिंह आदि सहित प्राय: सभी स्कूलों के गुरुजन, बच्चे मौजूद रहे।

# पचास किलो पालीथिन जब्त कर लगाया जुर्माना



**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने पालिका कर्मियों की टीम के साथ बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाते हुए पचास किलो पालीथिन जब्त कर 12100 रुपये जुर्माना वसूला। शनिवार को नगर पालिका परिषद के ईओ रामअचल कुरील ने बेडीपुलिया तिराहे से रामघाट के व्यवसायिक क्षेत्र तक सभी दुकानदारों, थोक विक्रेता, फल विक्रेताओं व ठेला-पटरी दुकानदारों को पालीथिन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पचास किलो पालीथिन बरामद कर 12100 रुपये विभिन्न लोगों से जुर्माना वसूला।

अभियान में ईओ रामअचल कुरील के साथ जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय आदि स्टाफमौजूद रहा। ट्राफिक चौराहा के सभी कारोबारियों से अनुरोध के साथ निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पालीथिन, थर्माकोल पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उपयोग न करें। पकडे जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# गाड़ी निकालने में हुआ विवाद, आठ लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन ( उरई )।** गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र में छिरियासलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के कट पर गाड़ी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के अरूण कुमार, अखिल कुमार निवासीगण नगलागौर थाना बड़पुरा इटावा, अजीत सिंह निवासी बनिका थाना चौबिया इटावा, दीपचंद्र निवासी हैवरा थाना सैफई इटावा एवं दूसरे पक्ष के पुष्पेंद्र कुमार निवासी बंजरहार थाना सैफई इटावा, अमित कुमार निवासी फ्रेंडस कॉलोनी इटवा, आशुतोष निवासी धनौरा थाना कोंच, हरविलास निवासी अलाईनगर थाना ऐरवा औरैया के बीच गाली, गलौज व हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को पकड़कर कोतवाली ले आई।

# चालकों का नेत्र परीक्षण कराकर नियमों के प्रति किया जागरूक



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की मौजूदगी में यातायात जागरूकता कार्यशाला एवं नि:शुल्क नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शनिवार को बेडीपुलिया में यातायात शिविर में जिला अस्पताल के डॉ रमेश कुमार भारती नेत्र सर्जन एवं उनकी टीम ने वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। वाहन चालकों की आंखों की जांचकर स्वास्थ्य संबंधी उचित सलाह दी गई। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने शिविर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराते रहें, ताकि किसी प्रकार की कमी आने पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने शराब का सेवन कर वाहन न चलाने की सलाह दी। कहा क शराब पीकर वाहन चलाने से हादसे के आसार ज्यादा रहते हैं। तेज गति से वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट अवश्य लगायें। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। इस मौके पर यातायात पुलिस टीम मौजूद रही।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**फतेहपुर।** जनपद स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए विज्ञान संबंधी अपने-अपने प्रोजेक्ट व मॉडल को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। निर्णायक मंडल द्वारा बाल वैज्ञानिकों की असाइनमेंट का अवलोक कर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं की घोषणा की। इसके अलावा प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय 30 वीं बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 व 10 एवं कक्षा 11 व 12 के छात्र छात्राओं ने विज्ञान संबंधी अपने-अपने विषयों के असाइनमेंट बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर ली शपथ

**बरेली ।** शाहमतगज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर संविधान दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी हुई । उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ए आई सी सी सदस्य, पी सी सी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायतों के अध्यक्ष उपस्थित रहे । मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की, संचालन जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया । आज सबसे पहले संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान को तैयार करने वाले आदरणीय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनको शत-शत नमन किया और उसके जीवन पर प्रकाश डाला।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे संविधान में खास बात यह है कि इसमें अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है नागरिकों के जीवन में इन्हीं दोनों का तालमेल देश को आगे ले जाएगा । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारत के संविधान की यह खूबसूरती है की इसमें सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है और सभी लोगों में आपस में इतना प्यार है कि वह एक दूसरे की मदद करने को हर समय तैयार रहते हैं।उपस्थित पदाधिकारियों और नगर निकाय चुनाव प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा की आज जनता यह चाह रही है कि बदलाव हो और वह इसके लिए तैयार बैठी है जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा चल रही है लाखों की संख्या में जनसमूह जुड़ रहा है उससे पूरे देश में एक माहौल तैयार हो रहा है उपस्थित कांग्रेस जनों में जिला उपाध्यक्ष ईलयास अंसारी, प्रो0 यशपाल सिंह, पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, डॉ खालिद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ मेहंदी हसन,, अलाउद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

**श्री शिरडी साई सेबा ट्रस्ट ने निर्धन कन्या का करबाया विवाह :**बरेली ।श्री शिरडी साई सेबा ट्रस्ट रजिस्टर्ड बिगत 12 वर्षो से प्रतिवर्ष गरीब परिवार की कन्याओ का विवाह करबाता आ रहा है ।ट्रस्ट के सरबराकार पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि ट्रस्ट अबतक लगभग नौ सौ कन्याओ के विवाह करबा चुका है जिसमे दो बार उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्रीरामनाईक जी मुख्य अतिथि रहे थे । आज दिनांक 25 नवंबर शुक्रवार को उपासना पुत्री प्रकाश बाबू निबासी नबादा शेखान का विवाह आशीष मौर्य पुत्र रविन्द्र मौर्य के साथ श्री शिरडी साई सर्बदेब मंदिर श्यामगंज मे बैदिक हिन्दु रीति-रिवाज से सम्पन्न करबाया विवाह मे बर-वधू पक्ष को भोजन की ब्यबस्था के साथ जरूरत का समान उपहार स्वरूप उपलब्ध करबाया जिसमे बिशेष रुप इक्यावन बर्तन का डिनरसैट कुकर चांदी के पायल बिछिया आठ साडी एक घडी सूट के लडके के कपडे आदि सामान दिया गया इस अवसर पंडित सुशील पाठक के साथ अशोक कुमार सक्सेना पी एस तोमर बिकास मेहरा मनीष अग्रवाल का सहयोग रहा है तथा मौके पर उपस्थित होकर बरबधू को आशीर्वाद दिया।

**कौमी एकता सप्ताह संरक्षण दिवस के साथ संपन्न:**बरेली । ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन और हिंदुस्तान स्काउट गाइड की ओर से मनाएं जा रहे कौमी एकता सप्ताह संरक्षण दिवस पर हुए बालजत्ती कन्या इंटर कॉलेज पुराना शहर पर खेल कूद देशभक्ति गीत के साथ संपन्न हुआ ।इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी रंग कर्मी जे सी पालीवाल ने कहा की पर्यावरण संरक्षण मानव जाति के लिए अति आवश्यक है भारी संख्या में उपस्थित विद्यार्थी शिक्षक और अभिभावकों से अपील की पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वप्रथम शहर को स्वच्छ बनाए रखें गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कंटेनर में रखें अपने आसपास पानी को इकट्ठा ना होने दें अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उन्हें सिचित करते रहे ।इस अवसर प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना (स्काउट) सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलका मिश्रा ने कार्यक्रम की रुपरेखा एवं कार्यक्रम का संयोजन किया इस अवसर पर जिला कमिश्नर स्काउट सुबोध अग्रवाल ने और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद नबी ने कहा कि हमारी स्काउट गाइड शहर की वार्डों में जाएं और जनता को जागरुक करें कि प्रदूषण के कारण हवा पानी ध्वनि सभी प्रदूषित हो रहे हैं इसीलिए लुक्का नाटक के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए रैलियां और नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित कराएं।

# सख्ती से कराया जाये बाजार बंदी का पालन

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**व्यापार मंडल** के पदाधिकारियों ने नगर में साप्ताहिक बाजारबंदी के दिन सख्ती से बाजारबंदी कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। नगर में सोमवार को साप्ताहिक बाजारबंदी का दिन निर्धारित है। पूर्व में जहां बाजारबंदी के दिन चौकिंग होने से साप्ताहिक बाजारबंदी का सख्ती से पालन होता था। लेकिन अब चौकिंग न होने से बाजारबंदी के दिन धीरे धीरे कई दुकानदार अपनी दुकानें खोलने लगे हैं। ऐसे में जो दुकानदार नियमों का पालन करते हैं। उन्हें नुकसान होता है। ऐसे में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में रामजी अग्रवाल समेत अखिलेश लाक्षाकार, मुकेश श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा, गुंजन सेंगर, मोहम्मद इदरीश आदि ने जिलाधिकारी चांदनी सिंह से मांग करते हुए कहा कि साप्ताहिक बाजारबंदी के दिन सभी दुकानदारों के लिए नियम समान रूप से लागू होने चाहिए। जो दुकानदार नियम का पालन करते हुए दुकानें नहीं खोलते हैं उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि जो दुकानदार नियमों का पालन नहीं करते हैं वह दुकानें खोलकर मुनाफा कमाते हैं। पूर्व में श्रम अधिकारी के भ्रमण के चलते बाजारबंदी के दिन बाजार पूर्ण रूप से बंद रहता था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब श्रम अधिकारी का भ्रमण नहीं होता है जिसका लाभ नियमों का पालन न करने वाले दुकानदार उठा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बाजारबंदी के नियम का नगर में सख्ती से पालन कराया जाए।

# सीओ ने लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

### कालपी में 38,कदौरा में 31,आटा में 27,चर्खी में 4 मुकदमों की विवेचनाएं लंबित

**कालपी** (जालौन)। कालपी सर्किल में कुल लंबित 100 विवेचनाओ में गतिशीलता लाने के निर्देश देते हुए कालपी क्षेत्राधिकारी रामसिंह ने समीक्षा बैठक की। श्री सिंह ने जहां लंबित विवेचनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की वहीं शीघ्र से शीघ्र विवेचना कर अवगत कराने के निर्देश भी अधीनस्थों को दिए मालूम हो कि जहां आटा में 27 कालपी में 38 कदौरा में 31 और चुर्खी में 4 मुकदमों की विवेचना है अधर में लटकी हुई है उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन विवेचना को पूरा किया जाए मगर विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने इसी के साथ चुनाव को लेकर भी अधीनस्थों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के गुर सिखाए उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अवांछित तत्वों पर निगाह रखी जाए और जरा सी भी संदेहास्पद स्थिति बयां करने वाले लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही की जाए उन्होंने कहा कि शराब जुआ इत्यादि पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मंशा से पुलिस सदैव तत्परता से जुटी जिसके परिणाम स्वरूप सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं परंतु आगे भी हमें और भी सक्रियता से कार्य करते रहने की जरूरत है।

**देवनगर चौराहे से बालाजी मंदिर तक डबल लेन सड़क की उठायी मांग:** जालौन (उरई)। देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड पर बालाजी मंदिर सड़क डबल लेन कराने की मांग समाजसेवी ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर की है। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर बताया नगर में चुर्खीरोड पर रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत इस रोड पर बसों का आवागमन बढ़ने के साथ ही यात्रियों की भी आवाजाही भी बढ़ जाएगी। वर्तमान में चुर्खी रोड सिंगल रोड बना हुआ है। जब यातायात बढ़ेगा तो जाम आदि की समस्या शुरू हो जाएगी। जिसमें विवाद की स्थिति बनेगी। अभी भी इस रोड पर यातायात काफी है। सिंगल रोड होने की वजह से वाहनों को साइड देने एवं ओवरटेक करने में दिक्कत होती है। यदि उक्त रोड को डबल कर दिया जाता है तो समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अभी ही इस रोड को डबल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। ताकि रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण तक यह रोड बनकर तैयार हो जाए और इस रोड से होकर वाहनों के आवागमन में दिक्कत न हो।

**संविधान दिवस पर एसडीएम ने सरकारी कर्मियों को दिलायी संविधान की शपथ:** जालौन (उरई)। संविधान दिवस तहसील सभागार में एसडीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौलिक कर्तव्यों की पालना की शपथ ली व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया। संविधान दिवस पर तहसील सभागार में एसडीएम सना अख्तर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई व सभी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पठन किया। बताया कि हर वर्ष 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को ही देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। हालांकि इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

**ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न :**खागा (फतेहपुर)। दिव्यांग बच्चों हेतु ब्लाक स्तरीय खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर ऐलई, विकास खण्ड ऐराया में खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के नेतृत्व में सम्पन्न कराई गयी। ग्राम प्रधान विजय करन द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके खेल का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में विकास खण्ड के दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कियाद्य कार्यक्रम में 50 मी. दौड, 100 मी.दौड कुर्सी दौड, बालक वर्ग, बालिका वर्ग, रंग भरो प्रतियोगिता, टोकरी में गेंद डालना, छूकर पहचानना, गुब्बारा फूलाना, सुलेख प्रतियोगिता, खो-खो आदि कार्यक्रम कराये गये।

# धान क्रय केन्द्र का एसडीएम ने किया गहन निरीक्षण

**खागा** (फतेहपुर)। धान क्रय केन्द्रो मे हो रही धीमी गति से धान खरीद की हकीकत जानने के लिए एस डी एम ने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारी को अधिक से अधिक किसानों का धान खरीद किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम मनीष कुमार ने हथगाम और क्रय केन्द्र खागा प्रथम, और द्वितीय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि क्रय केन्द्र खागा प्रथम मे कुल 61 किसानों से 2257.20 कु. खरीद की गई है। वही खागा क्रय केंद्र द्वितीय मे 57 किसानों से 2253.60 कु. धान की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि खागा मंडी तृतीय मे तीन किसानों का 105.60 कु. खरीद किया गया। वही हथगाम मे आठ किसानों से 385.20 कुंतल खरीद की गई। एस डी एम तीनो क्रय केन्द्र के प्रभारी को कहा कि अधिक से अधिक धान खरीद की जाए।

# ड्यूक के गोल से आस्ट्रेलिया की उम्मीद बढ़ी

● ट्यूनीशिया को 1-0 से पराजित किया

भाषा। अल वाकराह (कतर



**मिशेल ड्यूक** के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां ट्यूनीशिया को 1–0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी उम्मीद जीवंत रखी। ऑस्ट्रेलिया को नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन ड्यूक के 23वें मिनट में किए गए गोल से वह पूरे तीन अंक हासिल करने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया की 2010 में सर्बिया के खिलाफ जीत के बाद विश्वकप में यह पहली जीत है। इस परिणाम का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अभी अंतिम 16 में जगह बना सकता है। वह अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन फ्रांस से 4–1 से हार गया था। ग्रुप डी में अब फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया दोनों के तीन-तीन अंक हैं। डेनमार्क और ट्यूनीशिया के एक एक अंक हैं। फ्रांस को अभी डेनमार्क का सामना करना है। इस ग्रुप के अंतिम चरण के मैच बुधवार को खेले जाएंगे जिसमें ट्यूनीशिया का सामना फ्रांस से और ऑस्ट्रेलिया का डेनमार्क से होगा। इस मैच में दोनों टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ड्यूक ने ऐसे में अपनी चपलता दिखाकर गोल दागा। उन्होंने पहले मैदान के बीच में गेंद को संभाला और फिर उसे क्रेग गुडविन के पास दिया। इसके बाद ड्यूक ने तेज दौड़ लगाई और गुडविन के क्रॉस पर दर्शनीय गोल किया। ड्यूक ने गोल करने के बाद अपने हाथ से हवा में जे बनाया जो उनके पुत्र जैकसन के लिए था। जैकसन स्टेडियम में मौजूद थे। इस गोल से लाल रंग के वस्त्र पहनकर स्टेडियम में पहुंचे ट्यूनीशिया के समर्थक सन्न रह गए जबकि पीले वस्त्रों से सज्जित ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक बल्लियों उछलने लगे। ट्यूनीशिया ने पिछले मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले डेनमार्क को गोल रहित ड्रा पर रोककर प्रभावित किया था लेकिन वह आस्ट्रेलिया को कुछ अवसरों पर पर ही चुनौती दे पाया। ऑस्ट्रेलिया ने भी एक गोल की बढ़त के बाद गोल बचाने पर अपनी ताकत लगा दी। ट्यूनीशिया अपने छठे विश्वकप में खेल रहा है लेकिन वह कभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। वह अब भी नॉकआउट में जगह बना सकता है लेकिन इसके लिए उसे फ्रांस की मजबूत टीम को हराना होगा।

## अमेरिका ने फिर इंग्लैंड को हताश किया

● गोलरहित ड्रा पर रोका



**अल खोर (कतर)।** अमेरिका ने फीफा विश्व कप में शनिवार को 0-0 से ड्रा खेलकर फिर इंग्लैंड को जीत दर्ज करने से महरूम कर दिया। कतर में शुरुआती मैच में ईरान पर 6-2 की बड़ी जीत से प्रबल दावेदार करने के सही साबित करने वाली इंग्लैंड को अब भी अमेरिका के खिलाफ पहली जीत का इंतजार है। इंग्लैंड के समर्थक इस ड्रा से काफी निराश थे और मैदान में हूटिंग कर रहे थे। तीन बार बार दोनों टीमें फुटबॉल के इस बड़े मंच पर एक दूसरे के सामने हुई है और हर बार अमेरिकी टीम इंग्लैंड के फुटबॉल प्रेमियों को निराश करती रही है। इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने अपने खिलाड़ियों को अमेरिका के इस रिकॉर्ड की याद दिलाई थी जिसमें 1950 में प्रतिद्वंद्वी टीम ने l-0 से जीत हासिल की थी और 2010 मे l-l से ड्रा खेला था। पर खिलाड़ी ग्रेग बेरहाल्टर की युवा और ऊर्जा से भरी टीम के खिलाफ जोशिला प्रदर्शन नही कर सके। इंग्लैंड के कप्तान और 2018 विश्व कप के गोल्डन बूट विजेता हैरी केन का मैच मे प्रदर्शन फीका रहा और वह स्टॉपेज-टाइम मे हेडर से गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन असफल रहे। वह अब तक इस टूर्नामेंट मे एक भी गोल नही कर सके है। यह निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही था। हमने दो या तीन मौके मिले थे लेकिन हम गोल नही कर सके। ग्रुप बी मे इंग्लैंड चार अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि अमेरिका दो अंक से तीसरे स्थान पर है।

अमेरिका ने वेल्स के खिलाफ अपने पहले मैच के शानदार प्रदर्शन को जारी रखा। इंग्लैंड की टीम खुद को भाग्यशाली समझ सकती है कि पहले हाफ मे क्रिश्चियन पुलिसिच का बाएं पैर से लगा शॉट लगाकर क्रासबार हिट करके निकल गया और वेस्टन मैकिनी का शॉट भी बेकार हो गया। अल बायत स्टेडियम मे काफी संख्या में इंग्लैंड के प्रशंसक मौजूद थे जिन्हे जीत से अपनी टीम के एक मैच रहते नॉकआउट चरण मे पहुंचने की उम्मीद थी। साउथगेट ने कहा, मै अपने प्रशंसको के चेहरे पर मुस्कान चाहता हूं लेकिन हम यह हासिल करने में असफल रहे। अब अमेरिकी टीम मंगलवार को ईरान के सामने होगी और कोच बरहाल्टर की निगाहें राउंड 16 मे जगह बनाने पर लगी हुई है। ग्रुप बी के एक अन्य मैच मे ईरान ने वेल्स को 2-0 से हराकर तीन अंक हासिल किए जिससे वह अमेरिका से एक अंक ऊपर है।

## लेवांडोवस्की के गोल से पोलैंड ने सउदी अरब को 2-0 से हराया

**अल रेयान।** आखिरकार रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने विश्व कप में गोल अपने नाम किया जिसकी मदद से पोलैंड ने सउदी अरब को 2– 0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश की उम्मीदें प्रबल कर ली। लेवांडोवस्की ने 82वें मिनट में गोल किया जिसके बाद उनकी आंखें भर आई। वह बांहे खोलकर किनारे पर गए और बैठ गए। उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने उठकर अपना चेहरा पोछा और दर्शकों की ओर चुंबन दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड में से एक लेवांडोवस्की ने 40वें मिनट में पहले गोल में भी सूत्रधार की भूमिका निभाई थी जिसे अंतिम टच पियोत्र जीलिंस्की ने दिया। सउदी अरब को पहले हाफ के आखिर में बराबरी का मौका मिला लेकिन पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएज एस ने सलीम अल डासारी की पेनल्टी किक पर गोल नहीं होने दिया। उन्होंने रिबाउंड पर मोहम्मद अल बुराइक का शॉट भी रोका। पोलैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा जबकि सउदी अरब की टक्कर ग्रुप सी के आखिरी मैच में मेक्सिको से होगी।



### दोहा में लगी आग से आसमान में छाया धुंआ

**दोहा (कतर)।** कतर के अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को नवनिर्मित शहर की एक निर्माणाधीन इमारत में आग लग गई जहां शाम को विश्व कप का मैच खेला जाना है लेकिन इसमें कोई हताहत नही हुआ है। कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि आग स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद उस जगह लगी जो लुसैल शहर का हिस्सा है। लुसैल विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी कर रहा है जिसमें अर्जेंटीना और मेक्सिको के बीच शनिवार को होने वाला मुकाबला भी शामिल है। आग लुसैल स्टेडियम से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर लगी थी। इससे आसमान में काला धुंआ छा गया। यह धुंआ मध्य दोहा स्थित बाजार से भी साफ दिख रहा था।

## ब्रुइन और बेल्जियम को मिलेगा विश्व कप में प्रभाव छोड़ने का दूसरा मौका



**दोहा।** बेल्जियम के स्टार मिडफील्डर केविन डी ब्रुइन जानते हैं कि उन्होंने और उनकी टीम ने पिछले मैच मे अच्छा प्रदर्शन नही किया था जिसकी भरपाई वह विश्वकप में मोरक्को के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे मैच में पूरी करना चाहेगे। डी ब्रुइन को पिछले मैच मे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था लेकिन उन्होंने तब कहा था, मै नही जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यो दी गई है। हो सकता है कि मेरी ख्याति के कारण ऐसा किया गया हो। बेल्जियम ने अपने पहले मैच मे कनाडा को l-0 से हराया लेकिन उसकी टीम किसी भी समय प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। अब बेल्जियम को मोरक्को के खिलाफ रविवार को यह साबित करना होगा कि आखिर वह विश्व मे ब्राजील के बाद दूसरे नंबर की टीम क्यो है। बेल्जियम को उसके स्टार खिलाड़ियों के कारण खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। उसकी टीम मे कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो 30 वर्ष से अधिक के है और उनका यह आखिरी विश्वकप हो सकता है। इनमें डी ब्रुइन, एडेन हैजार्ड, एक्सल विटसेल, जान वर्टोंघेन, टोबी एल्डरविएरल्ड और गोलकीपर थिबाउट कर्टोइस शामिल हैं। ए सभी खिलाड़ी अब आगामी मैचों में कोई कसर नही छोड़ना चाहेगे। कनाडा के खिलाफ प्रदर्शन को कोच रहते हुए टीम का सबसे खराब मैच करार देने वाले बेल्जियम के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज मोरक्को के खिलाफ कुछ नए चेहरो को मैदान मे उतार सकते है।

## जापान की निगाहें कोस्टा रिका पर जीत से नॉकआउट में पहुंचने पर

**दोहा (कतर)।** फीफा विश्व कप के शुरूआती मुकाबले में चार बार की चैम्पियन जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद जापान की निगाहे ग्रुप ई मे कोस्टा रिका के खिलाफ जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण मे जगह बनाने पर लगी होगी। जापान की इस जीत की तुलना इंग्लैड मे 2015 रग्बी विश्व कप में जापान की दक्षिण अफ्रीका पर 34-32 की उलटफेर भरी जीत से की जा रही है। जर्मनी जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ अंडरडॉग (छुपा रूस्तम) के तौर पर उतरा जापान कोस्टा रिका के खिलाफ प्रबल दावेदार होगा और इसमें जीत उसे एक मैच रहते नॉकआउट चरण मे पहुंचा देगी। कोस्टा रिका को शुरूआती मैच में स्पेन से 0-7 से हार मिली थी जिससे रविवार को जापान से हार उसे टूर्नामेट से बाहर कर देगी। कोस्टा रिका को अपने अंतिम मैच मे जर्मनी से भिड़ना है और जापान का सामना स्पेन से होगा। पांच लाख के करीब लोगो की आबादी वाला कोस्टा रिका अपने छठे विश्व कप में खेल रहा है। मध्य अमेरिका का यह छोटा सा देश ब्राजील में 2014 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचा था। वही जापान की टीम कभी भी विश्व कप के क्वार्टरफाइनल मे नही पहुंची है जिससे इस बार वह ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। टीम लगातार सातवी बार विश्व कप मे खेल रही है और वह तीन बार राउंड 16 तक पहुंची है जिसमें 2018 मे रूस का विश्व कप भी शामिल है। जापान के कोच हाजिमे मोरियासू इस बार टीम को क्वार्टरफाइनल तक पहुंचाने के बारे मे बात कर रहे है। स्थानापन्न रित्सु दोआन और ताकुमा असानो ने जर्मनी के खिलाफ अंत मे गोल दागे थे, ए दोनो जर्मनी की बुंदेसलीगा मे खेलते है। स्पेन के खिलाफ मिली हार के बाद कोस्टा रिका के कोच लुई फर्नांडो सुआरेज ने कहा, हम तीन या चार पास पूरे नही कर सके। इससे कोस्टा रिका के सामने जापान के खिलाफ गेद को कब्जे मे रखने की कड़ी चुनौती होगी।

## स्पेन के खिलाफ उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा जर्मनी

**दोहा।** अप्रैल मे जब विश्वकप के ड्रा डाले गए थे तो सभी की निगाहे अल बायत स्टेडियम मे जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थी। इन दो पूर्व विश्व चैंपियन के बीच होने वाला यह मुकाबला आठ महीने बाद और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। इन दोनों को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन जर्मनी पहले मैच में जापान से हार के कारण बाहर होने के कगार पर खड़ा है। उसे अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए रविवार को स्पेन पर हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी। स्पेन से हारने पर जर्मनी को लगातार दूसरे विश्वकप मे पहले दौर मे ही बोरिया बिस्तर समेटना पड़ सकता है। जर्मनी की हार तथा जापान और कोस्टारिका के बीच मैच कम से कम डॉ होने पर चार बार का चैंपियन बाहर हो जाएगा। दूसरी तरफ स्पेन नॉकआउट मे अपनी जगह सुरक्षित करना चाहेगा। उसने अपने पहले मैच मे कोस्टारिका को 7-0 से हराया था। जर्मनी के लिए संकेत उत्साहजनक नही है। उसने स्पेन के खिलाफ जो आखिरी मैच दो साल पहले नेशंस लीग मे खेला था उसमे उसे 6-0 से हार का सामना करना पड़ा था। जर्मनी ने अपना चौथा विश्वकप खिताब 2014 मे ब्राजील मे जीता था लेकिन 2018 मे वह ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। अगर इस बार भी चार साल पहले की कहानी दोहराई जाती है तो यह पहला अवसर होगा जबकि जर्मनी लगातार दो विश्व कप मे नॉकआउट मे जगह नही बनाएगा। स्पेन ने 2010 में दक्षिण अफ्रीका मे खेले गए विश्वकप मे अपना आखिरी खिताब जीता था जबकि 2018 मे वह अंतिम 16 से आगे नही बढ़ पाया था।

## मेस्सी को खेलते देखने के लिए केरल से एसयूवी में कतर पहुंची पांच बच्चों की मां



**दुबई।** फीफा विश्व कप का खुमार सिर्फ मेजबान कतर तक ही सीमित नही है बल्कि भारत में भी यह सिर चढ़कर बोल रहा है। स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी की मुरीद केरल की एक महिला इस स्टार और अपनी पंसदीदा टीम अर्जेंटीना को खेलते देखने के लिए अकेले अपनी कस्टमाइज्ड एसयूवी से कतर पहुंच गई। खलीज टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार पांच बच्चों की मां नाजी नौशी ने केरल से 15 अक्टूबर को खाड़ी देशो की यात्रा शुरू की और संयुक्त अरब अमीरात पहुंची। तैतीस साल की नौशी अपने हीरो मेस्सी और अर्जेंटीना को विश्व कप मे खेलते हुए देखना चाहती थी। हालांकि वह सऊदी अरब से अर्जेंटीना को मिली हार से टूट गई लेकिन अब भी अगले मैच मे अपनी पसंदीदा टीम की जीत की उम्मीद लगाए है। अखबार ने उनके हवाले से कहा, मै अपने हीरो लियोनल मेस्सी को खेलते हुए देखना चाहती हूं।

### विश्व टीम शतरंज : भारत कांस्य पदक के प्लेऑफ में स्पेन से हारा

**यरुशलम।** भारत को शनिवार को यहां फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप में दो दौर के कांस्य पदक प्लेऑफ के टाई रहने के बाद स्पेन से टाईब्रेक में l-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनो दौर मे टीमो ने 2-2 से ड्रा खेला। लेकिन जेमी सांतोस लातासा और डेविड एंटन गुईजारो ने क्रमशः विदित संतोष गुजराती और निहाल सरीन को ब्लिट्ज टाई ब्रेक मे हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई। अन्य बाजियों में एस एल नारायणन ने एलेक्सेई शिरोव से ड्रा खेला और अभिजीत गुप्ता ने मिगुएल सांतोज रुईज से अंक बांटे। इससे स्पेन ने शनिवार को 3-l के अंतर से जीत दर्ज की।

### डेविस कप : क्रोएशिया को 2–1 से हराकर आस्ट्रेलिया फाइनल में

**मलागा (स्पेन)।** आस्ट्रेलिया ने क्रोएशिया को 2-l से हराकर 19 साल मे पहली बार डेविस कप फाइनल मे प्रवेश किया। आस्ट्रेलिया ने अपना 28वां और अंतिम खिताब 2003 मे जीता था। लेटन हेविट की टीम शुक्रवार को पहला एकल गंवाने के बाद वापसी करने मे सफल रही। फिर आस्ट्रेलिया की युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबले मे एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए 1999 से 2018 तक रिकॉर्ड 43 डेविस कप मुकाबले खेल चुके हेविट ने कहा, मुझे बहुत गर्व है। आस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता मे वास्तव मे शानदार इतिहास है। बार्ना कोरिच ने थानासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-3 को हराकर क्रोएशिया को आगे कर दिया था। लेकिन एलेक्स डि मिनॉर ने मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। जिससे युगल मुकाबला निर्णायक हो गया।

### पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी सरकार : खेल सचिव

**नई दिल्ली।** खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने शनिवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों को अनजाने मे प्रतिबंधित पदार्थ लेने से रोकने के लिए सरकार पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी। डोप परीक्षण मे असफल रहने वाले कई खिलाड़ी दावा करते रहे है कि उन्होंने पूरक आहार के तौर पर अनजाने मे प्रतिबंधित पदार्थो का सेवन किया। चतुर्वेदी ने यहां फिक्की के एक कार्यक्रम मे कहा, हमने हाल मे राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, अहमदाबाद और भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के साथ एक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए समझौता किया है जिससे पूरक आहार के परीक्षण मे मदद मिलेगी। हम अब पूरी तरह से संशोधित राष्ट्रीय डोपिंग रोधी कार्यक्रम की ओर बढ़ रहे है।

## बल्लेबाजों को बदलना होगा पावरप्ले में खेलने का रवैया

● श्रृंखला बचाने के लिए भारतीय टीम करनी होगी मेहनत, न्यूजीलैंड से दूसरा वनडे आज

भाषा। हैमिल्टन



**भारतीय टीम** जब रविवार को यहां करो या मरो के दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो उम्मीद करेगी कि कप्तान शिखर धवन और युवा शुभमन गिल पावरप्ले ओवरों में बेहतर रवैया अपनाएं। सेडोन पार्क तीनों ओर से खुला मैदान है लेकिन न्यूजीलैंड में बल्लेबाजों के लिए सबसे मददगार मैदानों में से एक के रूप में मशहूर है जिसमें बल्लेबाजों को अपने शॉट के लिए उचित रन मिलेंगे। पहले वनडे में धवन (77 गेंद में 72 रन) और गिल (65 गेंद में 50 रन) ने पहले विकेट के लिए 123 रन की भागीदारी निभाई थी लेकिन ईडन पार्क जैसे छोटे मैदान पर सात विकेट पर 306 रन का स्कोर कम से कम 40 रन से कम रहा। गेंदबाजों ने महज 47 ओवर में ए रन गंवा दिए जिससे जिम्मेदारी मुख्य बल्लेबाजों पर ही आ जाती है क्योंकि अगर वाशिंगटन सुंदर ने शानदार योगदान नहीं दिया होता तो भारत 300 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाता। यह काफी हद तक पहले 10 पावरप्ले ओवरों में भारतीय सलामी बल्लेबाजों के सतर्कता भरे दृष्टिकोण की बदौलत ही हुआ जिसमें जरूरत के मुताबिक रन नहीं बने। मोईन अली ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि जो टीमें पहले सफेद गेंद के क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के तरीके को अपनाती थीं अब वे इंग्लैंड की ओर देखने लगी हैं जिसने हाल के दिनों में इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम इसी में पिछड़ रही है और ऑकलैंड में टीम पहले पावरप्ले ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी। एक और आंकड़े से भारतीय शीर्ष क्रम बल्लेबाजों के सीमित ओवर के प्रारूप में रवैए का पता चलता है (इसमें सिर्फ रोहित शर्मा, केएल राहुल या विराट कोहली ही शामिल नहीं हैं)। धवन ने 77 गेंद में 72 रन बनाए जिसमें 13 चौके जड़े थे। जिससे उन्होंने 13 गेंदों में चौकों से 52 रन जोड़े। जबकि बचे हुए 20 रन के लिए उन्होंने 64 गेंद खेली और इसमें से 44 डॉट गेंद रहीं क्योंकि वह पावरप्ले में रन नहीं बना पा रहे थे। जहां कप्तान एक ओर जूझ रहा था, वहीं गिल ने एक और अर्धशतक जड़कर अपने कुल औसत को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया लेकिन उनकी पारी की रफ्तार भी बहस का विषय है। उन्होंने 65 गेंद में 50 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और एक चौका जड़ा था। मतलब चार गेंद में 22 रन बने। उन्होंने बाकी के 28 रन 61 गेंद खेलकर बनाए। पारी की नींव तैयार करने और तेजी से रन जुटाने का काम अंत की ओर छोड़ने के इसी रवैए से भारत ने टी20 विश्व कप गंवा दिया लेकिन हैरानी की बात है कि इस श्रृंखला के लिए वनडे में खिलाड़ियों के बदलने के बावजूद बल्लेबाजी दृष्टिकोण वही पुराना वाला बना हुआ है।

### विश्वनाथ, वंशज और देविका को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** विश्वनाथ सुरेश, वंशज और देविका घोरपड़े ने स्पेन के ला नुसिया में चल रही आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। चेन्नई में जन्में विश्वनाथ ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने पुरुषों के 48 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में फिलीपींस के रोनेल सुयोम को हराकर सोने का तमगा हासिल किया। इसके बाद रिंग पर उतरी भावना शर्मा को महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग में उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से 0–5 से हार के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। आशीष (54 किग्रा) रजत पदक हासिल करने वाले अन्य भारतीय थे। वह जापानी मुक्केबाज युता साकाई से l–4 से हार गए।

## यूपी क्वार्टर फाइनल में, मावी का कहर



● विजय हजारे ट्राफी : मुंबई को आठ विकेट से हराया

भाषा। अहमदाबाद

**मुंबई की** अनुभवहीन टीम को आठ विकेट से हराकर उत्तर प्रदेश ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शिवम मावी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके बल्लेबाजों की मददगार पिच पर मुंबई को 220 रन पर आउट कर दिया। मावी ने 41 रन देकर चार विकेट लिए जबकि कार्तिक त्यागी और शिवा सिंह को दो दो विकेट मिले। जवाब में उत्तर प्रदेश के विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल ने 103 गेंद में 82 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक ने 75 गेंद में 46 रन का योगदान दिया। कप्तान करण शर्मा ने 38 गेंद में नाबाद 42 रन बनाए। उत्तर प्रदेश ने 26 गेंद बाकी रहते मैच जीत लिया। अब उसका सामना अंतिम आठ में महाराष्ट्र से होगा। मुंबई की टीम यशस्वी जायसवाल और सरफराज अहमद के बिना उतरी थी जो बांग्लादेश दौरे पर भारत ए टीम के साथ है। पृथ्वी साव (10) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (26) भी कुछ खास नहीं कर सके। शम्स मुलानी (70 गेंद में 51 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोर (67 गेंद में 53 रन) ने छठे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। तामोर के आउट होने के बाद मुंबई ने आखिरी पांच विकेट 23 रन के भीतर गंवा दिए।

### झारखंड पर आसान जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंचा कर्नाटक

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद निकिन जोस की अर्धशतकीय पारी की मदद से कर्नाटक ने शनिवार को यहां कम स्कोर वाले मैच में झारखंड को पांच विकेट से शिकस्त देकर विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। तेज गेंदबाज रोनित मोरे, विद्वत कावेरप्पा और एम वेंकटेश के तीन-तीन विकेट लिए जिससे झारखंड की टीम 47.1 ओवर मे 187 रन पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कर्नाटक की शुरुआत बहुत अच्छी नही रही, लेकिन जोस के नाबाद 63 रन और रवि कुमार समर्थ के 53 रन की मदद से वह 40.5 ओवर मे पांच विकेट पर 188 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रहा।

### केरल को हराकर जम्मू कश्मीर अंतिम-8 में

**अहमदाबाद।** जम्मू कश्मीर ने शनिवार को यहां केरल पर सात विकेट की जीत से विजय हजारे ट्रॉफी मे अपना स्वप्निल सफर क्वार्टरफाइनल तक बढ़ा दिया। फॉर्म मे चल रहे औकिब नबी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ (39 रन देकर चार विकेट) प्रदर्शन किया जिससे जम्मू कश्मीर ने केरल को 47.4 ओवर मे महज 174 रन पर समेट दिया। जवाब मे कश्मीर ने शुभमन l (76 रन) और कामरान (51 रन) के अर्धशतकों तथा 21.4 ओवर मे उनकी 113 रन की भागीदारी से 37.5 ओवर मे यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

### आईओए अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगी पी टी उषा

भाषा। नई दिल्ली

**उड़नपरी पी टी** उषा ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन भरने का ऐलान करके सभी को चौंका दिया। चुनाव दस दिसंबर को होंगे। एशियाई खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ में कई स्वर्ण पदक जीत चुकी और 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही 58 वर्ष की उषा ने ट्वीट करके यह घोषणा की। अपने साथी खिलाडियों और राष्ट्रीय महासंघों के समर्थन से मै आईओए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन स्वीकार करके और भरकर काफी गौरवान्वित हूं। नामांकन भरने की आखिरी तारीख रविवार है। आईओए चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा कि शुक्रवार को प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अभी तक कोई नामांकन नहीं भरे गए। उषा आईओए के एथलीट आयोग में चुने गए आठ दिग्गज खिलाड़ियों में से एक भी है। उषा को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार माना जा रहा है जिसने उन्हें जुलाई में राज्यसभा सदस्य नामित किया था। एशियाई खेल 1982 से 1994 के बीच में चार स्वर्ण समेत 11 पदक जीत चुकी उषा ने 1986 सियोल एशियाई खेलों में 200 मीटर, 400 , 400 बाधा दौड़ और चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत जीते थे।

## आकाशदीप की हैट्रिक बेकार

### आस्ट्रेलिया से पहले मैच में 4-5 से हारा भारत

भाषा। एडीलेड



**आकाशदीप** सिंह की हैट्रिक भी भारतीय पुरूष हॉकी टीम के काम नहीं आ सकी जिसे शनिवार को यहां अंतिम मिनट में दो गोल गंवाने के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के पहले बड़े स्कोर वाले टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया से 4–5 से हार का सामना करना पड़ा। आकाशदीप सिंह (10वें, 27वें और 59वें मिनट) ने तीन गोल दागे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। आस्ट्रेलिया के लिए लाचलान शार्प (पांचवें), नाथन इफरॉम्स (21वें), टॉम क्रेग (41वें) और ब्लेक गोवर्स (57वें और 60वें) ने गोल दागे। गोवर्स ने मैच के अंत में पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किए। भारतीय मुख्य कोच ग्राहम रीड मैच के अंतिम चरण में अपनी टीम के प्रदर्शन से निराश थे। मैच का अंत काफी निराशाजनक था जबकि इससे पहले यह शायद काफी अच्छा प्रदर्शन था। हमने कुछ चरण में विशेषकर दो क्वार्टर में निराशाजनक प्रदर्शन किया लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी वापसी की लेकिन दुर्भाग्य से हमने फिर अंत में बढ़त (आस्ट्रेलिया को) दे दी। हमें इसमें ही अब बेहतर होना होगा। अब चुनौती है कि मिलकर अच्छा प्रदर्शन करें। इस दौरे के उद्देश्यों में से एक है निरंतरता बनाना और कल हमारे लिए यही चुनौती होगी। श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की और पांचवें ही मिनट में बढ़त बना ली जब शार्प ने पहले ही प्रयास में भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दागा। भारतीय टीम ने भी तुरंत इसका जवाब दिया जिसमें अमित रोहिदास ने बाईं ओर से शानदार मूव बनाया लेकिन आस्ट्रेलियाई रक्षण द्वारा गेंद को सर्कल के अंदर ही रोक दिया गया। आकाशदीप ने फिर 11वें मिनट में भारत को बराबरी पर ला दिया जब हार्दिक सिंह ने उनके लिए शानदार मौका बनाया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद आस्ट्रेलिया ने फिर अपनी बढ़त कायम कर ली जिसमें भारतीयों के खराब रक्षण का हाथ रहा। भारतीय डिफेंडर एक क्रास को रोकने में असफल रहे और इफरॉम्स ने इसे चतुराई से डिफ्लेक्ट किया और गेंद नेट में पहुंच गई। आकाशदीप फिर भारत के बचाव में आए और उन्होंने 27वें मिनट में तेज रिवर्स हिट से स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम से तुरंत पहले आस्ट्रेलिया को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत के दूसरे गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक काफी सतर्क थे और उन्होंने खतरे को टाल दिया।